हिन्दी दैनिक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, शुक्रवार

24.01.2025

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 11, अंक : 349

www.rashtriyamukhyadhara.com

mukhyadhara.daily@gmail.com

+91 8873 319 159

RNI : JHAHIN/2014/54374

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलें और विकसित भारत के लिए हों एकजुटः पीएम

ओडिशा के कटक में आयोजित कार्यक्रम को किया ऑन लाइन संबोधित

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस पर लोगों से विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने की अपील की। ओडिशा के कटक में आयोजित कार्यक्रम को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित करते हुए उन्होंने नेताजी को याद किया और देश के लिए उनके योगदान को प्रेरणा का स्रोत बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि नेताजी ने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर आजादी के लिए संघर्ष किया। हमें भी विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना होगा। हमें उत्कृष्टता और दक्षता को अपनाते हुए खुद को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाना है। उन्होंने नेताजी द्वारा आजाद हिंद फौज के गठन का जिक्र करते हुए कहा कि फौज में हर वर्ग और क्षेत्र के लोग शामिल थे, जिनकी भाषाएं अलग थीं, लेकिन उद्देश्य एक था- देश की आजादी। उन्होंने इसे विकसित भारत के लिए एकता की सीख बताया।

विकास और एकता पर जोर

: प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को भारत की एकता को कमजोर करने वाली ताकतों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा, कि हमें नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेकर एकजुट रहना होगा और उनकी भावना को जीवंत रखना होगा। उन्होंने बताया कि बीते दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। गांवों और शहरों में आधुनिक अवसंरचना का तेजी से विकास हो रहा है। इसके साथ ही भारतीय सेना की ताकत और विश्व मंच पर भारत की भूमिका में भी बड़ा बदलाव आया है।

भारत की बढ़ती आर्थिक ताकतः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत विकास की तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जाएगा। उन्होंने कहा, कि नेताजी की प्रेरणा से हमें एक लक्ष्य-एक ध्येय के साथ विकसित भारत के लिए काम करना है। प्रधानमंत्री ने नेताजी के नाम पर अंडमान के द्वीपों का नामकरण, इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा की स्थापना और उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने जैसे फैसलों का उल्लेख किया। उन्होंने नेताजी की भारत की विरासत पर गर्व करने वाली सोच को हर भारतीय के लिए अनुकरणीय बताया। प्रधानमंत्री का यह संदेश देश को एकजुट होकर विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में प्रेरित करता है।

नेताजी की जयंती पर संसद के सेंट्रल हॉल में हुआ विशेष आयोजन

नई दिल्ली। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर संसद के सेंट्रल हॉल में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विशेष आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस आयोजन में पीएम मोदी समेत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। पुष्पांजलि के उपरांत पीएम

मोदी वहां मौजूद स्कूली बच्चों से मिले थे और बीच पहुंचे और उनसे चर्चा की। बच्चों ने नेताजी की तरह टोपी पहनी हुई थी, जबकि पीएम मोदी ने भी उनकी ही तरह ओवरकोट पहना हुआ था। इस अवसर पर पीएम मोदी ने मौजूद बच्चों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। इसी बीच पीएम मोदी ने बच्चों के साथ जय हिंद के नारे भी लगाए। इस आयोजन से पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट करते हुए कहा, भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान अद्वितीय है। साहस और धैर्य के वे प्रतीक थे। हमें उनका विजन प्रेरित करता रहता है क्योंकि हम उनके सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में कार्य करते हैं।

चीन और पाकिस्तान से मुकाबला करने की क्षमताएं विकसित कर रहा है भारत

रक्षा मंत्रालय ने रद्द किया एलएंडटी का टेंडर, अब जर्मनी की कंपनी बनाएगी छह पनडुब्बियां

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने छह पनडुब्बियों के लिए भारतीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर रद्द कर दिया है। स्पेनिश कंपनी नवांतिया के साथ साझेदारी में एलएंडटी का प्रस्ताव खारिज होने के बाद अब जर्मनी की कंपनी के सहयोग से मुंबई की मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत यह पनडुब्बियां बनाएगी। चीनी नौसेना के तेजी से आधुनिकीकरण की पृष्ठभूमि में भारत अपने समुद्री क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान से मुकाबला करने को वांछित क्षमताएं विकसित कर रहा है। इसीलिए सरकार ने परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह की कई पनडुब्बी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। दरअसल, भारतीय नौसेना प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत तीन सप्ताह तक पानी के नीचे रहने की क्षमता वाली छह उन्नत पनडुब्बियां खरीदना चाहती है। इसके लिए एलएंडटी और उसकी साझेदार कंपनी ने एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) की कार्यप्रणाली को भारतीय नौसेना की टीम के सामने प्रदर्शित किया था, लेकिन नौसेना ने निविदा दस्तावेज में अपनी आवश्यकताओं के लिए उच्च स्टेल्थ सुविधाओं वाली प्रणाली की मांग की

थी। भारतीय नौसेना एक समुद्र-सिद्ध एआईपी प्रणाली चाहती है, जो सुरक्षित और विश्वसनीय हो। पनडुब्बियों में उच्च स्टेल्थ सुविधाएं होनी चाहिए, जो उन्हें लंबे समय तक पानी के नीचे रहने की अनुमति दे सकें। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस सौदे के लिए जर्मनी की कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमएस) और स्पेनिश कंपनी नवांतिया प्रतिस्पर्धा में थीं। पनडुब्बी अनुबंध के लिए जर्मन कंपनी के साथ मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और स्पेनिश कंपनी के साथ लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) भारतीय साझेदार के रूप में थीं। जर्मनी की कंपनी टीकेएमएस नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों और सतह के जहाजों के लिए प्रौद्योगिकी और सेवाएं उपलब्ध कराती है। रक्षा मंत्रालय ने पाया है कि छह पनडुब्बियों का ऑर्डर हासिल करने के लिए लार्सन एंड टुब्रो का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर अनुपालन योग्य नहीं है तथा नवांतिया ने पी75आई के लिए समुद्र में प्रमाणित एआईपी का प्रदर्शन नहीं किया है। भारतीय कंपनी एलएंडटी का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर रद्द होने के बाद अब सरकारी स्वामित्व वाली मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड अपनी साझेदार जर्मन कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के साथ छह पनडुब्बियां बनाने की दौड़ में एकमात्र विक्रेता रह गई है। अब रक्षा मंत्रालय परियोजना में प्रक्रियाओं के अनुसार आगे बढ़कर सभी स्तरों पर प्रक्रिया की जांच कर रहा है। संबंधित अधिकारियों को शिपयार्ड के बीच परियोजना को समान रूप से विभाजित करने के सुझाव भी दिए गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

प्रधानमंत्री मोदी ने बाला साहेब ठाकरे को जयंती पर किया याद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाला साहेब ठाकरे को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, "उन्हें लोक कल्याण और महाराष्ट्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सम्मानित और याद किया जाता है। जब बात अपने मूल विश्वासों की आती थी तो वे समझौता नहीं करते थे और हमेशा भारतीय संस्कृति के गौरव को बढ़ाने में योगदान देते थे। उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी 1926 को जन्मे बाला साहेब शिवसेना के संस्थापक हैं। हिंदू हृदय सम्राट के रूप में विख्यात बाला साहेब ने अपने करियर की शुरुआत एक कार्टूनिस्ट के तौर पर की। 1960 से राजनीति में कदम रखा। सबसे पहले मार्मिक नाम से एक साप्ताहिक अखबार निकाला। इसके बाद 'मराठी माणुस' को हक की लड़ाई लड़ने के लिए उन्होंने शिवसेना का गठन किया। बाला साहेब ठाकरे ने खुद कभी चुनाव नहीं लड़ा लेकिन कई बार किंग मेकर बने।

अमित शाह ने साइबर धोखाधड़ी जागरुकता अभियान के समर्थन पर अमिताभ बच्चन का जताया आभार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए मोदी सरकार के साइबर धोखाधड़ी जागरुकता अभियान का समर्थन करने के लिए बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन का आभार व्यक्त किया है। साइबर धोखाधड़ी जागरुकता अभियान केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक शाखा भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की एक पहल है। इसका उद्देश्य नागरिकों को घोटालों के बारे में शिक्षित करना और उनका शिकार बनने से बचने के तरीके बताना है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अमिताभ बच्चन के एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, "निश्चिंत रहें, सुरक्षित रहें। हमेशा सुनिश्चित करें कि आप केवल आधिकारिक वेबसाइटों और अनुमोदित एजेंसियों के माध्यम से नौकरियों के लिए आवेदन करें और साइबर अपराधियों से अपने करियर को सुरक्षित रखें।" उन्होंने लिखा, "हमारे नागरिकों को साइबर अपराध से सुरक्षित रखने के मोदी सरकार के मिशन का समर्थन करने के लिए अमिताभ बच्चन का हार्दिक धन्यवाद। मैं सभी से साइबर दोस्त का अनुसरण करने और 1930 पर कॉल करके या http://cybercrime.gov.in पर जाकर किसी भी साइबर अपराध की रिपोर्ट करने की अपील करता हूं। उल्लेखनीय है कि अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पंचायत वेब सीरीज में विकास की भूमिका निभाने वाले अभिनेता चंदन रॉय के साथ एक वीडियो साझा किया है।

महाकुंभ में निमंत्रण की जरूरत नहीं, सभी को पवित्र होने वहां जाना चाहिए

शाह ने अहमदाबाद में हिन्दू आध्यात्मिक मेले का किया शुभारंभ

एजेंसी। अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अहमदाबाद के जीएमडीसी मैदान पर हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मेले के शुभारंभ करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने सभी से अपील है महाकुंभ में जाओ, युवाओं को ले जाओ। शाह ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में 9 कुंभ में गए हैं। अर्धकुंभ देखे हैं, लेकिन महाकुंभ में भी 27 जनवरी को जाने वाला हूं। आप सभी को भी पवित्र होने के लिए जाना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत का गौरव बढ़ा है। केंद्र सरकार ने भारत के धर्म स्थानों और भारत की दैवीय मूर्तियां जो चोरी हुई थीं। दुनियाभर में थीं वह वापस लाई गई हैं। उन्होंने कहा कि आज की सरकार ने कभी पीछे मूड़ कर नहीं देखा। आगे के पांच सालों में ऐसा नहीं होगा। शाह ने कहा कि बीते 10 सालों में मोदी पीएम हैं। दस साल से बीजेपी की सरकार है लेकिन बीते दस सालों में अपनी विचारधारा और आइडियोलॉजी के काम पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि 550 साल से रामलाला टेंट से बाहर आए मंदिर बना, 370 हटी, सात दशक तक जिन कार्य को हाथ लगाने की हिम्मत नहीं की वह कार्य आज पूरे हुए हैं। शाह ने कहा कि यहां मेले का उद्घाटन हुआ तो प्रयाग में कुंभ मेला चल रहा है। अनेक देशों के लोगों ने मुझसे कहा कि हमें आमंत्रण पत्र चाहिए मैंने कहा कुंभ मेले में कोई निमंत्रण की जरूरत नहीं है। एक साथ वहां करोड़ों लोग पहुंचते हैं। कुंभ की व्यवस्था हजारों संत करते हैं। वे ठंड में जमीन पर सोते है और गंगा स्नान करते हैं। शाह ने कहा कि मुगल, कांग्रेस के दौर में भी कुंभ का आयोजन होता था और आज भी महाकुंभ का आयोजन हुआ है।

महाकुंभ में योगी कैबिनेट की ऐतिहासिक बैठक, महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 के मद्देनजर त्रिवेणी संकुल में मंत्रिपरिषद की विशेष बैठक बुधवार को आयोजित की। बैठक में प्रदेश के विकास और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर फैसला हुआ। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन फैसलों से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी।

बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलेः प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित हुई बैठक में योगी सरकार ने मिर्जापुर से प्रयागराज तक नया छह लेन विंध्य एक्सप्रेसवे बनने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से बारा तक बढ़ाने का निर्णय। इतना ही नहीं तीन जिलों (हाथरस, कासगंज और बागपत) में नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना के प्रस्ताव को भी सहमति दी गई। इसके अलावा बलरामपुर में केजीएमयू के सेटेलाइट सेंटर को मेडिकल कॉलेज में बदलने का प्रस्ताव को भी योगी कैबिनेट ने आज मंजूरी दे दी। इस कैबिनेट की बैठक में योगी सरकार ने औद्योगिक विकास को लेकर भी कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यूपी एयरोस्पेस और रक्षा इकाई व रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी है। टाटा के सहयोग से 62 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन किया जाना है।

निर्मला सीतारमण के पिटारे से सैलरी टैक्सपेयर्स को मिल सकती है बड़ी राहत

25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार

एजेंसी। नई दिल्ली

मोदी सरकार 3.0 में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट में इनकम टैक्स स्लैब्स में बदलाव कर सकती हैं। इन बदलावों से सालाना 20 लाख रुपये तक कमाने वाले सैलरीड टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत दी जा सकती है। मोदी सरकार फिलहाल दो विकल्पों पर विचार कर रही है। पहला, 10 लाख रुपये तक की सालाना इनकम को पूरी तरह टैक्स-फ्री कर दिया जाए। दूसरा, 15 से 20 लाख रुपये की इनकम पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाना। फिलहाल 15 लाख रुपये से ऊपर की इनकम पर 30 प्रतिशत का टैक्स लगता है। सरकारी सूत्र के अनुसार, मोदी सरकार इन दोनों विकल्पों पर विचार कर रही है और अगर बजट अनुमति देता है, तब दोनों ही लागू किए जा सकते हैं। इसके लिए सरकार 50,000 से 1 लाख करोड़ रुपये तक के रेवेन्यू लॉस को तैयार है। यह टैक्स राहत शहरी खपत को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है, खासकर जब जीडीपी ग्रोथ धीमी हो रही है। वित्त साल की दूसरी तिमाही 25 में जीडीपी ग्रोथ 5.4 प्रतिशत रही, जो सात तिमाहियों में सबसे कम है। इसके बाद टैक्स रियायत से लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जिससे इकनॉमी को मजबूती मिलेगी। यह पहली बार नहीं है जब मोदी सरकार ने टैक्सपेयर्स को राहत देने की कोशिश की हो। 2023 में वित्त मंत्री ने सेक्शन 87ए के तहत रिबेट बढ़ाकर नए टैक्स रेजीम में 7 लाख रुपये तक की इनकम को टैक्स-फ्री किया था, बशर्ते टैक्सपेयर्स ने ज्यादातर डिडक्शन्स छोड़ दी हों। सूत्रों का कहना है कि आने वाले बजट में नई टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्स छूट की सीमा बढ़ सकती है, जिससे 10 लाख रुपये तक की आय को टैक्स-फ्री किया जा सकता है। फिलहाल, 75,000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ, 7.75 लाख रुपये तक की आय वालों को टैक्स नहीं देना पड़ता है। टैक्स जानकार का कहना है कि सरकार को 15 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक की आय वालों के लिए 25 प्रतिशत का टैक्स स्लैब लाना चाहिए। इससे लोगों के पास ज्यादा पैसा रहेगा, जिससे खपत बढ़ेगी। उन्होंने कहा, "ये वहीं लोग हैं जो फ्रिज, टीवी जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल प्रोडक्ट्स खरीदते हैं।

महाकुंभ मेले में केवल लड़कियों की खूबसूरती खोजना ठीक नहीं : धीरेंद्र शास्त्री

जोधपुर। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर भी बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने काफी कुछ कहा। उन्होंने कहा कि 144 साल बाद ये अद्भुत महाकुंभ आया है। हम भाग्यशाली है कि हमारी जिंदगी में इस महाकुंभ को देखने का मौका आया है। ये महाकुंभ सामाजिक एकता की भी निशानी है। बागेश्वर बाबा ने स्टीव जॉब्स की बीवी के कमला बन महाकुंभ आने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यही तो सनातन धर्म की महिमा है।हालांकि, महाकुंभ में जिस तरह से लड़कियों की रील वायरल हो रही है, उस बात से बागेश्वर बाबा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि मेले में कई अद्भुत बाबा आए हैं। उनकी जगह अगर लोगों का ध्यान सिर्फ लड़कियां खींच रही हैं, तो ये चिंता की बात है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास बर्दाश्त नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही वाशिंगटन डीसी में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया को लेकर बनाए गए चतुष्कोणीय क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की पहली महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें समूह ने एकजुटता के साथ चीन को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) में बलपूर्वक या जबरदस्ती यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का सख्त लहजे में विरोध करेंगे। यह जानकारी बुधवार को विदेश मंत्रालय द्वारा इस बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान से मिली है। बैठक में क्वाड विदेश मंत्रियों ने

एक खुले हुए, स्वतंत्र आईपीआर को मजबूती प्रदान की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ये एक ऐसा क्षेत्र है जहां कानून का शासन, लोकतांत्रिक मूल्य, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को समर्थन के साथ उसकी रक्षा की जाती है। साथ ही इस साल के अंत तक भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन के आयोजन की सभी ने पुष्टि की और कहा कि इसकी तैयारियों को लेकर हम सभी नियमित आधार पर एक साथ मुलाकात करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत का दौरा कर सकते हैं। मालूम हो कि विदेश मंत्री एस.जयशंकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में बीते सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को पीएम मोदी का लिखा हुआ एक विशेष पत्र भी सौंपा था।

चारों की विदेश नीति में क्वाड अहमः जयशंकर : विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में क्वाड की बैठक को सार्थक बताते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन के उद्घाटन के कुछ घंटों के भीतर हुई विदेश मंत्रियों की यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है।

आईएनएस सर्वेक्षक का मॉरीशस में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पूरा, राष्ट्रपति को सौंपा समुद्री चार्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

आईएनएस सर्वेक्षक ने मॉरीशस के हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के अंतिम चरण को पूरा कर लिया है। इसमें 25,000 वर्ग समुद्री मील से अधिक का व्यापक क्षेत्र शामिल है। सर्वेक्षण से संबंधित नए सिरे से तैयार समुद्री चार्ट और सर्वेक्षण उपकरण मॉरीशस के राष्ट्रपति को सौंप दिए गए हैं। नए समुद्री चार्ट के निर्माण से मॉरीशस को अपनी समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर, संसाधन प्रबंधन और तटीय विकास योजना विकसित करने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने मॉरीशस में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के लिए आईएनएस सर्वेक्षक को भेजा था। सर्वेक्षण पोत की यात्रा 29 दिसंबर को बंदरगाह लूई में जहाज पर

मॉरीशस को अपनी समुद्री तटीय विकास योजना विकसित करने में मदद मिलेगी

आयोजित संयुक्त समन्वय बैठक के साथ शुरू हुई थी। भारतीय नौसेना के हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पोत आईएनएस सर्वेक्षक ने मॉरीशस में संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के पहले चरण को सफलतापूर्वक पूरा करके दोनों राष्ट्रों के मजबूत सामुद्रिक साझेदारी में एक और मील का पत्थर रखा है। मॉरीशस पुलिस बल के पुलिस आयुक्त आर सूरजबाली ने पोत का दौरा किया और सर्वेक्षण कार्य के बारे में जानकारी दी। आईएनएस सर्वेक्षक के कमांडिंग अधिकारी ने मॉरीशस में भारतीय उच्चायुक्त अनुराग श्रीवास्तव से व्यापक उद्देश्यों पर चर्चा की। जहाज पर आयोजित समारोह के दौरान उच्चायुक्त श्रीवास्तव ने हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण की फेयर शीट, साथ ही नए सिरे से तैयार समुद्री चार्ट और सर्वेक्षण उपकरण, मॉरीशस गणराज्य के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूलको औपचारिक रूप से सौंपे। नए समुद्री चार्ट के निर्माण से मॉरीशस को अपनी समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर, संसाधन प्रबंधन और तटीय विकास योजना विकसित करने में मदद मिलेगी। यह महत्वपूर्ण आयोजन समुद्री विकास और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में भारत और मॉरीशस के बीच स्थायी साझेदारी को दर्शाता है। इससे पहले जहाज ने 20 जनवरी को एक संयुक्त भारत-मॉरीशस योग सत्र का आयोजन किया।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री बैठक में हिस्सा लेने के लिए जाएंगे चीन

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री दो दिवसीय दौरे पर 26-27 जनवरी को चीन जायेंगे और बीजिंग में दोनों देशों के बीच विदेश सचिव-उप मंत्री तंत्र की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार इस द्विपक्षीय तंत्र की बहाली नेतृत्व स्तर पर हुए समझौते से प्रेरित है। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार बैठक के एजेंडे में कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा मार्ग को पुनः खोलना और दोनों देशों के बीच उड़ानें पुनः शुरू करने जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं।

फरवरी में फ्रांस दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी, दोनों देश अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और फ्रांस के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का आगामी फ्रांस दौरा इस रिश्ते को और गहरा बनाने के लिए एक अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी 10-11 फरवरी को पेरिस दौरे पर जाएंगे इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। फ्रांस और भारत ने हाई-टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में साझेदारी को बढ़ाने का फैसला किया है। इससे रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयों मिलने की उम्मीद है। इस दौरे में दोनों देश सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में सहयोग बढ़ाने के लिए एक

सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में सहयोग बढ़ाने के नए समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर

नए समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। भारत में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने यह एक बड़ा कदम होगा। फॉरेन ऑफिस कंसल्टेंट मीटिंग के दौरान दोनों देशों ने अपने रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने पर बातचीत की। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को स्थिर बनाने पर जोर दिया गया है। भारत और फ्रांस की कंपनियों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इस दौरे में कई आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

एजेंसी । रांची: उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार देर रात रांची के प्रमुख चौक-चौराहों की सड़कों पर ठंड में गुजर बसर कर रहे जरूरतमद लोगों को कंबल का वितरण किया। कंबल का वितरण अल्बर्ट एक्का चौक, काली मंदिर चौक, डेली मार्केट पार्किंग, दुर्गा मंदिर रातू रोड की सड़कों पर किया गया। जिला प्रशासन के जरिये सभी प्रमुख चौक-चौराहों एवं रांची जिला के सभी प्रखंडों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। प्रखंडों में भी कंबल का वितरण पूर्व से ही किया जा रहा है। उपायुक्त के साथ सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय एवं डीएसपी सदर संजीव कुमार बेसरा भी थे।

रांची में बदमाशों ने पंचायत मुखिया को मारी गोली, घायल

एजेंसी । रांची। नामकुम थाना क्षेत्र में बदमाशों ने गुरुवार को एक पंचायत मुखिया को गोली मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल मुखिया को रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने नामकुम के हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को अरविंद टेक्सटाइल के पास गोली मारकर फरार हो गए। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। पूरे मामले की जांच पड़ताल चल रही है। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि मुखिया का अपने गांव में ही जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बंटवारे के विवाद को लेकर ही मुखिया पर फायरिंग की गई है। गोली मारने वाले बदमाशों की पहचान भी हो गई है। जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

साइबार अपराध से जुड़े मामले में सीबीआई ने हजारीबाग के सिरसी गांव में की छापेमारी

एजेंसी । हजारीबाग। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार को साइबार अपराध से जुड़े एक मामले में हजारीबाग जिले के ईचाक थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में छापेमारी की। सीबीआई की यह टीम पटना से आई थी।सीबीआई की टीम ने यहां राजू प्रसाद कुशवाहा नाम के व्यक्ति के घर पर छापेमारी कर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। टीम ने कई घंटों तक गहन जांच-पड़ताल की, जिसमें स्थानीय पुलिस ने भी सहयोग किया। हालांकि, अधिकारियों ने इस कार्रवाई के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई साइबर अपराध से जुड़े एक बड़े मामले का हिस्सा है। सीबीआई की टीम विशेष रूप से पटना से इस छापेमारी के लिए पहुंची थी।माना जा रहा है कि जांच के दौरान और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। साइबर अपराध के खिलाफ सीबीआई की यह कार्रवाई उनकी निरंतर चल रही मुहिम का हिस्सा है, जिसके तहत वे देश भर में ऐसे अपराधों पर लगाम लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को वाहन ने कुचला, एक की मौत और एक घायल

एजेंसी । रांची। रांची के खेलगांव ओपी क्षेत्र के बाबा चौक के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को कुचल दिया। घटना में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई, जबकि दूसरा जेलकर्मी गंभीर रूप से घायल है। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों सुरक्षाकर्मी बाइक से बाबा चौक होते हुए रांची जेल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे सुरक्षाकर्मी समीर कुमार राय (49) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे सुरक्षाकर्मी चन्द्र देव गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। खेलगांव थाना प्रभारी चन्द्रशेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दोनों सुरक्षाकर्मियों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने समीर कुमार राय को मृत घोषित कर दिया। घायल चंद्रदेव का इलाज चल रहा है। समीर राय और चंद्रदेव भारतीय सेना से रिटायर होकर रांची जेल में बहाल हुए थे। दोनों कर्मी नामकुम के रहने वाले हैं। सुरक्षाकर्मियों को जिस वाहन ने कुचला है, अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है ताकि चार पहिया वाहन का पता लगाया जा सके।

रिश्वत लेते अंचल निरीक्षक रंगे हाथ गिरफ्तार

एजेंसी । लातेहार। जिले के बरवाडीह अंचल में पदस्थापित अंचल निरीक्षक सुरेश राम को एसीबी की टीम ने गुरुवार को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया । सुरेश राम एक महिला से जमीन के मोटेशन के लिए रिश्वत ले रहे थे। इसी मामले में सुरेश राम को निगरानी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि बरवाडीह की एक महिला ने एसीबी पलामू की टीम से शिकायत की थी कि उन्होंने 30 डिसमिल जमीन खरीदी थी । इस जमीन के मोटेशन के लिए अंचल निरीक्षक सुरेश राम के द्वारा उनसे एक लाख रुपये रिश्वत मांग रहा है। एडवांस में 20 हजार रुपये मांग रहा है।शिकायत के बाद एसीबी की एक टीम बनी और पूरे मामले की अपने स्तर से छानबीन की जब मामला पूरी तरह सत्य पाया गया तो एसीबी की टीम ने आरोपित सुरेश राम को रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनाई। गुरुवार को एसीबी की टीम ने महिला को केमिकल लगे पैसे देकर सुरेश राम के पास भेजा। आरोपित ने जैसे ही पैसे अपने हाथ में लिए वैसे ही एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

अवैध शराब बेचने पर तीन होटलों में छापेमारी, शराब जब्त

एजेंसी । रामगढ़। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर रजरप्पा थाना क्षेत्र के कुलही गांव में उत्पाद विभाग के जरिये छापेमारी की गई। यहां तीन होटलों में अवैध शराब की बिक्री हो रही थी। उत्पाद विभाग की ओर से की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया गया है। कुलही गांव में स्थित विभिन्न होटलों एवं ढाबा में गहन एवं व्यापक छापेमारी किया गया। जहां कुल 3 अभियोग दर्ज करते हुए 35 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 6.50 लीटर अवैध बीयर बरामद किया गया। जीतू महतो के होटल से 10 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 6.50 लीटर अवैध बीयर बरामद करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। गंगाराम महतो के होटल से 20 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए फ़रार अभियोग दर्ज किया गया। उमेश महतो के होटल में छापेमारी कर पांच लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

जमीन कारोबारी मधुसूधन राय हत्याकांड का खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी । रांची

रांची के नामकुम थाना पुलिस ने जमीन कारोबारी मधुसूधन राय उर्फ मधु राय हत्याकांड में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मानवेल खलखो, अशोक सिंह, राज किशोर राय और दीपक कुमार राय के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, सात गोली, चार मोबाइल फोन, घटना में उपयोग बाइक बरामद की है। डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 15 दिसंबर 2024 को मधुसूधन राय की नामकुम थाना क्षेत्र के रिंग रोड पर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। टीम लगातार आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में आरोपितों के छिपे हुए होने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद डीएसपी अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम ने बड़ाकवाली से एक किलोमीटर उत्तर दिशा में जंगल से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक आरोपित भाग निकला। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि आठ एकड़ जमीन संबंधी पुराने विवाद के कारण मधुसूदन राय की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। हत्या की योजना सितंबर 2024 से ही बनाई जा रही थी। आरोपित मानवेल खलखो एवं फरार आरोपित उमेश राय ने कुल 10 गोली चलाई थी। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उमेश राय व गिरफ्तार दीपक राय, राज किशोर राय उर्फ गुड्डू राय व अन्य आरोपितों ने मधुसूधन राय पर 2008 में भी फायरिंग की थी। इस दौरान मधुसुदन की पत्नी की गोली लगने से मौत हो गई थी।

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखेगी झारखंड की झांकी

एजेंसी । रांची

26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी भी दिखेगी। इसमें झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। दरअसल, गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड ने भी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में दिवंगत रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के साथ ही झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे पहले वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी।

वित्त मंत्री के कार्यक्रम में मधुमक्खियों का हमला, भाग कर बचाई जान

एजेंसी । पलामू

झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के निरीक्षण कार्यक्रम में मधुमक्खियों का हमला हुआ। इस घटना में कई अधिकारी और पत्रकार जख्मी हो गए। मंत्री को निरीक्षण कार्यक्रम बीच में ही रोक कर लौटना पड़ा। गुरुवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण पलामू जिले के पांकी प्रखंड में अमानत नदी बराज के अधूरे कार्यो का निरीक्षण करने पहुंचे थे। बराज के पुल पर चढ़ कर जायजा ले रहे थे। अमानत बराज का निर्माण करीब दो दशक से लंबित है। नहर इलाके का मुआवजा समेत अन्य मामलों की जानकारी लेनी थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर दोपहर अमानत बराज का निरीक्षण करने पहुंचे थे। प्रभावित ग्रामीण से बातचीत कर रहे थे। मुआवजा को लेकर चर्चा हो रही थी। बातचीत के क्रम में मंत्री एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी पर आज का भौतिक जायजा लेने लगे। अचानक लोगों की भारी भीड़ देखकर मधुमक्खियां हमला करने लगी। मंत्री को अपना सर मफलर से ढकना पड़ा। तुरंत उन्हें गाड़ी में बैठाया गया और रवाना किया गया। इसी तरह उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी ने भी मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। स्थानीय ग्रामीण भी मधुमक्खियां के हमले से भयभीत नजर आए। पत्रकार भी मधुमक्खियां के हमले में जख्मी हुए। कई पत्रकारों ने एंबुलेंस से दवा लेकर राहत महसूस किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से अमानत नदी बराज पर मधुमक्खियों का छत्ता है। यहां अक्सर इस तरह की घटना होते रहती है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुलिस अधीक्षक सहित जिलेवासियों ने किया माल्यार्पण

एजेंसी । लोहरदगा

नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जयंती पर पावरगंज चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां सहित अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर कर उन्हें नमन किया। प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने वाले अधिकारियों में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज, कोषागार पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। मौके पर जिले वासियों ने प्रतिमा स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे। मौके पर जिले वासियों ने प्रतिमा स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया।

पांकी अमानत बराज का वित्त मंत्री ने अधिकारियों और इंजीनियरों की टीम के साथ किया निरीक्षण

एजेंसी । पलामू

सबकुछ ठीकठाक रहा तो डेढ दशक से लंबित पांकी अमानत बराज के अधूरे कार्य पर 15 फरवरी के बाद निर्माण शुरू हो जायेगा। जमीन संबंधित मामलों के निपटारे के लिए इसी महीने 30, 31 जनवरी और एक फरवरी को बराज परिसर में विशेष कैंप लगाया जायेगा। जिन ग्रामीणों की जमीन बराज निर्माण क्षेत्र में अधिग्रहित की गयी है, वे इस कैंप में शामिल होकर मुआवजा भुगतान से संबंधित अपना दावा कर सकते हैं। उक्त बातें झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कही। गुरूवार को मंत्री पांकी बराज का निरीक्षण कर रहे थे। मंत्री के साथ जल संसाधन विभाग के सीनियर अधिकारी, इंजीनियर और पलामू जिला प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बराज क्षेत्र का निरीक्षण किया। बराज की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के साथ साथ अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान को लेकर ग्रामीणों से बात की। मंत्री ने कहा कि मुआवजा भुगतान को लेकर इसी महीने 30, 31 और एक फरवरी को बराज परिसर में भूमि से संबंधित मामलों को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता और अंचलाधिकारी पूरी टीम के साथ कैंप करेंगे और मुआवजा भुगतान को लेकर जरूरी कार्रवाई करेंगे। जरूरत पड़ने पर सदर एसडीओ को भी मौके पर भेजा जायेगा। 15 फरवरी तक मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर लेनी है। मंत्री ने कहा कि पांकी बराज के शुरू होने से 23 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। पांकी के साथ साथ पाटन और छतरपुर के किसानों को विशेष रूप से फायदा होगा। 15 फरवरी तक मुआवजा भुगतान कर दिया जायेगा और स्थिति ठीक ठाक रही तो निर्माण कार्य भी शुरू कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि बराज का अधूरा निर्माण लंबे समय से 15 वर्ष लंबित है और झारखंड राज्य बनने के बाद से किसी ने इसके अधूरे निर्माण को पूरा करने की दिशा में अबतक पहल नहीं की है। उनकी पूरी कोशिश है कि बराज का निर्माण पूरा कराके किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाए। मंत्री ने यह भी कहा कि बराज के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्रामीणों को अगर प्रधानमंत्री आवास या अबुआ आवास स्वीकृत हुआ है तो उसे प्रावधान के तहत अगर उनकी जमीन दूसरी जगह है तो वहां पर बनाने का आदेश दिया जाएगा। मौके पर नुरू गांव के ग्रामीणों ने बताया कि उनका घर टापू बन जाएगा। इसके लिए पुलनुमा रास्ता बनाने का आग्रह किया। इसी तरह अन्य ग्रामीणों ने जमीन के साथ साथ मकान, पेड़ पौधे का भी मुआवजा देने का आग्रह किया। मौके पर जलसंसाधन विभाग के सीनियर अधिकारी, उपायुक्त शशि रंजन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, एसडीओ सुलोचना मीणा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

राज्यपाल ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी । रांची

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गुरुवार को राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की देशभक्ति और राष्ट्र के लिए उनका त्याग हर भारतीय को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर शेयर पोस्ट में लिख, ''आज राजभवन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। नेताजी का अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता के प्रति उनका समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जय हिंद !

राष्ट्रीय पराक्रम दिवस पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर हुआ माल्यार्पण

एजेंसी । रामगढ़

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर गुरुवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डीसी ने सभी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने की अपील की। डीसी चंदन कुमार ने कहा कि स्वाधीनता की लड़ाई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अतुलनीय रहा है। उनके जोश ने न सिर्फ अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे, बल्कि भारतीय नागरिकों में आजादी की एक लौ जला दी थी। एसपी अजय कुमार ने कहा कि भारतीय नागरिकों की आजादी के लिए उन्होंने खून बहाने से भी गुरेज नहीं कहा किया था। उन्होंने नारा ही दिया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। आज की युवा पीढ़ी को सुभाष चंद्र बोस के उसी जोश और जुनून की जरूरत है। भले ही आज हालात वैसे नहीं है, लेकिन विकास के लिए हमें उतना ही प्रतिबद्ध होना होगा।

संक्षिप्त समाचार

कसमार के चंडीपुर एवं खैराचातर में मनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : कसमार प्रखंड के चंडीपुर स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल एवं खैराचातर स्थित श्री गोविंद स्नेह लता सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस दौरान शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों ने नेताजी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि देश की आजादी के लिए नेताजी ने अपनी जान की भी बाजी लगा दी। उनके आदर्श व देशभक्ति की कोई मिसाल नहीं है। मौके पर चंडीपुर में प्राचार्य मदन महतो, शिक्षक महेश ठाकुर, मिथिलेश कुमार, राखी कुमारी, गायत्री कुमारी, पायल झा, प्रियंका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सुशीला देवी इरफान अंसारी, मुरारी नायक और आदि उपस्थित थे। वहीं खैराचातर स्थित श्री गोविंद स्नेहलता सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य रजनी प्रकाश पांडेय, शिक्षक कृष्ण किशोर जायसवाल, गिरिधारी महतो, प्रकाश महतो, कैलाश महतो, शोभा जायसवाल, रानी जयसवाल, ज्योत्सना प्रमाणिक, संतोष महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस में हॉट मेटल का हुआ रिकॉर्ड उत्पादन

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में बुधवार, दिनांक - 22 जनवरी 2025 को चार फर्नेस परिचालन से अब तक का सर्वश्रेठ 16821 टन हॉट मेटल का उत्पादन का नया दैनिक रिकॉर्ड बना है। उल्लेखनीय है कि पिछला सर्वश्रेष्ठ दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का रिकॉर्ड 18 फ़रवरी 2024 को 16354 टन हॉट मेटल का उत्पादन चार फर्नेस के ऑपरेशन से कायम किया गया था। इसके साथ ही, ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01 से भी दिनांक 20 जनवरी को अब तक का सर्वश्रेठ दैनिक 4436 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया गया। ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01 से पिछला सर्वश्रेष्ठ 4272 टन का दैनिक हॉट मेटल उत्पादन दिनांक 18 फ़रवरी 2024 को किया गया था।

निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी तथा अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय एवं उनकी समस्त टीम, सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

चिन्मय विद्यालय के नन्हें बच्चों ने फैंसी ड्रेस में बांधा समां

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में गुरुवार को कक्षा प्रेप एवं प्रथम के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 90 से अधिक नन्हें-नन्हें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का विषय था- सोशल मीडिया और दैनिक जीवन में हमारे मददगार। बच्चों ने डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, दुकानदार, ड्राइवर, नर्स, पुलिस इत्यादि का रूप धारण कर सभी निर्णायकों को प्रभावित किया। साथ ही, सोशल मीडिया में फेसबुक, वॉट्सएप, इंस्टाग्राम, ईमेल इत्यादि का रूप धारण किया।

निर्णायक की भूमिका में रिंकी पांडे एवं श्रेया टैंक ने अपनी शानदार भूमिका निभाई। सचिव महेश त्रिपाठी ने सभी को आशीर्वचन दिया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से उचित जानकारी के साथ-साथ बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रतियोगिता का सफलता में अकादमीक प्रभारी सोमा झा, अकादमीक प्रभारी रश्मि शुक्ला, नेहा अवतार, मधुमिता, प्रीति सिंह, नेहा सिंह, सुनैना पाठक, मीनाक्षी और सुदीप्ता मंडल सहित अन्य शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई।

किताबें संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में आवश्यक : न्यायाधीश त्रिपाठी

झारखंड में पहली बार डीपीएस बोकारो में लगा केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय का तीन-दिवसीय पुस्तक मेला

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : किताबें ज्ञान का सबसे अच्छा स्रोत हैं। अगर किसी से दोस्ती करनी हो तो किताबों से करें, जो आपके लिए बेस्ट फ्रेंड हो सकते हैं। खास तौर से बच्चे अगर अपनी सिलेबस की किताबों के अलावा अन्य ज्ञानपरक पुस्तक पढ़ें तो यह उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में काफी महत्वपूर्ण एवं सहायक साबित हो सकता है। उक्त बातें बोकारो के जिला एवं सत्र न्यायाधीश- तृतीय सह- पोक्सो अधिनियम के विशेष न्यायाधीश देवेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं। श्री त्रिपाठी गुरुवार को डीपीएस बोकारो में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित झारखंड के प्रथम विद्यालय स्तरीय पुस्तक मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आना उन्होंने अपने लिए आनंद एवं प्रसन्नता का क्षण बताया।

अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि उन दिनों वह अक्सर पुस्तक मेले में जाया करते थे और अपनी पढ़ाई के अलावा अन्य किताबें जरूर पढ़ा करते थे। आज के बच्चों को यह आदत विकसित करनी चाहिए, जिससे कि किताबों के जरिए वे अपने आसपास, समाज, देश-विदेश, जीवन की पेशेवर यात्रा, जीवन के लक्ष्य व अन्य परिदृश्यों से भली-भांति अवगत हो सकें। किताबों में वह शक्ति है, जो छोटे व्यक्तित्व को बड़े व्यक्तित्व में परिवर्तित कर सकती है। उन्होंने इस आयोजन के लिए डीपीएस बोकारो के प्रयासों की सराहना की। इसके पूर्व, विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया, जबकि विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एस. गंगवार ने स्मृति-चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। प्राचार्य ने भी बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत डालने पर बल देते हुए जीवन की सफलता में किताबों की भूमिका को अग्रणी बताया।

3000 से अधिक पुस्तकों का है संग्रहण- संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं बीबीसी ग्रुप के सहयोग से रीडिंग इंडिया 2025 मिशन के तहत ब्लॉसम थीम पर आयोजित इस पुस्तक मेले के उद्घाटन के साथ ही भीड़ उमड़ पड़ी। 3000 से अधिक पुस्तकों का संग्रहण विद्यालय के कालीदास कला भवन में प्रस्तुत किया गया है। ज्ञान, साहित्य और संस्कृति के इस संगम में बच्चों से लेकर बड़ों तक की पुस्तकें उपलब्ध हैं। देश-विदेश के नामचीन लेखकों की विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकें जहां बड़ों को लुभा रही हैं, वहीं बच्चों के लिए भांति-भांति की ज्ञानपरक, मनोरंजक व गतिविधि आधारित किताबें आकर्षक बनी हैं। कलरिंग, एक्टिविटीज, इनसाइक्लोपीडिया, सेल्फ मोटिवेशन, नन-फिक्शन, बाल कहानियां, साइंस प्रोजेक्ट आदि से संबंधित किताबें मेले में प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए लगाई गई हैं।

25 तक चलेगा पुस्तक मेला- विद्यालय के छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए आयोजित यह पुस्तक मेला 25 जनवरी तक चलेगा। 23-24 जनवरी को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए प्रातः 8.30 से दोपहर 2.30 बजे, अभिभावकों के लिए दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक तथा 25 जनवरी को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए प्रातः 8.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक मेले का आयोजन किया गया है। मेले में प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने किया माल्यार्पण

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारोः गुरुवार को बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने चास स्थित चेक पोस्ट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर श्रीमती श्वेता सिंह ने नेताजी को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का महानायक बताते हुए कहा कि उनकी प्रतिमा हमारे श्वसुर स्वर्गीय समरेश सिंह दादा के प्रयासों से क्षेत्रवासियों की मांग पर स्थापित की गई थी। उन्होंने बताया कि यह प्रतिमा न केवल नेताजी की स्मृति को जीवित रखती है, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। यह एक जीवंत उदाहरण है, जो हमें देश को मजबूत और सुदृढ़ बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करती है।

श्रीमती सिंह ने कहा कि उनके श्वसुर, स्वर्गीय समरेश सिंह दादा, जब तक जीवित रहे, हर वर्ष सुभाष जयंती के अवसर पर इस स्थल पर कार्यक्रम आयोजित करते थे। उनकी यह परंपरा आज भी जीवित है और क्षेत्रवासियों के सहयोग से इसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेताजी की देशभक्ति और उनके सकारात्मक विचारों का संदेश समाज में फैलाना है। उन्होंने यह भी बताया कि बोकारो की धरती का नेताजी सुभाष चंद्र बोस से गहरा संबंध है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताजी ने इस क्षेत्र में आंदोलनकारियों को अपने विचारों से ऊर्जा दी और आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर चास के निवर्तमान मेयर भोलू पासवान, गौरव राय, कौशल राय, बबला राम, अमर चौरसिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

डीवीसी चंद्रपुरा ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : चंद्रपुरा डीवीसी प्रबंधन ने मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती धूमधाम से मनाई। यह कार्यक्रम तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसमें वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नंद शर्मा ने नेताजी के विचारों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उनके साथ वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डीसी पांडेय, परिचालन एवं अनुरक्षण के वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष, उप महाप्रबंधक दिलीप कुमार, राजीव रंजन ओझा, परविंद कुमार, राजकुमार चौधरी, हरि मुकुंद प्रजापति, विनय कृष्ण दास और मोहम्मद इम्तियाज भी उपस्थित रहे।

डीवीसी के अधिकारियों ने सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों और उनके नेतृत्व की प्रेरणा पर चर्चा की। उन्होंने बोस के साहसिक दृष्टिकोण और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को याद करते हुए सभी को उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में नेताजी के योगदान को नमन करते हुए उनके विचारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

मानवता की सेवा ही राष्ट्र नायकों को सच्ची श्रद्धांजलि : डीडीसी

नेताजी सुभाष की जयंती पर सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को बोकारो सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में वेडआरएनएम फाउंडेशन की ओर से वृहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक के अलावा समाज के विभिन्न तबके के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. मैथिली ठाकुर की चिकित्सीय देखरेख में फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

शिविर के सम्मानित अतिथियों में जिले के उप विकास आयुक्त गिरिजाशंकर प्रसाद, चास की अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढांढा, सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद, सदर अस्पताल बोकारो के उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। एसडीओ सुश्री ढांढा ने स्वयं रक्तदान कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की।

रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए डीडीसी श्री प्रसाद ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान को महादान बताया। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा में किसी की प्राण-रक्षा का इससे बड़ा माध्यम और इससे बड़ी सेवा कोई और नहीं हो सकती। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे राष्ट्र नायकों को तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जब हम मानवता की सेवा करेंगे और एक स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे।

एसडीओ सुश्री ढांढा ने भी रक्तदान को समाज का सबसे पुनीत कार्य बताते हुए लोगों से इस दिशा में बढ़-चढ़कर आगे आने की अपील की। अस्पताल के उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद ने रक्तदान से होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रक्तदान से एक तरफ जहां किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, वहीं स्वयं रक्तदाता भी खुद को स्वस्थ रख सकता है। हर तीन माह पर एक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान पर भी विस्तार से चर्चा की।

इसके पूर्व, फाउंडेशन की निदेशक निभा चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए रक्तदान शिविर की महत्ता को रेखांकित किया। साथ ही, फाउंडेशन की विभिन्न गतिविधियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन सामाजिक उत्तरदायित्व का शुरू से निर्वहन करता रहा है और यह आयोजन इसी की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उक्त अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. निकेत चौधरी, प्रबंधक पवन श्रीवास्तव सहित अस्पताल के कई चिकित्सक व चिकित्साकर्मी उपस्थित थे। शिविर की सफलता में जॉनसन एंड जॉनसन से राजेंद्र नायक तथा एल्केम कंपनी के विशेष प्रताप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जेईई मेन- 1 : बोकारो में दूसरे दिन 676 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 25 रहे अनुपस्थित

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के प्रथम सत्र में दूसरे दिन बोकारो में कुल 676 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, कुल परीक्षार्थियों में से 25 कैंडिडेट अनुपस्थित रहे। एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, यहां के दोनों ही केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में जारी रही। परीक्षा पूरी तरह से कदाचार-मुक्त हुई।

चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 123 में 117 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 06 अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र में दूसरी पाली में कुल 139 में 132 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 07 अनुपस्थित रहे। वहीं, चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 219 में 211 कैंडिडेट ने परीक्षा दी। जबकि, 08 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 220 में 216 ने परीक्षा दी और 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

कसमार : प्लस टू हाई स्कूल के पूर्ववर्ती छात्रों ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : कसमार स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कूल के 2002 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सभी छात्रों ने अपने गुरु सेवानिवृत्त शिक्षक भालचंद पांडेय व उनकी धर्मपत्नी को शॉल, बैग, छाता, डायरी व जरूरत की अन्य कई सामग्री उपहार स्वरूप भेंट किए। इस दौरान छात्रों ने बचपन व स्कूली दिनों में बिताए सुनहरे व खट्टी मीठी यादों की स्मृति ताजा की। इस दौरान गुरुजी भालचंद पांडेय ने भी बच्चों के साथ बिताए पल को याद कर काफी भावुक हो गए। भालचंद पांडेय ने कहा कि इंसान को जन्मभूमि से कर्मभूमि की अहमियत ज्यादा होती है। यही कारण है कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी अपने छात्रों व ग्रामीणों से मिलने उत्तर प्रदेश से सैकड़ों किमी दूर कसमार साल में दो से तीन बार जरूर आ जाता हूँ। मौके पर पूर्ववर्ती छात्र दीपक कपरदार, निर्मल महतो, आनन्द गोस्वामी, रोहित गोसाईं, नीरज प्रजापति, सर्वाशीष कुमार झा, एसके झा, वासुदेव प्रजापति, सुरेश कुमार महतो, नेपाल करमाली, अरसद अंसारी, गोपाल मुंडा, मो हाफिजुद्दीन अंसारी, गोपी करमाली, कार्तिक महतो, विक्रम सिंह, हरादन दे, परमानंद नायक, देवेंद्र पाल समेत 2002 बैच के अन्य सहपाठी मौजूद थे।

कसमार हत्या कांड का खुलासाः भाभी निकली मुख्य साजिशकर्ता

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : कसमार थाना क्षेत्र के मधुकरपुर में 12 जनवरी को हुए हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में मृतक की भाभी सुनीता देवी ही मुख्य साजिशकर्ता निकली। उसने संपत्ति विवाद के चलते चार अपराधियों के साथ मिलकर अपने देवर की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने इस मामले में सुनीता देवी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक देशी पिस्टल, एक कट्टा, नौ गोलियां और एक खोखा बरामद किया है।

संपत्ति विवाद बनी हत्या की वजह- बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी कि मृतक पिंटू कुमार नायक, जो हजारीबाग डीसी ऑफिस में काम करता था, की हत्या संपत्ति विवाद के चलते की गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई अविवाहित था और उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। मंझला भाई पिछले 10 वर्षों से लापता है। पिंटू और उसकी भाभी सुनीता देवी के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था।

भाभी ने तीन लाख में दी हत्या की सुपारी- एसपी ने बताया कि सुनीता देवी ने पेटरवार थाना क्षेत्र के शूटर छोटे लाल नायक और टिमा तुरी को तीन लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। पहली किस्त में डेढ़ लाख रुपये दिए गए थे और हत्या के बाद बाकी रकम देने की बात तय हुई थी। अपराधियों में राहुल कश्यप और हजारीबाग का अजीत कुमार भी शामिल था। अजीत ने मृतक की गतिविधियों पर नजर रखी थी।

घटना की रात और हत्या का तरीका- 12 जनवरी की रात, जब पिंटू अपने घर पर सो रहा था, सुनीता ने आधी रात को घर का दरवाजा खोलकर अपराधियों को अंदर बुलाया। अपराधियों ने सोते समय पिंटू पर दो गोलियां चलाईं। पहली गोली की आवाज सुनकर जब पिंटू के पिता वहां पहुंचे, तो उनके सामने ही दूसरी गोली मारी गई। अपराधी घटना के बाद छत के रास्ते से फरार हो गए।

पुलिस ने किया त्वरित एक्शन- पिता की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिंटू को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जांच के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि इस हत्या में भाभी सुनीता और मृतक पिंटू के बीच पुराने प्रेम संबंधों का भी एंगल सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है।

बरामदगी और आरोपियों की पहचान- पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार और गोलियां बरामद की हैं। इस मामले में शामिल सभी अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। मामले का मुख्य उद्देश्य संपत्ति विवाद और पारिवारिक कलह का नतीजा है, जिसे साजिश के तहत अंजाम दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

हाई स्कूल मोड़ के समीप से एक ऑटो चोरी, जांच में जुटी पुलिस

हिरणपुर : थाना क्षेत्र के हाई स्कूल मोड़ के समीप से अहले सुबह एक ऑटो चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर पीड़ित मिथुन साहा ने हिरणपुर थाना में लिखित शिकायत किया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित रोजाना की तरह अपनी सीएनजी से चलने वाली ऑटो संख्या जेएच 16 जे 7713 को रात में अपने दरवाजे पर खड़ा कर रखा था। सुबह करीब 4 बजे जब उसने उठकर देखा तो ऑटो वहां से गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी ऑटो का कोई पता नहीं चल पाया। पीड़ित द्वारा करीब एक महीने पहले ही ऑटो की खरीदारी की गई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ठंड का परकोप को देखते हुए किया गया कंबल वितरण

भानुमित्र संवाददाता - नंदन ठाकुर

पाकुड़ :पाकुड़ जिला अंतर्गत दादपुर पंचायत भुरकुंडा गांव के वार्ड सदस्य समसूल अंसारी तथा मुखिया के द्वारा गरीब एवं लाचार वृद्ध महिला एवं पुरुष को ठंड का प्रकोप को देखते हुए कंबल वितरण किया गया। ताकि ठंड से कुछ राहत मिल सके । मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य समसुल अंसारी ने कहा कि हम सब प्रत्येक वर्ष को इस तरह से कंबल वितरण कार्यक्रम करते है, जिससे गरीबों को इस भीषण ठंड में राहत मिलता है ,और ये सिलसिला जारी रहेगा

नगर परिषद अंतर्गत सभी वार्डों में जरूरतमंदों के बीच बांटा गया कंबल

पाकुड़ : ठंड को देखते हुए नगर परिषद अंतर्गत सभी वार्डों में आज प्रशासक, नगर परिषद व सिटी मैनेजर मनीष कुमार एवं कर्मियों द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान प्रशासक, नगर परिषद अमरेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में नगर परिषद द्वारा कंबल का वितरण किया जाता है। इस बार भी सभी वार्ड के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ठंड को देखते हुए सभी चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित

पाकुड़ : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार ने की। इस बैठक में समाहरणालय संवर्ग में अनुसेवक के रिक्त पद पर पार्वती मुर्मु को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। वहीं शिक्षा विभाग अंतर्गत 2 लिपिक, सरिता हांसदा, ज्योति मुर्मु एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 02 लिपिक, पूजा कुमारी, रिंकी कुमारी एवं लघु सिंचाई प्रमंडल अंतर्गत चतुर्थ वर्गीय रिक्त पद पर रामजी यादव की नियुक्ति की अनुशंसा की गई।

जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 491 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया

कैंप में 136 लोगों को योगाभ्यास भी कराया गया.....

पाकुड़ : महेशपुर के कागजपुर, लिट्टीपाड़ा के निपनीया, हिरणपुर के दराजमाठ अमड़ापाड़ा के पकलो एवं मुस्लिम टोला, पाकुड़ के उदयनारायणपुर एवं पाकुड़िया के पाकुड़िया में आयुष विभाग की ओर से गुरुवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 491 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ राजेश कुमार, डॉ लवकुश यादव, डॉ अशोक मेहता, डॉ मिथलेश सिंह, डॉ अमलेश कुमार, सौरभ विश्वास एवं बिरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया।प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करें तो वह स्वस्थ रह सकता है। 24 जनवरी 2025 को महेशपुर के पत्थरघाटा, पाकुड़िया के बड़तल्ला एवं पिनारगढ़िया, लिट्टीपाड़ा के लिट्टीपाड़ा एवं कुमारभाजा, अमड़ापाड़ा के अमड़ापाड़ा आंगनबाड़ी बाजार, पाकुड़ के निशानपाड़ा एवं हिरणपुर के बूटीपहाड़ी में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।

बच्चों के भविष्य के लिए प्रशासन का अनूठा कदम, जिले में करियर काउंसलिंग सह गाइडेंस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के द्वारा बेहतर भविष्य बनाने के लिए बच्चों को दिए मार्गदर्शन....
- अभी से अपनी रुचि के अनुसार करियर की दिशा तय करें: डीसी.....
- कार्यक्रम में 10वीं, 11वीं 12वीं एवं ग्रेजुएट तक के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग....
- आठवीं से बारहवीं परीक्षा में टॉप थ्री में रहने वाले छात्रों को गणतंत्र दिवस के दिन ब्लेजर देकर किया जाएगा सम्मानित....

पाकुड़ : उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने ब्लेजर का किया विमोचन । उड़ान आईएस एकेडमी द्वारा बच्चों का करियर काउंसिल किया गया एवं कल 24 जनवरी को सूचना भवन सभागार में मॉक इंटरव्यू लिया जाएगा। अपने करियर के चुनाव एवं बेहतर करियर मार्गदर्शन को लेकर चिंतित रहने वाले छात्र-छात्राओं की सहूलियत के लिए जिला प्रशासन के द्वारा प्रोजेक्ट प्रयास- हुनर से होनहार तक का सफर अंतर्गत रवींद्र भवन टाउन हॉल में करियर कॉउंसललिंग सह गाइडेन्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते, इसके लिए निरंतर प्रयास करने की जरूरत है। हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह भी मालूम होना चाहिए। कहा कि आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह जानना बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण करने और उसे प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की सलाह दी। उपायुक्त ने बहुत सी प्रेरणादायक कहानी सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने विद्यार्थियों को जेएसएससी, जेपीएससी, यूपीएससी, एसएससी, डिफेंस, रेलवे, बैंकिंग के द्वारा ली जाने वाली विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर बेहतर समय प्रबंधन, सही दिशा में तैयारी के लिए उचित मार्गदर्शन समेत महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज प्रत्येक छात्र को अपने कैरियर के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्हें शुरुआत में ही लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। ताकि उन्हें समय से सफलता मिल सके। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने कहा कि बच्चों का करियर बनाने में माता पिता का योगदान बहुत ही अहम होता है। बच्चों की इच्छा शक्ति की प्रेरणा स्रोत आपके माता-पिता है इनका सम्मान करें। जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने उपस्थित सभी छात्रों से अपील किया कि दो वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें। स्पीड लिमिट में ही बाईक चलाएं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन कल 24 जनवरी को किया जाएगा।

आप सभी बच्चों इस मैराथन में जरूर भाग लें। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने भी संबोधित करते हुए स्पोर्ट्स की तैयारी सहित अन्य विषयों पर छात्रों को जानकारी दी।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, जिला पणन सचिव संजय कच्छप समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में गणतंत्र दिवस 2025 को बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया

पाकुड़ : गुरुवार को रानी ज्योतिर्मयी बालिका उच्च विद्यालय के प्रशाल में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ पाकुड़ की कार्यसमिति की बैठक कौसर कबीर की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में गणतंत्र दिवस 2025 को बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में अनुमंडल माध्यमिक शिक्षक संघ पाकुड़ इकाई का सांगठनिक सम्मेलन और चुनाव का तिथि 9 फरवरी 2025 दिन रविवार को करने का निर्णय लिया गया एवं दिनांक 9 मार्च 2025 को जिला माध्यमिक शिक्षक संघ पाकुड़ की चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन एवं सांगठनिक निर्वाचन जिदातो बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में करने का निर्णय लिया गया जिसमें जिले के सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की प्रतिभागी होगी आज के बैठक में मुख्य मुख्य रूप से प्रमंडलीय सचिव संथाल परगना दुमका के विनय कुमार भगत जिला सचिव नमिता त्रिवेदी , संयुक्त सचिव विजय कुमार भंडारी ,आनंद मोहन साहा परीक्षा अध्यक्ष दिलीप घोष, विजय कुमार राय, आंद्रियस हेंब्रम ,शैलेन्द्र भगत ,आलोक कुमार साहा ,आलमगीर आलम ,अरविंद, अखिले श हेंब्रम , कयूम अंसारी, अमित कुमार ,जेम्स सोरेन ,मृदुला खोया, रेजिना टोपना, शुभांति लाकड़ा एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ ने आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

पाकुड़ : झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आज जीदातो इंटरमीडिएट कॉलेज पाकुड़ समेत ईलामी पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं को बाल विवाह, साइबर अपराध, नालसा के योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए पीएलवी कमला राय गांगुली ने जागरूक की । वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पीएलवी याकूब अली, सायेम अली, मैनुल शेख ने संयुक्त रूप से स्पॉन्सरशिप योजनाओं का लाभ,सरकारी योजनाओं का लाभ, समेत जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली निशुल्क कानूनी लाभ पर विशेष रूप से जागरूक की। मौके पर पीएलवी द्वारा जागरूकता पुस्तिका, पर्ची वितरण की गई।

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त व जनप्रतिनिधियों एवं कमिटी के सदस्यों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

- कमीटी के पुराने सदस्यों गौतम तिवारी, शहदेव साहा, अशोक दता, गाजो साहा, दिगम्बर साहा एवं शैलेन्द्र दीक्षित को शॉल देकर किया सम्मानित....
- हिरणपुर चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्वार अनावरण के साथ उनके जयंती का आयोजन किया गया....

पाकुड़ : उपायुक्त मनीष कुमार ने इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कमिटी के सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हिरणपुरवासियों का परिकल्पना था कि सुभाषचन्द्र बोस जी के प्रतिमा का जीर्णोद्धार अनावरण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी उपायुक्त को निर्देश दिया है कि सभी जगह पर अपने-अपने क्षेत्र में सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अच्छा कार्य करना है और इस दिशा में पूरा जिला प्रशासन अपनी तरफ से तत्परता के साथ लगा हुआ है। जिस प्रकार सभी सदस्यों ने पाई-पाई जोड़कर 1989 में इस चौराहे को बनाया और समाज के लिए अन्य प्रेरणादायक कार्य भी किए, हिरणपुर के युवाओं को कमिटी के पुराने सदस्यों से सीखने की जरूरत है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने तो युवाओं को जोड़ने का कार्य किया था तथा हमारे देश की आजादी के लिए उनका जो योगदान है उसकी व्याख्यान करने में शब्द कम पड़ जाएंगे। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि अपने-अपने पर्सनल इंटरेस्ट को पीछे रखकर सामाजिक कार्यों, स्वच्छता के प्रति आगे बढ़ने की जरूरत है। हिरणपुर के युवाओं के लिए पठन-पाठन बेहतर करने को लेकर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने लोगों को सड़क किनारे अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी तथा एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए लोगों को प्रशासन का सहयोग करने का अपील किया। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, लिट्टीपाड़ा बीडीओ संजय कुमार, हिरणपुर बीडीओ टुडु दिलीप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिले के पाकुड़ प्रखंड एवं नगर के संयोजक मंडली सदस्य का गठन हुआ तथा सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई



पाकुड़ :स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती धूमधाम से मनाई । जिले के झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। संस्था ही साथ पाकुड़ जिले के विष्सूत्री कार्यालय के प्रांगन में पाकुड़ प्रखंड एवं नगर स्तरीय एक दिवसीय बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख एजाजुल ईस्लाम ने किए।बैठक में मुख्य रूप से पाकुड़ प्रखण्ड एवं नगर के संयोजक मंडली सदस्य चयन,26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 2 फरवरी को झामुमो स्थापना दिवस की तैयारी, एवं सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पाकुड़ प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली का गठन किया गया जिसमें

1, मुसलएउद्दीन शेख 2, राजेश सरकार 3, अजफरूल शेख 4, कदम रसूल 5, अनेकुल अलम 6, नजरुल इस्लाम 7, मुशर्रफ हुसैन 8, पतरास मरांडी 9, कौसर अली 10, खेएल आलम 11, संतर शेख 12, मुबारक हुसैन 13,अशरफफूल शेक,14, यूसुफ खान 15, रोजिबुल शेख 16, अली शेख 17, प्रकाश हंसदा 18, मुक्लेसुर रहमान 19, लखन मुर्मू 20, दयानन्द भगत 21, साफू शेख 22, स्टीफेन मुर्मू 23, सलीम शेख 24, रामसिंह टुडू 25, महबूल आलम 26, बसीर शेख है तो वहीं

पाकुड़ नगर स्तरीय संयोजक मंडली का गठन किया गया जिसमें

1, मुकेश सिंह 2, नूर आलम 3, उमर फारुख 4, राजेश यादव 5, देवानंद टुडू 6, नसीम अंसारी 7, रियाज अंसारी 8, अब्दुल हलीम अंसारी 9 अमितेश गुप्ता 10, बजले अहमद 11, शमीम अंसारी 12, इस्माइल शेख 13, शमीम अंसारी 14, महफूज शेख 15, कमल राउत 16, जुहूर आलम को मनोनीत किया गया।

बैठक में जिला संयोजक मंडली सदस्य श्याम यादव, समद अली, , कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम, मुसलेउदीन शेख, सुनील टुडू, हबीबुर्रहमान, जोसेफिन हेंब्रम ,निशा सबनम हंसदा, सुनील टुडू,देवीलाल हंसदा, मुकेश सिंह एवं केंद्रीय सदस्य मिथलेश घोष, दीपू मुर्मू, आदि सक्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

अवैध खनन पर एसडीओ ने की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर जब्त

पलामू, एजेंसी। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची स्थित औरंगा नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव करते चार ट्रैक्टर जब्त किये गये है। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने गुप्त सूचना पर मेदिनीनगर से स्पेशल फोर्स ले जाकर सभी ट्रैक्टरों को पकड़ा। सतबरवा थाना में सारे ट्रैक्टरों को लगाया गया है। इस संबंध में खनन विभाग को कार्रवाई के लिए जानकारी दी गयी है। जब्त टैक्टरों में दो ट्रैक्टर डालटनगंज विधायक के सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा का है, जबकि एक ट्रैक्टर कांग्रेस कार्यकर्ता दीपक चन्द्रवंशी एवं एक वीरेन्द्र कुशवाहा का बताया गया है। कार्रवाई के क्रम में विधायक प्रतिनिधि के जरिये एसडीओ की बात विधायक से कराने का प्रयास करने पर अनुमंडल पदाधिकारी काफी नाराज हुई। सदर एसडीओ ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पोची स्थित औरंगा नदी से हर दिन बड़े पैमाने पर बालू का उठाव करके तस्करी की जाती है। इसी सूचना पर मेदिनीनगर से स्पेशल टीम ले जाकर मंगलवार सुबह करीब पांच बजे अचानक छापेमारी की गयी। एसडीओ जब पोची पहुंची तो उन्हें औरंगा नदी से चार ट्रैक्टर बालू लेकर आते दिखे। एसडीओ ने सभी ट्रैक्टरों को पकड़ा और थाने में लगा दिया। एसडीओ की इस कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कंप मच गया है। इसके साथ ही विधायक प्रतिनिधि और कांग्रेस नेता की काली कमाई का भी खुलासा हुआ है।

महिला की हत्या मामले का खुलासा, पति गिरफ्तार

बोकारो, एजेंसी। बोकारो पुलिस ने महिला की हत्या की गुत्थी 48 घंटे के अंदर सुलझा लेने का दावा किया है। पुलिस ने महिला के पति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए रांची से एफएसएल और फिंगर एक्सपर्ट को बुलाना पड़ा। वारदात बालीडीह थाना क्षेत्र में 19 जनवरी को हुई थी। रेलवे कॉलोनी के खंडहरनुमा आवास के बाथरूम से महिला का शव बरामद किया गया था। महिला की गला घोटकर हत्या की गई थी। हत्यारा कोई और नहीं, बल्कि पति ही निकला। दरअसल, उक्त महिला और आरोपी तमिलनाडु की एक कंपनी में काम करते थे। इसी दौरान दोनों में प्यार हुआ और चार महीने पहले दोनों ने शादी कर ली। महिला बार-बार ससुराल जाने की जिद करती थी, इसी बात को लेकर आरोपी पति खफा रहता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी अपनी पत्नी के साथ तमिलनाडु से अपने घर बोकारो आ रहा था। बोकारो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद उसने स्टेशन के पास ही रेलवे कॉलोनी के खंडहरनुमा मकान में लेजाकर पत्नी की हत्या कर दी और उसके कपड़े इधर-उधर फेंक दिया, जिससे यह लगे कि कोई घटना हुई है। इसके बाद वह अपने चाचा के पास चला गया। पत्नी का मोबाइल भी उसने अपने साथ रख लिया था। बोकारो एसपी ने कहा की पूरे मामले में हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया गया है। महिला के आधार कार्ड सहित अन्य सामान बरामद कर लिया गया है।

जमीन विवाद में सदाकत पर हुआ था जानलेवा हमला, एक गिरफ्तार

लातेहार , एजेंसी। जिले के लातेहार थाना क्षेत्र में सोमवार को सदाकत अंसारी के ऊपर जानलेवा हमला हुआ था। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम में कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त का नाम सागर शर्मा है। उसके पास से पुलिस ने एक कार और हथियार जब्त किया है। वहीं उसकी निशानदेही पर अन्य हथियार और गोलियां बरामद की गयीं ।जमीन विवाद को लेकर सागर ने अपने पिता रमेश शर्मा के साथ मिलकर सदाकत अंसारी के ऊपर जानलेवा हमला किया। दोनों ने मिलकर सदाकत पर छुरा और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किया और फिर फायरिंग भी की। इस काम में सागर की मां मूर्ती देवी ने भी साथ दिया था। इसको लेकर एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। एसपी ने बताया की सोमवार को सूचना मिली कि करीब साढ़े नौ बजे डुरुआ गांव के घोड़ा करम में एक विवादित जमीन को लेकर विवाद हुआ था। इस घटना में सदाकत अंसारी बेहद जख्मी हो गया है। इसके बाद एसपी ने लातेहार एचडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल एक युवक की गिरफ्तार कर लिया। बाकी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

कन्यादान योजना के लंबित आवेदनों का जल्द निष्पादन करें: डीसी

धनबाद, एजेंसी। धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय सभागार में जनता दरबार लगाया। उन्होंने शहरी व दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की फरियाद सुनीं। निरसा के रांगामाटी से आई एक सेविका ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लंबित आवेदनों का मुद्दा उठाया। कहा कि सीडीपीओ की लापरवाही से 11 आवेदन लंबित हैं। इस पर डीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं राजगंज बाजार की एक महिला ने अपने मकान के बगल में स्थित नए मकान से घुसते पानी की समस्या का मुद्दा उठाया। जनता दरबार में गोविंदपुर के लोगों यशलोक नगर में स्थित शराब दुकान को वहां से हटाने की मांग की। कहा कि शराब दुकान के पास मनचलों का जमावड़ा होने से स्थानीय लोगों व राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनता दरबार में जमाबंदी, बंदोबस्ती रद्द करने, पेंशन, अवैध कब्जा, भूमि मापी प्रमाणपत्र न मिलने और भूमि अधिग्रहण से संबंधित कई मामले आए। डीसी ने कुछ का निष्पादन किया और बाकी आवेदनो को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी उपस्थित थे।

आदिम जनजाति बिरहोर के मौत मामले में अब एसटी-एससी आयोग में मामला दर्ज,

रांची, एजेंसी। हज़ारीबाग़ जिले के केरेडारी प्रखंड में भारत सरकार की महारत्न कंपनी एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना में खनन के दुष्प्रभाव से आदिम जनजाति समुदाय के किरणी बिरहोर और बहादुर बिरहोर की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को जवाब नहीं मिला है। हज़ारीबाग़ जिला प्रशासन ने अभी तक जवाब नहीं भेजा है। उधर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मामला दर्ज कर लिया है।

एक्टिविस्ट मंटु सोनी की शिकायत एवं आपत्तियों के बाद मामला दर्ज : एक्टिविस्ट मंटु सोनी की शिकायत एवं आपत्तियों के बाद मामला दर्ज किया गया है। इसकी जानकारी आयोग ने शिकायत कर्ता को दी है। इसके पूर्व आयोग ने हज़ारीबाग़ डीसी-एसपी से जवाब मांगा था। जवाब मिलने पर शिकायत कर्ता से आयोग ने आपत्ति दर्ज करने को कहा था। इसके बाद आयोग को पूरी जानकारी देते हुए षड्यंत्र की जानकारी दी गयी थी।

हजारीबाग डीसी-एसपी के जवाब से आयोग असंतुष्ट : एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल खनन परियोजना के खनन स्थल के समीप आदिम जनजाति समुदाय के बिरहोर टोला निवासी नाबालिग किरणी बिरहोर और बहादुर उर्फ दुर्गा बिरहोर की मौत के मामले में मंटु सोनी की शिकायत पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने हज़ारीबाग़ डीसी-एसपी से जवाब मांगा था। डीसी-एसपी द्वारा आयोग को भेजे गये जवाब पर शिकायत कर्ता ने प्रश्न खड़ा किया। कहा कि खनन से पूर्व वन अधिकार अधिनियम के तहत बिरहोर परिवारों को उनके लिए उपयुक्त जगह पर क्यों नही बसाया गया फॉरेस्ट क्लियरेंस में वनाधिकार अधिनियम के अनुपालन की गलत रिपोर्ट क्यों दी गयी

खनन से पूर्व बिरहोर परिवारों ने उन्हें बसाने का आवेदन डीसी को दिया : खनन से पूर्व बिरहोर परिवारों ने बसाने का आवेदन डीसी को दिया। उसे क्यों इग्नोर किया गया सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय जांच दल की रिपोर्ट पर कार्रवाई क्यों नही हुई।

उनकी मौत पर खनन एजेंसियों द्वारा किस आधार पर 40 हजार मुआवजा दिया गया दो मौत होने पर शवों का पोस्टमार्टम क्यों नही कराया गया इस पूरे प्रकरण के पीछे की कहानी आयोग को बतायी गयी कि कोयला मंत्रालय द्वारा समय और लक्ष्य के मुताबिक चट्टी बरियातू कोयला परियोजना से उत्पादन,खनन और परिवहन में विलंब के लिए बैंक गारंटी का तीस प्रतिशत जब्त कर लिया गया था। इसलिए जिला प्रसाशन से मिलीभगत कर प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा आनन-फानन में आदिम जनजाति समुदाय पर आने वाले खतरे को दरकिनार कर खनन कार्य चालू किया गया था।

जेएसएससी सीजीएल परिणाम के लिए अब 26 मार्च तक करना होगा इंतजार

रांची, एजेंसी। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक और परीक्षा परिणाम जारी करने के मामले पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सरकार के वकील की ओर से 4 हफ्ते की मोहलत मांगी गई, और चीफ जस्टिस ने अगली सुनवाई की तारीख 26 मार्च निर्धारित की। सरकार की ओर से झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट में सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि सीआईडी फिलहाल शिकायतों की जांच कर रही है और जांच की रिपोर्ट सौंपने के लिए 4 हफ्ते का समय मांगा।

परीक्षार्थियों और अन्य शिकायतकर्ताओं द्वारा दिए गए प्रमाणों को सीआईडी की टीम ने जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब में भेजा है। जांच रिपोर्ट आने में अभी समय लगेगा। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी, और उसके बाद ही परीक्षा परिणामों के बारे में कोई अपडेट या निर्णय लिया जाएगा।

जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर सितंबर से ही विवाद जारी है। अभ्यर्थी लंबे समय से परिणाम के इंतजार में हैं लेकिन हर बार कोर्ट में सुनवाई की नई तारीखें आती जा रही हैं। हालांकि जेएसएससी द्वारा फाइनल आंसर की जारी किया जा चुका है और उन्होंने चयनित उम्मीद्वारों की एक सूची भी डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के लिए जारी की थी। 16 से 20 दिसंबर तक रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी ऑफिस में 16 से 20 दिसंबर तक डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन हुआ जहां पर कुछ छात्रों ने विपक्षी दलों के नेताओं के नेतृत्व में जमकर हंगामा किया और डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन को बाधित करने की कोशिश भी की, लेकिन प्रशासन ने वहां मामले को बिगड़ने नहीं दिया।

पारा शिक्षकों के मानदेय में 4 फीसदी की वृद्धि, अब मिलेंगे अधिकतम 25200 रुपए

रांची, एजेंसी। प्रदेश के करीब 60 हजार पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) के मानदेय में चार फीसदी की बढ़ोत्तरी की गयी है। इन्हें अधिकतम 25,200 रुपए मिलेंगे। मानदेय में बढ़ोत्तरी एक जनवरी से प्रभावी है। मानदेय बढ़ोत्तरी के बाद किस कोटि के शिक्षक को कितना मानदेय मिलेगा, इसका निर्धारण कर जिलों को पत्र भेज दिया गया है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने इस संबंध में सभी जिलों को पत्र भेज गया है। शिक्षा परियोजना द्वारा मानदेय निर्धारण के आधार पर ही अब जिलों के द्वारा शिक्षकों के मानदेय की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजा जायेगा। शिक्षकों के मानदेय में एक जनवरी 2025 से 900 से लेकर न्यूनतम 672 रुपए तक की मासिक वृद्धि की गयी है।

झारखंड में अब शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) सफल कक्षा छह से आठ तक के शिक्षकों को 25200 रुपए मानदेय मिलेगा। शिक्षकों को न्यूनतम 10500 रुपए मानदेय मिलेगा। झारखंड सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2022 के अनुसार अप्रशिक्षित शिक्षकों के मानदेय में कोई बढ़ोत्तरी नहीं होगी। इस कारण अप्रशिक्षित शिक्षकों के मानदेय में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। जिलों को भेजे गये पत्र में वैसे शिक्षक जो टेट सफल नहीं हैं, उनके आकलन परीक्षा पास करने पर मानदेय में 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी के बाद मिलने वाली राशि की भी जानकारी दी गयी है।

सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2022 के अनुरूप शिक्षकों के मानदेय में जनवरी 2023 से बढ़ोत्तरी होनी थी। शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी प्रति वर्ष मूल मानदेय के आधार पर होगा या फिर बढ़ोत्तरी के बाद मिलने वाले मानदेय पर, इस संबंध में शिक्षा विभाग ने वित्त विभाग से मार्गदर्शन मांगा था। वित्त विभाग के मार्गदर्शन के आधार पर प्रति वर्ष मूल मानदेय के आधार पर बढ़ोत्तरी होगी। इस कारण शिक्षकों को पिछले वर्ष की मानदेय बढ़ोत्तरी की राशि नहीं मिली थी। अब जिन शिक्षकों के मानदेय बढ़ोत्तरी के अनुरूप राशि नहीं मिली थी, उन्हें जनवरी 2023 से दिसंबर 2024 तक के बकाया मानदेय का एरियर मिलेगा।

साइबर फ्रॉड, धोखाधड़ी व रोजगार के नाम पर ठगी सहित 222 मामले आये, 26 का हुआ निष्पादन

धनबाद, एजेंसी। डीजीपी के निर्देश पर धनबाद के छह केंद्रों में बुधवार को पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत शिविर लगाये गये। कतरास में शिविर का उद्घाटन कोयलांचल के डीआइजी सुरेंद्र झा, धनबाद के लुबी सर्कुलर रोड में एसएसपी एचपी जनार्दनन ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी समेत सभी डीएसपी व एसडीपीओ मौजूद थे। जिले के छह स्थानों पर आयोजित शिविर में कुल 222 मामले आये। इसमें 26 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया।

डीआइजी सुरेंद्र कुमार झा ने कहा कि डीजीपी के निर्देश पर पुलिस को आम जनता से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में तीसरी बार शिविर लगाये गये। अभियान के तहत इसमें लोगों की शिकायतों का निष्पादन किया जा रहा है। शिविरों में शिकायतों के निष्पादन के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ बीडीओ, सीओ, बिजली विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पारा लीगल वॉलेंटियर व निगम के अधिकारी मौजूद थे। पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने का प्रयास -एसएसपी एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि शिविर के माध्यम से पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है।

शिविर में ये मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया है। पुलिस से जुड़ी जिन शिकायतों का तत्काल निष्पादन नहीं हुआ, वैसे मामलों के निस्तारण के लिए एक समय सीमा निर्धारित करते हुए शिकायतकर्ता को सूचित किया जायेगा। शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का गठन किया गया है। शिविरों में कहां-कितने मामले आये बाघमारा अनुमंडल के थानों के लिए कतरास स्थित राजस्थानी धर्मशाला स्थित शिविर में कुल 55 आवेदन आये। इसमें पुलिस विभाग से संबंधित 16 तथा अन्य 39 आवेदन प्राप्त हुए। सिंदरी अनुमंडल के लिए जोरापोखर स्थित टाटा कम्युनिटी सेंटर के शिविर में 22 आवेदन पहुंचे। पुलिस विभाग से संबंधित 11 व अन्य विभागों के 11 आवेदन शामिल है।

एलसी रोड कला भवन में शिविर में 51 आवेदन आये। इसमें पुलिस विभाग से 17 व अन्य 34 आवेदन। निरसा पॉलिटेक्निक में 27 आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस विभाग से 15 एवं अन्य विभाग से संबंधित 12 आवेदन आये। हरदेव धर्मशाला गोविंदपुर में आयोजित शिविर में 56 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें पुलिस विभाग से 16 एवं अन्य विभाग से जुड़े 40 आवेदन शामिल है। टुंडी स्थित मॉडल स्कूल पथुरिया में 11 आवेदन प्राप्त हुए। कला भवन के शिविर में सबसे ज्यादा जमीन संबंधी मामले आये कला भवन के शिविर में ज्यादातर जमीन संबंधी मामले आये। इसके अलावा धनबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले आरपीएसएफ जवान से साइबर ठगी, बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित निजी कंपनी द्वारा छात्रों के साथ धोखाधड़ी, फर्जी कंपनी द्वारा बीसीसीएल के सेवानिवृत्त कर्मी से एफडी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने, धनसार के बरमसिया की युवती से रोजगार दिलाने के नाम पर साढ़े छह लाख रुपये की ठगी के मामले आये। इसके अलावा बैंक मोड़ थाना अंतर्गत ऊपर मोहल्ला निवासी शबीना खातून ने दूसरी बार जन शिकायत समाधान शिविर में अपने पति के खिलाफ दर्ज शिकायत पर अबतक कार्रवाई नहीं होने का आवेदन लेकर पहुंची थीं।

देवघर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम, आईजी ने ने दिया समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश

देवघर , एजेंसी। देवघर प्रखंड के मसनजोरा में बुधवार को जिला पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दुमका प्रक्षेत्र के आईजी क्रांति कुमार गढ़देशी ने किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर थानों में आपकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो आप वरीय अधिकारियों के पास जाएं। समारोह में पुलिस उप महानिरीक्षक सह देवघर एसपह अजीत पीटर डुंगडुंग, एसडीएम रवि कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जसीडीह, देवीपुर, मधुपुर, करौं, मारगोमुंडा, पथरोल, कुंडा, सरावां, रिखिया थाना क्षेत्र के लोग पहुंचे थे। 18 लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये। इसमें जमीन विवाद, पेंशन, घरेलू विवाद, सड़क दुघर्टना से संबंधित मामले थे।

देवघर एसपी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि पहले कार्यक्रम में 41 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जनमें 40 का निष्पादन किया गया है। जबकि दूसरे कार्यक्रम में 39 शिकायतें मिली थीं, जिनमें 38 का निष्पादन कर लिया गया है।

बचे हुए एक शिकायत का निष्पादन करने की प्रकिया जारी है। देवघर एसडीएम ने जमीन व पेंशन से संबंधित शिकायतों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया।इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन जीतेश राजपाल, अंचलाधिकारी अनिल कुमार, देवघर एसडीपीओ अशोक कुमार सिंह, मधुपुर एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, ट्रैफिक डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद, हेड क्वार्टर डीएसपी वेंकटेश प्रसाद, जसीडीह थाना प्रभारी दीपक कुमार, सार्जेंट मेजर, मुखिया अशोक ठाकुर, पूर्व मुखिया बबलू पासवान, रामसेवक गुंजन सहित छह थाने के थाना प्रभारी मौजूद थे।

गांडेय बजार में गोलगप्पे को लेकर मचा बवाल, आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया स्थिति तनावपूर्ण

गांडेय , एजेंसी। गुपचुप व चाट खाने को लेकर बुधवार की देर शाम गांडेय बाजार के ठेला चौक पर ठेला संचालक राजकुमार राम व टोपैया के दो युवकों के बीच विवाद हो गया।

दोनों युवकों ने ठेला वाले की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे रुद्रा संकेत कुमार व विकास पाठक नामक युवक की दोनों मनबढ़ युवकों ने पिटाई कर दी।

दोनों युवक दूसरे समुदाय के हैं। देखते ही देखते दोनों ओर से दर्जनों लोग जमा हो गए जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

इधर, दोषियों पर कार्रवाई को लेकर ठेला वाले के समर्थन में स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे तथा गिरिडीह-जामताड़ा मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गए।

इसकी सूचना के बाद सीओ मोहम्मद हुसैन, बीडीओ निशात अंजुम, इंस्पेक्टर मोहम्मद कमाल खां, गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रसाद सिंह दलबल के साथ पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। देर रात दोनों पक्ष से आधा दर्जन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गांडेय बाजार के अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में हटिया लगा हुआ था। गांडेय बाजार में राजकुमार ने हर दिन की तरह ठेला लगाया था। शाम तकरीबन सात बजे टोपैया के दो युवक ठेला वाले के पास चाट खाने पहुंचे थे।

इस दौरान राजकुमार ने समीप खड़ी महिला

ग्राहक को गुपचुप खिलाने के लिए दोनों युवकों को बगल से हटने के लिए कहा। इस बात पर दोनों ने उसकी पिटाई कर दी। दोनों युवकों ने अपने गांव से दर्जनों लड़कों को भी बुला लिया।

इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस ने माइकिंग कर हुड़दंगियों को शांत रहने की चेतावनी दी।

मारपीट की यह घटना धीरे-धीरे सांप्रदायिक रूप लेने लगी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने मोर्चा संभाला। इसकी सूचना पर सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, बेंगाबाद इंस्पेक्टर ममता कुमारी, अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुससामी समेत ताराटांड़ व जिला से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।

गांडेय थाना में प्रशासन ने बुद्धिजीवियों व दोनों पक्षों के साथ बैठक हुई। इसमें पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी के अलावा प्रमुख राजकुमार पाठक, बीस सूत्री अध्यक्ष ध्रुवदेव पंडित, गांडेय मुखिया अमृतलाल पाठक, श्याम कुमार पाठक, मो अकबर अंसारी, मो शाकिर, हाजी उस्मान, अर्जुन बैठा, इन्द्रदेव पाठक शामिल हुए।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस मामले को लेकर दोनों पक्ष आवेदन देंगे। इसके आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर दोषी पर कार्रवाई करेगी।

सर्दी में टूटने लगा गर्मी का रिकॉर्ड, जनवरी में ही चाईबासा का पारा 33.8 डिग्री

रांची, एजेंसी। सर्दी के मौसम में झारखंड में गर्मी का रिकॉर्ड टूटने लगा है। कई शहरों का अधिकतम तापमान अभी से 30 डिग्री के पार हो गया है। चाईबासा का उच्चतम पारा 33।8 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है। जमशेदपुर, डाल्टेनगंज, खूंटी का भी तापमान 30 डिग्री से अधिक हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी है। आईएमडी ने कहा है कि 20 जनवरी 2024 को रांची का अधिकतम तापमान 17।4 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया था, जो इस साल 27 डिग्री रहा। बात जमशेदपुर के अधिकतम तापमान की करें, तो यह पिछले वर्ष यानी 20 जनवरी 2024 को 21 डिग्री सेल्सियस था, जो 20 जनवरी 2025 को 30।5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि इन दिनों जनवरी के महीने में ठंड की बजाय गर्मी का अहसास हो रहा है।

मौसम केंद्र की ओर से गुरुवार (23 जनवरी) को जारी वेदर रिपोर्ट के मुताबिक, जमशेदपुर का उच्चतम तापमान 30।9 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 3।5 डिग्री अधिक है। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 30।7 डिग्री सेल्सियस है, जो सामान्य से 4।9 डिग्री अधिक है। चाईबासा का उच्चतम तापमान 1 डिग्री बढ़कर 33।8 डिग्री सेल्सियस हो गया है, जो सामान्य से 7।9 डिग्री अधिक है।

राज्य के प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक हो गया है। राजधानी रांची समेत अधिकतर जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर चला गया है। रांची के न्यूनमत तापमान में 0।1 डिग्री की मामूली गिरावट आई है, लेकिन यह 12 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 2।2 डिग्री अधिक है।



जमशेदपुर के न्यूनतम तापमान में 1।1 डिग्री की वृद्धि हुई है और यह 12।8 डिग्री सेल्सियस हो गया है। यहां का न्यूनतम तापमान सामान्य से 1।7 डिग्री अधिक है। डाल्टेनगंज का न्यूनतम पारा 0।8 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 11।8 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया, जो सामान्य से 2।8 डिग्री अधिक है। चाईबासा का न्यूनतम पारा 1।4 डिग्री बढ़कर 11।8 डिग्री रहा और यह सामान्य से 0।2 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

रांची, जमशेदपुर, डाल्टेनगंज और चाईबासा के उच्चतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। रांची का तापमान 2।2 डिग्री बढ़कर 28।8 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 4।6 डिग्री अधिक है। जमशेदपुर का पारा 0।4 डिग्री बढ़कर 30।9 डिग्री हो गया, जो सामान्य से 3।5 डिग्री अधिक है। डाल्टेनगंज में भी तापमान 0।9 डिग्री बढ़ गया है। यहां का अधिकतम तापमान 30।7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4।9 डिग्री अधिक है।

झारखंड में सबसे कम न्यनतम तापमान गुमला जिले में रिकॉर्ड किया गया। यहां का न्यूनतम पारा 7।8 डिग्री सेल्सियस रहा। चाईबासा का अधिकतम तापमान समूचे झारखंड में सबसे अधिक 33।8 डिग्री सेंटीग्रेड रहा। राजधानी रांची के हिनू में अधिकतम तापमान 28।8 डिग्री और कांके में 25।3 डिग्री दर्ज किया गया। हिनू का न्यूनतम तापमान आज 12 डिग्री और कांके का 10।3 डिग्री सेंटीग्रेड रहा।

भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकडऩे और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे। केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा। मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोडऩे की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया। भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजंसियों के लिए तकनीकी रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुडऩे से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा। इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकडऩे की व्यवस्था हो सकेगी। भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं। कड़े कानूनों का लाभ तभी है, जब विदेश में छिपे घोषित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें सजाएं दी जा सकें। भगोड़ों को पकड़ कर देश वापस लाने के मोदी सरकार के दावों की लंबे समय से फजीहत होती रही है। तय रूप से शाह इस स्थिति से निकलने के प्रति गंभीर होंगे। बेहतरीन होती विदेश नीति का फायदा लेते हुए सरकार को उच्च तकनीक के मार्फत दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने में आसानी होगी। हैकर्स और जालसाजों द्वारा अति गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने की गुंजाइश पर भी नजर रखी जा सकेगी।

वृद्ध लोग समाज के मूल्यवान सदस्य

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में ग्लोबल हेल्थ स्पैन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की। सम्मेलन में सबसे अहम बात बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता के रूप में उभरकर सामने आई। सम्मेलन में करीब दो हजार से अधिक वैज्ञानिक, उद्यमी, नीति निर्माता और विचारक एकत्रित हुए। उन्होंने बुजुर्ग होते समाज के भविष्य के समक्ष आने वाले महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर गहनता से चर्चा की। उनका कहना है कि दुनिया में स्वस्थ वृद्धावस्था के अप्रयुक्त अवसरों के साथ-साथ उभरते हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, नीतिगत परिवर्तन और भविष्य के लिए आवश्यक निवेश पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। सम्मेलन में यह बात भी सामने आई कि आज वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा 73.4 वर्ष है, जिसके बढ़कर सौ साल होने की उम्मीद की जा सकती है। वक्ताओं ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद हमारे जीवन के अंतिम वर्ष अक्सर दीर्घकालिक बीमारी में गुजर रहे हैं। उम्र बढऩे के साथ कई पूर्वाग्रह और बुढ़ापे को सामाजिक और आर्थिक बोझ के रूप में पेश करने की कहानी सामने आ रही है। कोलंबिया विविद्यालय में प्रोफेसर जॉन आर. बिर्यड ने कहा कि कामकाजी उम्र की आबादी में वृद्ध आश्रितों की संख्या का अनुपात नकारात्मक धारणाओं को मजबूत करता है और समाज में वृद्ध वयस्कों के सार्थक योगदान को नजरअंदाज करता है। अमेरिका और यूरोप में वृद्ध वयस्क भुगतान किए गए काम, स्वयं सेवा और देखभाल के माध्यम से सकल घरेलू उत्पाद का अनुमानित सात फीसद योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध आबादी आर्थिक स्थिरता और नवाचार के लिए भी एक अप्रयुक्त शक्ति हो सकती है। अमेरिका में 50 से अधिक उम्र के उद्यमियों की संख्या साल 2007 के मुकाबले साल 2024 में दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक जीने से हमें रिटायरमेंट शब्द से भी रिटायर होना पड़ सकता है। अनुमानित जीवनकाल शताब्दी के करीब पहुंचने के साथ हम उम्मीद कर सकते हैं कि हमारा कामकाजी जीवन अतिरिक्त 20-40 वर्षो तक बढ़ जाएगा। यह शिक्षा और काम के बारे में हमारी सोच को फिर से परिभाषित करेगा। वहीं कार्यबल में बने रहने के कारण अर्थशास्त्र से परे भी है। इस बात के बढ़ते प्रमाण हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद काम करने से हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है। साथ ही मानसिक प्रगति और सामाजिक जुड़ाव भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों को समाज के मूल्यवान सदस्य के रूप में स्वीकार करने के लिए नकारात्मक रूढ़िवादिता को समाप्त करना होगा तथा लंबी आयु के लाभों के बारे में सार्वजनिक धारणा को व्यक्तियों, समाजों और अर्थव्यवस्था तक पहुंचाना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि विकसित देशों में स्वास्थ्य सेवा की लागत का बड़ा हिस्सा उम्र बढऩे और उम्र से संबंधित बीमारियों से प्रेरित है। फिर भी उम्र बढऩे और स्वास्थ्य अवधि विज्ञान को बहुत कम धन उपलब्ध है। अमेरिका अल्जाइमर रोग के इलाज पर सालाना लगभग 305 बिलियन डॉलर खर्च करता है। यह आंकड़ा 2050 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। यूएस रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का अनुमान है कि हृदय रोग और स्ट्रोक के कारण देश को स्वास्थ्य सेवा व्यय और उत्पादकता हानि के रूप में प्रतिवर्ष 363 बिलियन डॉलर का नुकसान होता है। मधुमेह के कारण अनुमानित वार्षिक स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ 327 बिलियन डॉलर है, जबकि गठिया और संबंधित बीमारियों के कारण होने वाला खर्च 303 बिलियन डॉलर से अधिक है। वहीं देश वृद्धावस्था के लक्षणों के उपचार पर अरबों डॉलर खर्च करता है। अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वार्षिक अनुसंधान बजट का एक प्रतिशत से भी कम या 337 मिलियन डॉलर वृद्धावस्था के जीव विज्ञान को समझने में खर्च होता है।

छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती संख्या, जीवन-मरण का प्रश्न बनती प्रतिस्पर्धा

डॉ. सत्यवान सौरभ

वैसे तो इस दौर में पूरी युवा पीढ़ी ही भयावह मानसिक व्याधि से विचलित है, इनमें विशेषतः छात्र विचलन गंभीर चिंता का विषय है। हमारे देश में प्रति 100 में 15 से अधिक छात्र अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है, उससे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा नही उतर पाने वाले, परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को घर पर पिटना पड़ता है। परीक्षा और नतीजों के दबाव में छात्रों की आत्महत्याएँ आम होती जा रही हैं। छात्र आत्महत्याओं में बेतहाशा वृद्धि के पीछे मानसिक तनाव सबसे आम कारक बन चुका है। तनावग्रस्त छात्रों की आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ रहा है। जैसे-जैसे परीक्षा के दिन निकट आते हैं, छात्रों का तनाव हद से गुजरने लगता है। पूरी युवा पीढ़ी का परीक्षा के दिनों में ऐसे हालात से दो-चार होना देश और समाज, अभिभावकों और शिक्षाविदों, सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। शिक्षा क्षेत्र में दशकों से व्याप्त कई बुनियादी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों पर अभी तक पार पाने में कामयाबी नहीं मिली है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को अनिवार्य कर दिए जाने के बाद से छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन करने के लिए भारी तनाव का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दबाव को संभालने, माता-पिता की अपेक्षाओं को पूरा करने और आकांक्षाओं को प्राप्त करने में असमर्थता मनोवैज्ञानिक संकट और बाद में अवसाद का कारण बन सकती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अकादमिक उत्कृष्टता की निरंतर खोज ने अनजाने में छात्रों के बीच तीव्र दबाव और प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा कर दिया है। शैक्षणिक उपलब्धियों पर अत्यधिक ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक अपेक्षाओं और असफलता के डर ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने चिंता, अवसाद और तनाव की वृद्धि में योगदान दिया है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कई बार छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन करने का लगातार दबाव रहता है। वे अपनी तुलना दूसरों से करते हैं। यह अंतर्निहित दबाव मानसिक परेशानी के विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जिसमें चिंता, विफलता का डर और कम आत्मसम्मान शामिल है। गंभीर मामलों में, मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ आत्म-नुकसान का कारण बन सकती हैं और यहाँ तक कि आत्महत्या के प्रयासों के विचार को भी जन्म दे सकती हैं। प्रतियोगी पाठ्यक्रम के भारी-भरकम बोझ से बच्चों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। इससे बच्चों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। बच्चों के जीवन में तनाव के पौध की बड़ी वजह यह भी है कि लंबे समय तक स्कूल के घंटों के बाद बच्चे घर लौटते ही होमवर्क निपटाने में जुट जाते हैं। इसके बाद ट्यूशन के लिए दौड़ पड़ते हैं। खाना-पीना, सोना, खेलकूद, सब हराम हो जाता है। आराम करने और अन्य पाठ्येतर गतिविधियाँ करने का उन्हें समय ही नहीं मिलता है। ऐसे में छात्रों के लिए कम नींद और अवसाद की स्थिति या गंभीर तनाव का सबब बनी रहती है। वर्तमान प्रतियोगी दौर में छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना इस अवसाद के पीछे महत्त्वपूर्ण कारक हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। हर शिक्षक, हर रिश्तेदार कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्त्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है या जहाँ उसकी रुचियाँ हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ बहुत कम की जाती है। इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में। शैक्षिक संस्थानों से समर्थन की कमी के चलते बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने के लिए सुसज्जित नहीं है और मार्गदर्शन और परामर्श के लिए केंद्रों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है। ऐसे कठिन दौर में आज छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत जरूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा शिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा बर्ताव करना है। छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की बढ़ती व्यापकता से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें व्यक्ति, संस्थान और समग्र रूप से समाज शामिल हो। सफलता को फिर से परिभाषित करना और छात्रों को अपने जुनून और रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। केवल शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित सफलता की संकीर्ण परिभाषा से आगे बढ़ने से छात्रों को अपनी अद्वितीय प्रतिभा का पता लगाने और अपने चुने हुए रास्ते में पूर्णता पाने का मौका मिलता है। आत्महत्या के जोखिम कारकों को कम करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना और परीक्षा के नवीन तरीकों को अपनाया जाना चाहिए। छात्रों की सराहना करने की आवश्यकता है और यह बदलना महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय समाज शिक्षा को कैसे देखता है। प्रयासों का उत्सव होना चाहिए न कि अंकों का। छात्रों की चिंताओं, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को दूर करने के लिए सभी स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग केंद्रों में प्रभावी परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। बढ़ते संकट को दूर करने के लिए अतीत की विफलताओं से सीखना और छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, संस्थानों और नीति निर्माताओं सभी हितधारकों को शामिल करने वाले तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

सुभाष चंद्र बोसः पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत

गजेन्द्र सिंह शेखावत

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है। इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो। सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में 'स्वराज' नामक एक समाचार पत्र शुरू किया। नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिफ़र् एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नज़रबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिफ़र् एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और ज़रूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था। उन्होंने घोषणा की, मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आज़ादी के लिए सिफ़र् शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के ज़रिए हो या आज़ाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के ज़रिए, बोस ने दिखाया कि आज़ादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की ज़रूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना। यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है, भले ही आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा हो। नेताजी ने आईएनए के भीतर झांसी की रानी रेजिमेंट का गठन करके नारी शक्ति के महत्व को मान्यता दी, एक पूरी तरह से महिला रेजिमेंट जिसने महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके विश्वास को सुदृढ़ किया। ये आदर्श माननीय प्रधानमंत्री के भारत के विज़न में अच्छी तरह से परिलक्षित होते हैं, जहाँ महिलाएँ देश के भविष्य को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं। पराक्रम दिवस, नेताजी की अमर विरासत का एक वार्षिक अनुस्मारक आयोजन बन गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों से युक्त समारोहों के पिछले आयोजनों ने उनके योगदान को प्रतिष्ठा दी है, जिसमें कोलकाता और दिल्ली प्रमुख आयोजन स्थल हैं, जहाँ उनकी एकता और देशभक्ति की भावना सड़कों पर गूंजती थी। इस वर्ष, कटक में, इस कार्यक्रम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उनके मूल स्थान का सम्मान करता है। एक ऐसी दुनिया में जो सुदृढ़ता और नवाचार की मांग करती है, उनकी जीवन गाथा युवाओं को एक विकसित भारत - एक आत्मनिर्भर, विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने और कार्य करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। जैसा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था, सुभाष चंद्र बोस का नाम देशभक्ति की भावना जगाता है और राष्ट्र को साहस और निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। आइए हम एक उज्ज्वल, मजबूत भविष्य के लिए मिलकर काम करके उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं।

लेखक केंद्रीय संस्कृति मंत्री हैं

शब्द पहेली - 8382



बाएँ से दाएँ

1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण-4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

ऊपर से नीचे

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला -4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

शब्द पहेली -8381 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

मेष राशि : आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। आज कुछ लोग आपके काम में मदद कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं... उनके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कविता लोगों को काफी पसंद आएगी... आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका ताल मेल अच्छा बना रहेगा, घर का फैंसी डेकोरेशन करवाने का मन बना सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है, काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही... इनकम बढ़ने के भी चांस नजर आ रहे हैं। छात्र अपने विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे।

कन्या राशि : आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे, आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे, ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद होगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं... कठिन विषयों को समझने के लिये अपने सिनीयर की मदद लेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्रॉंग रहेंगे। इंजीनियर्स को बड़ा फायदा होगा। इस राशि के जो मैनेजर पोस्ट के लोग है.. अपने काम को अच्छे से संभालेंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी.... आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है.... घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। दूसरे लोग भी आपकी योजना से प्रभावित होंगे।

मकर राशि :आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे..... लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। कुछ मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं।

कुंभ राशि : आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है... आप उनसे अपनी निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए दिन ठीक-ठाक है, पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर हो जाएगी।

मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025

राज्यपाल बोले-भारत की संस्कृति से जुड़ी हैं सहकारिता आंदोलन की जड़ें

पटना, एजेंसी। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि सहकारिता आंदोलन की जड़ें भारत की संस्कृति और प्राचीन परंपराओं से जुड़ी हैं। उन्होंने गीता के एक श्लोक का उद्धरण देते हुए कहा कि एक-दूसरे का सहयोग करके और आगे बढ़ाकर ही परम श्रेय को प्राप्त किया जा सकता है। यह आगे बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने का मंत्र है, जिसे भगवान श्रीकृष्ण ने इस ग्रंथ में बताया है। राज्यपाल ने कहा कि एकता और आपसी सहयोग के इस स्थायी सिद्धांत ने सहकारी समितियों को बढ़ावा दिया है, जो स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाती हैं और जमीनी स्तर पर विकास को आगे बढ़ाती हैं। वे बुधवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित सहकारी चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने राज्यस्तरीय केसीसी मेगा शिविर का उद्घाटन किया और सहकारी प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल ने कहा-भारत में सहकारी आंदोलन की जड़ें 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में देखी जा सकती हैं, जब ब्रिटिश सरकार की औपनिवेशिक आर्थिक नीतियों ने भारतीय आबादी के एक बड़े हिस्से को गरीब और असुरक्षित बना दिया था। भारत में सहकारी समिति की औपचारिक मान्यता 20वीं सदी की शुरुआत में पहली सहकारी समिति की स्थापना के साथ हुई। वर्ष 1904 में भारतीय सहकारी अधिनियम लागू किया गया, जिससे भारत में सहकारी समितियों की स्थापना की नींव रखी गई।

सुधा के प्रोडक्ट विदेश भेजे जाएंगे

पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने कहा कि अगले तीन महीने में सुधा के प्रोडक्ट विदेश भेजे जाएंगे। सुधा घी, पेड़ा और अन्य उत्पादों को अमेरिका भेजा जाएगा। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सहकारी चौपाल कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सहकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

अथमलगोला प्रखंड से इसकी शुरुआत होगी। राज्य के 23 जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और बिहार राज्य सहकारी बैंक की 290 शाखाओं में केसीसी ऋण वितरण होगा। कार्यक्रम में निबंधक सहयोग समितियां इनायत खान, अपर सचिव अभय कुमार सिंह और अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता विभाग पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से खाद्यान्न खरीदा जा रहा है। इस खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान की खरीदारी की जा रही है। इस वर्ष 45 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य है। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल (साधारण धान) और 2320 रुपए प्रति क्विंटल (ग्रेडए धान) की दर से क्रय किया जा रहा है। किसानों को धान का पैसा 48 घंटे के भीतर खाते में भेजा जा रहा है। राज्य के रैयत और गैर रैयत दोनों प्रकार के किसानों से धान खरीदा जा रहा है। रैयत किसानों से अधिकतम 250 क्विंटल और गैर रैयत से अधिकतम 100 क्विंटल धान खरीदा जा सकता है।

गेहूं की खरीद अप्रैल या मई से होगी। बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के तहत राज्य के सब्जी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सब्जी उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को प्रोसेसिंग वेराइटी के टमाटर और आलू की खेती के लिए पौधे और बीज उपलब्ध कराए गए हैं। इनके द्वारा उत्पादित टमाटर खरीद कर प्रोसेसिंग शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही आलू भी खरीद कर प्रोसेसिंग कर विपणन किया जाएगा। पहले चरण में 4477 पैक्सों को कंप्यूटराइज किया जा चुका है।

संक्षिप्त समाचार

लक्ष्मी चौक के पास वेंडिंग जोन में शिफ्ट होंगे फुटपाथी दुकानदार

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। अब शहर के फुटपाथी दुकानदारों के वेंडिंग जोन का सपना पूरा होने वाला है। लक्ष्मी चौक के पास वेंडिंग जोन में स्थानीय वेंडरों को शिफ्ट किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को माइकिंग शुरू हो गई। लक्ष्मी चौक और आसपास के इलाकों में निगम की गाड़ी पर लगे लाउडस्पीकर के जरिए फुटपाथी दुकानदारों को वेंडिंग जोन के लिए चिह्नित स्थल पर जाने को कहा जा रहा है। लक्ष्मी चौक से बैरिया जाने वाले मेन रोड के किनारे एमआईटी की बाउंड्री से सटे स्थल पर फुटपाथी दुकान शिफ्ट की जाएंगी। इसको लेकर फुटपाथी दुकानदारों के प्रतिनिधिमंडल के साथ नगर आयुक्त की बातचीत भी हुई है। संबंधित स्थल पहले से तय होने व स्टॉल की नंबरिंग होने के बावजूद वेंडिंग जोन खोलने का मामला लंबे समय से अटका हुआ था।

छह महीने में नौ स्थानों पर खोले जाएंगे वेंडिंग जोन : छह महीने में लक्ष्मी चौक समेत नौ स्थानों पर वेंडिंग जोन खोलने का लक्ष्य है। इस पर निगम की टीम काम कर रही है। शहर में 4320 रजिस्टर्ड वेंडर हैं, लेकिन एक भी वेंडिंग जोन नहीं है। इसके कारण सड़कों के किनारे फुटपाथी दुकान लगाई जाती है। अतिक्रमण हटाने को लेकर चलाए जाने वाले अभियान के दौरान वेंडरों की परेशानी बढ़ जाती है। नगर आयुक्त विक्रम विरकर ने कहा कि लक्ष्मी चौक से वेंडिंग जोन की शुरुआत की जाएगी। जल्द ही फुटपाथी दुकानदारों को वहां शिफ्ट किया जाएगा। इसको लेकर संबंधित वेंडरों के साथ बैठक भी हो चुकी है। माइकिंग के जरिए सूचना दी जा रही है। मानसून से पहले नौ जगहों पर वेंडिंग जोन बनाने का लक्ष्य है। इस पर काम हो रहा है।

एनटीपीसी कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव पद पर 17 वोट से मनोज आर्या विजयी

भागलपुर, एजेंसी। एनटीपीसी कर्मचारी कल्याण संघ का चुनाव शांतिपूर्ण बुधवार को तरीके से संपन्न हुआ।इसके अलावे कर्मचारी कल्याण संघ के सद्स्यों सहित स्पोर्ट काउंसिल का चुनाव भी साथ में संपन्न हुआ। वहीं कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव पद पर मनोज आर्या ने लगातार पांचवीं बार जीत हासिल किया। मनोज आर्या को कुल 233 वोट व इनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी दिनकर शर्मा को 216 वोट मिले। जबकि सदस्यों में अतिश कुमार आतिश, अभय कुमार साह, अमरकांत शरन, नंदन कुमार,गौतम पाल व रघुनंदन ने विजयी हासिल किया । उधर स्पोर्ट काउंसिल के महासचिव पद पर मयंक वर्मा ने बाजी मारी। जबकि स्पोर्ट्स काउंसिल के ज्वाइंट सेक्रेटरी पद पर मुकेश सिंह ने विजयी हासिल की,साथ ही स्पोर्ट्स काउंसिल के सदस्यों में पहले स्थान पर अजय यादव, दूसरे स्थान दीपक मंडल तीसरे पर नंदन कुमार व चौथे स्थान पर राजकुमार यादव रहे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ 1100 दीपों का प्रज्वलन

भागलपुर, एजेंसी। 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर ऋषि अष्टावक्र मंदिर परिसर के निकट संध्याकालीन गंगा आरती और 1100 दीपों का प्रज्वलन किया गया । ऋषि अष्टावक्र तीर्थ क्षेत्र सेवा न्यास एवं राघव परिवार के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही महाप्रसाद का वितरण किया गया। श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में रामधुन,जुलूस,व अन्य धार्मिक आयोजन आयोजित किया गया।

5 दिन से लापता व्यक्ति का मिला शव, जहानाबाद में परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

जहानाबाद, एजेंसी। जहानाबाद के परस बीघा थाना क्षेत्र में महुआ बीघा गांव के पास एक गड्ढे से स्थानीय निवासी संजय शर्मा का शव बरामद हुआ है। वह पिछले 5 दिनों से लापता थे। मृतक के भाई भुटन शर्मा के अनुसार, संजय अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए कुछ दिन पहले गांव आया था। वह बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। 5 दिन पहले वह किसी काम से घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार उसकी तलाश कर रहा था। बुधवार की शाम को गांव की कुछ महिलाएं जब बधार में घास काट रही थी, तब उन्होंने गड्ढे में एक शव देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी।

सड़क हादसे में महिला की मौत, 3 जख्मी

भागलपुर में अनियंत्रित होकर पलटी ई-रिक्शा, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रौंदा

भागलपुर, एजेंसी। भागलपुर के सन्हौला थाना क्षेत्र के घोंघा मुख्य मार्ग स॥-84 थाना चौक के समीप सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घटना के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके बाद, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में सवार महिला को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि घोंघा के तरफ से सन्हौला जा रही तेज रफ्तार में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटी मार दी। वहीं, सामने से आ रहे ट्रैक्टर की भी रफ्तार तेज थी। जिसकी वजह से ब्रेक नहीं लगा पाया। घटनास्थल परमौजूद स्थानीय लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की पहचान धोरैया थाना क्षेत्र के कचरती निवासी सुरेंद्र गोस्वामी की पत्नी फेंकनी देवी (45) के रूप में हुई है। सूचना के बाद मौके पर परिजन पहुंचे। परिजनों ने बताया कि वह घर से ट्रेन पकड़ने के लिए घोंघा जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात ट्रैक्टर की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

इतिहास में दर्ज होगा बिहार की मिथिला का मखाना

भागलपुर, एजेंसी। बिहार के मिथिला की खास पहचान मखाना अब इतिहास में दर्ज हो जाएगा। डाक विभाग इस पर विशेष आवरण तैयार करेगा। इसके लिए विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। प्रस्ताव पर स्वीकृति मिल जाने के बाद इसको लेकर जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे न सिर्फ बिहार और मिथिला क्षेत्र बल्कि मखाना उत्पादित करने वाले प्रदेश के अन्य जिले भी गौरवान्वित होंगे। डाक विभाग की ओर से मखाना पर तैयार किये जाने वाले इस विशेष आवरण को लोग संजोकर रख सकेंगे। दरअसल, बिहार के मिथिला क्षेत्र के मखाना को जीआई टैग मिला हुआ है। किसी भी राज्य या इलाके में उत्पादित विशेष उत्पाद पर डाक विभाग की ओर से गाइडलाइन के अनुसार डाक टिकट जारी करने का प्रावधान है।

किसी भी राज्य या फिर इलाके में एक से ज्यादा उत्पादों के प्रसिद्ध होने की परिस्थिति में ऐसे खाद उत्पाद पर डाक विभाग की ओर से विशेष आवरण जारी किया जाता है। अब न केवल बिहार के मिथिला क्षेत्र में बल्कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों के जलीय हिस्सों में भी मखाना का उत्पादन बड़े पैमाने पर शुरू कर दिया गया है। जबकि इसे उत्पादित करने वाले किसानों को इसका पूरा-पूरा लाभ फिलहाल नहीं मिल पा रहा है। डाक विभाग की ओर से विशेष आवरण जारी किये जाने के बाद इसकी पहचान बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में बढ़ जाएगी। इससे मखाना को न केवल राष्ट्रीय पहचान मिलेगी बल्कि लोगों में इसकी जानकारी भी बढ़ेगी। इधर, हाल ही में बीते 15 जनवरी को बिहार के बेगूसराय जिला स्थित बरौनी रिफाइनरी के गौरवमयी 60 वर्ष पूरे होने के मौके पर वहां हीरक जयंती का आयोजन किया गया था। इस दौरान वहां पूर्वी प्रक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल मनोज कुमार व अन्य अधिकारियों ने बरौनी रिफाइनरी पर विशेष डाक टिकट जारी किया है। साल 1965 में स्थापित बरौनी रिफाइनरी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की दूसरी रिफाइनरी है।

मखाना की पहुंच अब बिहार से निकलकर देश-विदेश तक में

बिहार में कई ऐसे उत्पाद हैं, जो देश-विदेश में भी प्रसिद्ध हो चुके हैं। उनमें सैकड़ों उत्पादों को जीआई टैग भी मिल चुका है। इनमें से एक मखाना भी है। मखाना की पहुंच अब न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के साथ-साथ अब विदेशों में भी हो चुकी है। ऐसे में मखाना पर डाक विभाग की ओर से विशेष आवरण जारी किये जाने के बाद इसकी महत्ता और बढ़ेगी। इस बाबत पूर्वी प्रक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल मनोज कुमार ने बताया कि मखाना पर विशेष आवरण जारी किये जाने को लेकर प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जबकि इससे अलग विभाग की ओर से कई इलाकों के उत्पादों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

क्या कहते हैं अधिकारी?

मिथिला की पहचान मखाना को जीआई टैग मिला है। डाक विभाग की ओर से इस पर विशेष आवरण जारी करने को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही इसपर निर्णय लिया जाएगा। -मनोज कुमार, पोस्टमास्टर जनरल, पूर्वी प्रक्षेत्र

मुजफ्फरपुर जंक्शन पर मोबाइल चोर गिरफ्तार

ट्रेन में सोए यात्री का मोबाइल चुराकर भाग रहा था

रेल पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुजफ्फरपुर रेल पुलिस ने संघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान, मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन में सोए यात्रियों के मोबाइल चुराकर भाग रहे एक चोर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से दो चोरी के मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मिठनपुरा थाना क्षेत्र के मोहमद आलम के रूप में हुई है, जो पहले भी मोबाइल चोरी के आरोप में दो बार जेल जा चुका है। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रेल थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर यात्रियों सुरक्षा में मुजफ्फरपुर जंक्शन पर कई रेल पुलिस कर्मी को तैनात किया गया है। जंक्शन पर तैनात पुलिस ने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर 15028 ट्रेन के आगमन के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा, जो चलती ट्रेन से उतरकर भागने की कोशिश कर रहा था।

पुलिस ने तुरंत उसे खदेड़कर पकड़ा और उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास से दो चोरी के मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की, जिसके बाद दोनों मोबाइल जब्त कर लिए गया। गिरफ्तार व्यक्ति को जीआरपी के हवाले कर दिया गया, जहां उसे मोबाइल चोरी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

किलोमीटर भत्ता के लिए लोको रनिंग कर्मियों ने दिया धरना

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की केंद्रीय कमेटी के निर्णय पर बुधवार को जंक्शन के क्रू लॉबियों पर धरना-प्रदर्शन दिया गया। इसमें रेलवे बोर्ड द्वारा लोको रनिंग कर्मियों के साथ भेदभाव व वेतन से वंचित करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष कपिलदेव यादव ने की। इसमें ट्रेन मैनेजर व लोको पायलट संयुक्त रूप से शामिल हुए। समस्तीपुर डिविजन के लोको पायलट भी शामिल हुए। मुजफ्फरपुर शाखा सचिव बीरझन चौधरी ने बताया कि महंगाई भता 50प्रतिशत करने के बाद भत्तों में 25प्रतिशत की वृ?द्धि की परंपरा रही है। लेकिन, टीए में 25प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई, जबकि लोको रनिंग कर्मियों को किलोमीटर भता मिलता है। इसे नहीं बढ़ाया गया। इससे लोको रनिंग कर्मियों में असंतोष है। उन्होंने कहा कि यह भेदभाव व्यवहार लोको रनिंग कर्मियों को पसंद नहीं है। इसके खिलाफ फरवरी में 24 घंटे के लिए डीआरएम कार्यालय पर भूख हड़ताल किया जाएगा। धरना को मंडल मंत्री पिनाकी नंदन, शाखा सचिव बीरझन चौधरी, झुन्नू कुमार, मिथलेश कुमार, अशोक कुमार, ट्रेन मैनेजर संतोष कुमार, सुभाष चंद्रा, बिनोद कुमार, प्रकाश कुमार, रमेंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया। सभा में प्रिंस राजदान, ईश्वर चंदन विद्या सागर व अन्य थे।

2 बहनों से हथियार के बल पर छेड़खानी : मुंगेर में नशे में धुत 6 युवकों ने किया हमला

मुंगेर, एजेंसी। मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर अखाड़ा के पास बुधवार की शाम शराब के नशे में धुत छह युवकों ने दो बहनों से छेड़खानी की और विरोध करने पर पूरे परिवार पर हमला कर दिया। घटना के समय दोनों बहनें घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान लड्डू यादव, गोलू यादव, कृष्णा कुमार, छोटू कुमार, सुरज कुमार और ललन यादव ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने हथियार दिखाकर छेड़खानी शुरू कर दी। बहनों के शोर मचाने पर उनके पिता अनिल यादव और भाई शिवम कुमार, जो पास में बकरी चरा रहे थे, मदद के लिए आए। परिवार के विरोध करने पर आरोपियों ने सभी के साथ बेरहमी से मारपीट की।

पूर्णिया में रिटायर्ड सिविल सर्जन के घर में चोरी:ताला तोड़कर जेवरात समेत कीमती सामान ले गया चोर

सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी गायब

पूर्णिया, एजेंसी। पूर्णिया के हाउसिंग कॉलोनी इलाके में रिटायर्ड सिविल सर्जन डॉ. एपी शाही के घर में बेखौफ चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। शातिर चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, कैश और कीमती सामान चुरा लिया।

साथ ही घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गए। डॉ. एपी शाही पिछले दो महीने से इलाज के सिलसिले में परिवार के साथ पूर्णिया से बाहर थे और घर की देखरेख का जिम्मा उनके क्लिनिक के कंपाउंडर रघुनंदन मंडल को सौंप कर गए थे। वे सप्ताह भर में लौटने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही उनका घर चोरों के निशाने पर आ गया।

कंपाउंडर रघुनंदन मंडल ने दी जानकारी

घटना की जानकारी मिलते ही के.हाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कंपाउंडर रघुनंदन मंडल ने बताया कि बुधवार की सुबह जब वे डॉ. शाही के घर पहुंचे तो पाया कि मुख्य दरवाजे का कुंडी टूटा हुआ था और अंदर जाने पर तीनों कमरों के दरवाजे भी टूटे हुए थे। घर का सामान बिखरा पड़ा था और कीमती सामान गायब थे। चोरों ने वारदात को अंजाम देने के बाद सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी निकालकर ले गए।

फिलहाल, रिटायर्ड सिविल सर्जन के घर लौटने के बाद ही चोरी हुए सामानों की सही जानकारी मिल सकेगी। पुलिस ने घटना की तफ्तीश शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। के.हाट थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

प्रेम प्रसंग में बीसलपुर के युवक की निर्मम हत्या, गुप्तांग कुचला

बरेली, एजेंसी। पीलीभीत जिले के बीसलपुर निवासी युवक मुजम्मिल की प्रेम प्रसंग में गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका गुप्तांग भी कुचल दिया। आरोपियों ने हाथ-पैर बांधकर उसका शव बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव बरकापुर में नहर किनारे फेंक दिया। बीसलपुर पुलिस ने इज्जतनगर पुलिस के साथ आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया। इसके बाद बीसलपुर में दर्ज गुमशुदगी के मामले को हत्या में तरमीम कर दिया गया है। बीसलपुर पुलिस ही मामले का राजफाश करेगी। इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को बुधवार सुबह बरकापुर गांव में नहर किनारे युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो नहर पटरी के पास झाड़ियों में शव मिला। इसी दौरान बीसलपुर थाने के इंस्पेक्टर क्राइम विनोद कुमार शर्मा एक युवक को लेकर वहां पहुंच गए।

भदोही में तेज रफ्तार का कहर: खड़े ट्रक में घुसी कार, उड़े परखच्चे

भदोही , एजेंसी। भदोही जिले की कोतवाली क्षेत्र के कंसरायपुर बाईपास मार्ग पर बुधवार की रात खड़े ट्रक में पीछे से आई तेज रफ्तार अर्टिगा कार घुस गई। इससे कार के परखच्चे उड़ गए। घटना में कार की अगली सीट पर बैठे व्यक्ति की सीएचसी चौरी रोड पहुंचते ही मौत हो गई। जबकि दुर्घटना के बाद कार चालक भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक, कार नंबर यूपी-66 2122 जमुनीपुर कालोनी की प्रभावती देवी के नाम से पंजीकृत है। कार बुधवार की शाम इंदिरा मिल की ओर से तेज रफ्तार रजपुरा की ओर जा रही थी। रास्ते में कंसरायपुर में कार खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गई। घटना के दौरान तेज आवाज सुनकर आस पास के लोगों की नींद खुली तो घटनास्थल की ओर भागे।

मौके पर देखा कार की बाईं ओर का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। वहां बैठा व्यक्ति बुरी तरह फंस गया था। किसी तरह लोगों की मदद से उसे बाहर निकाल कर राजकीय एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। देर रात मौके पर पहुंचे कोतवाल अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रात से ही मृतक की पहचान कराने का प्रयास हो रहा है। अब तक नहीं हो सका है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष का कारावास

बहराइच , एजेंसी। फखरपुर के दुजईपुरवा शिवराजपुर गांव निवासी एक अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट ने बुधवार को सात वर्ष की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पीड़िता की आयु को देखते हुए प्रतिकर की धनराशि देने का आदेश भी दिया है। फखरपुर के एक गांव निवासी पिता ने थाने पर 27 अप्रैल 2018 को तहरीर दी थी। तहरीर में पिता ने कहा था कि उसकी 10 वर्षीय बेटी 25 अप्रैल 2018 को घर में सो रही थी। इसको थाना क्षेत्र के दुबईपुरवा शिवराजपुर गांव निवासी आलोक कुमार वर्मा उठाकर ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस शिकायत को दर्ज कर जांच किया था। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि के कोर्ट पर चल रहा था। इसकी सुनवाई करते हुए बुधवार को न्यायालय ने आरोपी को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने पीड़िता की आयु को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को प्रतिकर देने के लिए संस्तुति की है।

आठ दिन से बिजली गुल, उपभोक्ताओं का हंगामा

जैदपुर (बाराबंकी), एजेंसी। जैदपुर बिजली उपकेंद्र से जुड़े रानीगंज फीडर के टांड़पुरवा गांव में बीते आठ दिन से व्याप्त बिजली संकट से नाराज उपभोक्ताओं ने बुधवार को पावर हाउस पहुंच कर हंगामा किया। नाराज उपभोक्ताओं ने शिकायत के बाद भी समस्या दूर न होने पर मौजूद एसडीओ को अपनी मांग का ज्ञापन सौंपते हुए चेताया कि सुनवाई न होने पर क्षेत्रीय लोग धरना प्रदर्शन को विवश होंगे। रानीगंज फीडर के टांड़पुरवा गांव में बीते 14 जनवरी को एक लकड़ी ठेकेदार बाग में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा रहा था।

मौसम ने अचानक लिया यू-टर्न, घने कोहरे के साथ बढ़ी ठिठुरन; बारिश का अलर्ट...

लखनऊ, एजेंसी।
यूपी की राजधानी लखनऊ सहित अवध क्षेत्र में मौसम ने गुरुवार को अचानक यू-टर्न लिया। दो दिन धूप खिलने से पारा उछला, जो गुरुवार सुबह घने कोहरे और ठंड के साथ एकदम से बढ़ गया। इससे गलन और ठिठुरन बढ़ गई। वाहन गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए लाइट जलाकर रेंगते हुए दिखे।

वहीं स्कूली बच्चों और आफिस जाने वाले लोगों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोग अलाव के पास बैठकर ठंड से बचाव करते नजर आए। सड़कों पर एक तरह से सन्नाटा छाया रहा। अति आवश्यक होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। मौसम विभाग के अनुसार आज बारिश के भी आसार हैं।

यूपी के ज्यादातर हिस्सों में पिछले दो दिनों से धूप खिलने से दिन के पारे में उछाल देखने को मिला है। साथ ही ठंड में कमी आई है। तराई के इलाकों में कोहरे और सर्दी का असर बरकरार है। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के कुछ जिलों में गुरुवार को बूंदाबांदी के आसार हैं।

प्रदेश में तमाम जगहों पर वर्ष 2021 के बाद जनवरी में सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। 30 डिग्री के साथ वाराणसी सबसे गर्म और सात डिग्री के साथ अयोध्या सबसे ठंडा रहा। गुरुवार को प्रदेश के तराई समेत 48 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से गुरुवार को पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, शामली, गाजियाबाद, नोएडा आदि में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं। इससे पहले बुधवार को यूपी के कुछ तराई जिलों को छोड़कर ज्यादातर इलाकों में अच्छी धूप खिली। तपिश भरी धूप की वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी भी दिखी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से बृहस्पतिवार को पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। वहीं कई इलाकों में सुबह से ही घना कोहरा देखने को मिलेगा।

आगरा में सुबह-सुबह तेज बारिश, फिर पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

आगरा में बुधवार को खिली धूप ने शहरवासियों को राहत दी। सुबह सर्दी के तेवर सख्त थे, लेकिन दिन में चटक धूप निकली। वहीं गुरुवार को सुबह-सुबह हुई बारिश की वजह तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इधर, मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार-शनिवार को घने कोहरे के आसार बन रहे हैं।

ये तापमान किया गया दर्ज

पिछले 15 दिनों से कड़ाके की सर्दी झेल रहे शहरवासियों को संक्रांति पर निकली धूप ने राहत दी। सुबह से ठंडी हवाएं चल रही थीं, लेकिन दिन में तेज धूप चटकते ही ठंड का असर भी कम महसूस हुआ। धूप निकलने से अधिकतम तापमान 20.3 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्यिस रिकॉर्ड किया गया।

छाएगा घना कोहरा

अधिकतम तापमान सामान्य से 1.1 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार शुक्रवार को घना कोहरा छा सकता है। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष अंतर नहीं पड़ेगा।

जितने भवनों पर मिलेगा बार कोड उतने यूजर चार्ज का होगा भुगतान, मेयर और अधिकारी करेंगे निरीक्षण

वाराणसी, एजेंसी। वाराणसी नगर निगम की व्यवस्थाओं को लेकर मेयर अशोक कुमार तिवारी ने बुधवार को स्मार्ट सिटी में बैठक की। मेयर ने कहा कि सभी भवनों में बारकोड 31 जनवरी तक लगाए जाएं। एक फरवरी से मेयर और अधिकारी सुबह 7 से 9 बजे बारकोड का निरीक्षण करेंगे। जितने भवनों पर बारकोड होगा, उसी आधार पर डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए यूजर चार्ज का भुगतान होगा।

बैठक में मेयर ने कहा कि दाखिल खारिज का निस्तारण 45 दिन में पूरा कराएं। विवादित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर निस्तारण कराए। होटल लॉज का सर्वे करें। जल निगम की ओर से 18 वार्डों में सीवर लाइन डालने के लिए सर्वे में प्रगति न होने पर नाराजगी जताई। परियोजना प्रबंधक कमल सिंह को 31 जनवरी तक सर्वे पूरा कर डिजाइन पेश करने का निर्देश दिया। मेयर ने कहा कि इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। सुजाबाद डोमरी में डाली जा रही सीवर लाइन में गड़बड़ी ठीक नहीं कराने, संबंधित अवर अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई न करने पर परियोजना प्रबंधक पर नाराजगी जताई। रविंद्रपुरी कॉलोनी में सीवर कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क ठीक करने और मिट्टी को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। कहा कि गंगा घाटों पर सीवर ओवरफ्लो न होने पाए।

आजमगढ़ में बंदर ने मचाया उत्पात, बिजली का पोल हिलाकर गिराया; बाल- बाल बची लोगों की जान

आजमगढ़ , एजेंसी। आजमगढ़ नगर के कटरा त्रिमुहानी पर बृहस्पतिवार की सुबह एक बंदर विद्युत पोल पर चढ़ा और उसे जोर-जोर से हिलाने लगा। तभी पोल जड़ से टूटकर गिर गया। एक पोल गिरते ही उसके साथ एक पोल और गिर गया। जबकि अन्य कुछ पोल बिजली सहित अन्य प्रकार के लगे तारों की वजह से टीका रहा। संयोग ही था कि उस दौरान बिजली कटी थी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

लोगों का आरोप है कि कई बार बिजली विभाग के लोगों से जर्जर पोल को बदलने के लिए शिकायत की गई। लेकिन बिजली विभाग इसे लेकर लापरवाह बना रहा। जिसका परिणाम रहा कि आज बंदर के पोल हिलाने भर से यह घटना हुई।

लोगों ने बताया कि यदि बिजली आपूर्ति चालू होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि सुबह सात बजे के आस-पास कटरा त्रिमुहानी पर लोग चाय पीने आते हैं, इसके अलावा उस मार्ग पर कई स्कूल हैं, साथ ही जहां पोल गिरा है वहां भी एक स्कूल है।

उधर बिजली का पोल गिरने के बाद काफी देर तक लाइन मैन आदि मौके पर तो पहुंच गए थे, लेकिन जेई का कहीं अता-पता नहीं था। लोगों में विभाग के इस लापरवाह रवैये से गुस्सा देखने को मिला।

धर्म परिवर्तन कराने के दोषी ईसाई दंपती को पांच वर्ष की जेल, दो वर्ष पहले दर्ज हुआ था मुकदमा

अंबेडकर नगर, एजेंसी। यूपी के अंबेडकरनगर में धर्म परिवर्तन कराने के दोषी ईसाई दंपती को एससी-एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राम विलास सिंह ने पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।

मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के पिपरिया बैंक कॉलोनी निवासी जोस पापाचन व उसकी पत्नी शीजा एएमएन के खिलाफ जलालपुर के जमौली निवासी भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद ने 23 जनवरी 2023 को केस दर्ज कराया था।

चंद्रिका के अनुसार जोस और शीजा तीन माह से शाहपुर फिरोज गांव की दलित बस्ती में सक्रिय थे। दोनों गरीब परिवारों में जाकर उन्हें बरगलाते थे। 25 दिसंबर को दलित बस्ती में ही बड़ी संख्या में लोगों को इकट्ठा करके धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया। चंद्रिका की शिकायत पर पुलिस ने शाहपुर फिरोज गांव से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से ईसाई धर्म से जुड़ी सामग्री भी बरामद की गई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी दंपती को धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के आरोप में दोषी पाते हुए कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई। शीजा को 18 जनवरी और जोस को 22 जनवरी को जेल भेजा गया।

शादियों के भोज में इटालियन व कोरियन डिश का क्रेज

बाराबंकी , एजेंसी। सहालग के सीजन में अब देसी के साथ ही विदेशी पकवानों को भी शामिल करने का प्रचलन बढ़ने लगा है। इस कारण भोज में देश के अलग-अलग प्रदेशों से जुड़े व्यंजनों के साथ ही इटालियन व कोरियन डिश को भी शामिल किया जा रहा है। सहालग में सजावट, बैंड-बाजे और सवारी के बा मेहमानों की नजरें सबसे ज्यादा शानदार और स्वादिष्ट मेन्यू पर रहती हैं। ऐसे में पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों का मेल मेहमानों को हर शादी में नया अनुभव दे रहा है।

हर बार की तरह इस बार भी सहालग शुरू होने पर कैटरर्स ने मेन्यू में कई नई और खास डिश शामिल की हैं, जो शादी के उत्सव को और यादगार बना रही हैं। अब मेन्यू सिर्फ पारंपरिक भारतीय व्यंजनों तक सीमित नहीं रहा। वर्धमान कैटरर के संचालक बताते हैं कि लोग चोखा-बाटी से लेकर पंजाबी, गुजराती और साउथ इंडियन जैसे क्षेत्रीय व्यंजनों के साथ ही अब इटालियन और कोरियन फ्यूजन को भी पसंद कर रहे हैं। इटालियन फ्लेवर में वुड-फायर पिज्जा, पेस्टो पास्ता तो कोरियन ट्विस्ट में किम्ची राइस, गोचुजांग नूडल्स जैसे व्यंजन शादियों में आने वालों का नया क्रेज बन गए हैं। लेकिन यह विदेशी मेन्यू अभी कुछ खास शादी समारोह तक ही सीमित है। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, कुल्फी फलूदा तो हर सीजन में रहता ही है। शादी के सीजन में ठंड को ध्यान में रखते हुए नई डिश लोगों को नया अनुभव दे रही है।

कैटरर बहादुर बताते हैं कि पंजाबी डिश में अमृतसरी कुलचा ,सरसों का साग और तड़के वाली दाल अब लोगों की पहली पसंद बने हैं। इसके साथ ही फ्यूजन तंदूरी पिज्जा और पंजाबी पाव भाजी को भी लोग पसंद कर रहे हैं। इसमें ढाबे जैसा स्वाद मिलता है। गुजराती स्वाद में खांडवी, ढोकला और फाफड़ा जैसे आइटम्स के साथ कैटरर्स अब फ्यूजन गुजराती तिरंगी खिचड़ी पेश कर रहे हैं। साउथ इंडियन डिश में इडली, डोसा के अलावा, कोकोनट चिली उपमा और पाइसी पोटेटो वड़ा भी खूब पसंद किए जा रहे हैं।

शादी के सीजन में ठंड को ध्यान में रखते हुए गर्मागर्म सूप स्टॉल, मसाला चाय, कॉफी, और लाइव हलवा काउंटर की भारी मांग है। लाइव काउंटर पर तवा तिक्का और पानी पूरी विथ ट्विस्ट जैसे विकल्प आकर्षण का केंद्र बनते हैं।

कैटरर शिवेंद्र वर्मा बताते हैं कि शादियों में मल्टी-स्टॉल कॉन्सेप्ट ने मेहमानों को ज्यादा विकल्प देने की सुविधा दी है। हर स्टॉल पर एक थीम आधारित डिश मिलती है। जैसे, चाट स्टॉल, पिज्जा स्टॉल, पंजाबी ढाबा, स्नैक्स बार, चोखा-बाटी, पान काउंटर का क्रेज बढ़ा है।

इस सीजन कैटरर्स अपने मेन्यू को लेकर काफी रचनात्मक हो गए हैं। लाइव स्ट्रीट फूड काउंटर, हेल्दी ऑप्शन्स जैसे फ्रूट चाट, सलाद और ग्लूटेन-फ्री डिश भी जोड़ रहे हैं। इससे मेन्यू न केवल स्वादिष्ट बल्कि सभी मेहमानों की पसंद के अनुसार भी तैयार हो रहा है।

कानपुर की बारात शालाओं को अवैध कब्जों से मुक्त कराने में सफल केडीए की टीम एक्सीएन मयंक यादव

- जनता के लिए केडीए ने की बरात शालाओं के संचालन की तैयारी
- कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता मयंक यादव की अगुवाई में कब्जों से मुक्त कराई गई की लगभग एक दर्जन बारात शालाएं

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां का कानपुर विकास प्राधिकरण अपनी सभी संपत्तियों को हर तरह से संरक्षित करने में लगातार जुटा हुआ है। इसी के साथ कानपुर विकास प्राधिकरण सभी सामुदायिक केंद्रों बारात शालाओं को आम जनमानसके लिए उपलब्ध कराने की भी तैयारी को अंतिम रूप दे चुका है जिसके तहत बहुत जल्द टेंडर भी डाले जाएंगे।

शहर की लगभग एक दर्जन 1 दर्जन बारात शालाओं को संरक्षित सुव्यवस्थित करने के इस अभियान में कानपुर विकास प्राधिकरण के

निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के कठोर परिश्रमी अधिशासी अभियंता एक्सीएन मयंक यादव अपनी टीम के साथ लगातार जुटे हुए हैं ,जिसके तहत उन्हें शहर की लगभग सभी एक दर्जन बारात शालाओं को अवैध कब्जों से मुक्त कराने में भी सफलता मिली है।

अधिशासी अभियंता के रूप में यहां अपनी चुनौती पूर्ण नियुक्ति के बाद से ही योगी सरकार की मंशा के अनुरूप अपने कर्तव्य पालन में निरंतर लगे और जनहित में अपनी

सराहनीय सेवाओं में भी अग्रणी केडीए के तेज तर्रार व्यवहार कुशल अधिशासी अभियंता मयंक यादव ने बताया कि जहां भी आवश्यक होगा वहां बारात शालाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए उनका सुंदरीकरण भी कराया जाएगा।

फिलहाल आम जनता के हित में कानपुर विकास प्राधिकरण की ओर से जो तैयारी है ,उसके मुताबिक इन बारात शालाओं के लिए बहुत जल्द टेंडर प्रक्रिया भी संपादित की जा जायेगी , जिसके बाद इसका लाभ शादी विवाह में वह लोग भी उठा सकेंगे ,जो अपने आयोजनों को महंगे गेस्ट हाउस लेकर करने में सक्षम और समर्थ नहीं है।

पिछले 18 साल में आया बड़ा बदलाव: अलीगढ़ के विकास ने छुआ आसमान

अलीगढ़ , एजेंसी। किसी भी शहर के विकास में परिवहन व्यवस्था अहम भूमिका निभाती है। शहरवासियों ने तांगा, बैलगाड़ी को दौड़ते खूब देखा। जमाना बदला तो पिछले 18 सालों में जिंदगी का यह सफर तांगे से लेकर टेंपो, बस, ई-बस को दौड़ते देखा, मगर अब अलीगढ़ के आसमान में हवाई जहाज उड़ान भर रहा है। यहां के लोगों ने इसकी कल्पना कभी नहीं की थी। अपना जिला तेजी से विकास कर रहा है। बहुत चीजें बदल गई हैं। खेत और खलिहान के बीच पक्षियों को उड़ते लोगों ने तमाम बार देखा लेकिन जब 11 मार्च 2024 को धनीपुर एयरपोर्ट से पहले चरण में 19 सीटर विमान ने पहली बार उड़ान भरी तो हजारों आंखें आसमान की ओर थीं। सिटी मजिस्ट्रेट रामशंकर ने बताया कि दूसरे चरण में यहां से 90 सीटर विमानों के जरिये दूसरे शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू होगी। यहां एयरबस-320 एवं बोइंग-737 जैसे सबसे बड़े विमान भी उतर सकेंगे।

नई ट्रेनों के ठहराव की आस हुई पूरी: देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गो में से एक दिल्ली-हावड़ा ट्रैक पर अलीगढ़ जंक्शन पर यात्रियों की नई ट्रेनों के ठहराव की मांग पूरी होती दिखी। यात्रियों की मांग पर यहां ईएमयू, टूंडला -पलवल, वंदे भारत, अलीगढ़-कानपुर मेमू, कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस को ठहराव मिल चुका है। हालांकि अभी तक बिहार संपर्क क्रांति, राजधानी के ठहराव की मांग अभी पूरी नहीं हो सकी है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार यात्रियों की संख्या के अनुरूप नई ट्रेनों के ठहराव व सुविधाओं की बेहतरी के लिए प्रयास जारी हैं।

बाईपास पर बनेगा नया बस स्टैंड: शहर के गांधीपार्क बस स्टैंड के बंद हो जाने के बाद मसूदाबाद व सारसौल सेटलाइट के रोडवेज बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। हालांकि शहर की बढ़ती आबादी व जाम की समस्या को देखते हुए रोडवेज ने हाईवे बाईपास पर नया बस स्टैंड बनाने का निर्णय लिया है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि आगामी समय में नई रोडवेज बसें मिलने जा रही हैं। जिससे लोकल रूटों पर ग्रामीणों को यातायात का सुगम साधन उपलब्ध हो सकेगा ।

मैत्री सेवा पर भारी पड़ रही नेपाल की मनमानी

बहराइच , एजेंसी। रोटी और बेटी के रिश्ते वाले पड़ोसी देश नेपाल के बीच संबंध और प्रगाढ़ हों, इसलिए साल भर पहले दोनों देशों के बीच मैत्री बस सेवा शुरू हुई लेकिन नेपाल की मनमानी की वजह से भारतीय बसों को सवारियां ढूंढ़े नहीं मिल रही। वहीं, नेपाल से एक परमिट पर महीने भर में पांच-पांच बसें चल रही हैं। यही हाल रहा तो दोनों देशों के बीच रिश्तों की मिठास फीकी होने में ज्यादा देर नहीं।

11 दिसंबर 2023 को भारत नेपाल मैत्री बस सेवा के तहत भारत से पांच और नेपाल से एक बस चलाने की कवायद शुरू हुई। मकसद था कि नेपाली नागरिक भारत की विविधता से परिचित हो सकें। इसलिए भारत की तरफ से महीने भर में पांच और नेपाल की

ओर से एक बस लगाई गई। वहीं, बीते एक साल में मैत्री बस सेवा पर नेपाल की मनमानी भारी पड़ रही है क्योंकि भारत से जो पांच बसें नेपाल सवारियां लेने जाती हैं, उनमें कुछ दबंग मनमानी करते हैं और भारतीय बसों में नेपालियों को नहीं बैठने देते। उनकी ओर से जो एक बस चलती है उसमें नेपाली लोगों को बैठाने का दबाव रहता है। ऐसे में भारतीय बस के चालक व परिचालक रूपईडीहा में आकर सवारियां भरते हैं। वहीं नेपाली बस पूरी फुल होकर जाती है।

नेपाली बस संचालक ऐसे करते हैं खेल

बार्डर क्रॉस करने पर नेपाली बसों को इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट पर अपना परमिट दिखाना होता है। इसमें संचालक चालाकी करते हुए महीने में एक बार का परमिट मिलते ही उसकी चार-पांच फोटो कॉपी कर लेते हैं। इस तरह फर्जी तरीके से नेपाली बसों के एक परमिट के कागज पर पांच-पांच बसें निकालकर मोटी कमाई करते हैं जबकि भारतीय बसों को सवारियां ढूंढ़े नहीं मिलतीं।

इन रूटों पर चलती हैं मैत्री बस सेवा

नेपाल से रूपईडीहा होते हुए मैत्री बस सेवा वाराणसी, उत्तराखंड, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के लिए चलती है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

सैफ हमला केस-महाराष्ट्र के मंत्री ने एक्टर को कचरा बताया

मुंबई। एक्टर सैफ अली खान हमला मामले में अब राजनीति भी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने बुधवार (22 जनवरी) को पुणे की एक सभा में कहा कि आप मुंबई में बांग्लादेशियों को देखिए। वे सैफ के घर में घुस रहे हैं। पहले वे सड़क के किनारे खड़े रहते थे, अब उन्होंने घर में घुसना शुरू कर दिया है। हो सकता है कि वह उन्हें (सैफ अली खान) ले जाने आया हो। अच्छा है, कचरे को कहीं और ले जाना चाहिए। 'NCP (शरद पवार) की नेता सुप्रिया सुले और जीतेंद्र आव्हाड़ सैफ अली खान, शाहरुख खान के बेटे और नवाब मलिक को लेकर ही चिंता जताते हैं। जब किसी हिंदू एक्टर पर हमला होता है तो ये लोग कभी आगे नहीं आते।' मैंने देखा, जब वे हॉस्पिटल से निकल रहे थे। मुझे शक है कि सैफ अली खान पर हमला हुआ या वे एक्टिंग कर रहे थे। वे पैदल जाते हुए डांस कर रहे थे। इधर, मुंबई पुलिस ने सैफ पर हमले में इस्तेमाल चाकू का तीसरा हिस्सा बरामद किया है। आरोपी शरीफुल ने इसे बांद्रा झील के पास फेंक दिया था। इससे पहले चाकू का एक हिस्सा घटनास्थल से पाया गया था। वहीं, 2.5 इंच लंबे चाकू का दूसरा हिस्सा सैफ के शरीर के अंदर से सर्जरी के जरिए निकाला गया था। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद सैफ अली खान ने अस्पताल ले जाने वाले ऑटो ड्राइवर भजन सिंह से मुलाकात की। सैफ और उनकी मां शर्मिला ने भी ड्राइवर को शुक्रिया कहा। इसके अलावा हमले के 6 दिन बाद बांद्रा पुलिस ने सैफ अली खान का बयान दर्ज किया। दरअसल, सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरु शरण अपार्टमेंट में घुसकर हमला किया गया। इसके बाद सैफ खुद अस्पताल पहुंचे थे। इलाज के बाद एक्टर को 21 जनवरी को डिस्चार्ज किया गया। हमले के बाद सैफ अब सतगुरु शरण अपार्टमेंट की जगह फॉर्च्यून हाइट्स स्थित अपने पुराने घर में रहने आ गए हैं।

पत्नी की बॉडी के टुकड़े किए, प्रेशर कुकर में उबाला, फिर झील में फेंक दिया

हैदराबाद। तेलंगाना में सेना से रिटायर्ड एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद सबूत मिटाने लाश के छोटे-छोटे टुकड़े किए और प्रेशर कुकर में उबालकर झील में फेंक दिया। कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि हड्डियों से मांस अलग करने के लिए आरोपी ने उन्हें मूसल से कुचला था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रंगारेड्डी जिले के मीरपेट के DSP नागराजू ने बताया कि 18 जनवरी को सुबम्मा नामक एक महिला ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसकी बेटी माधवी (35) की 13 साल पहले गुरुमूर्ति के साथ शादी हुई थी। गुरुमूर्ति सेना का रिटायर्ड कर्मचारी है। फिलहाल वह कंचनबाग में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। रंगारेड्डी जिले के DCP एलबी नागर ने बताया कि जिल्लेलागुडा में एक 35 साल की महिला के लापता होने का मामला उसकी मां ने दर्ज कराया था। मामले में पति खुद दावा कर रहा है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज कर जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक पुलिस को शव के टुकड़े नहीं मिले हैं। रंगारेड्डी जिले के DCP एलबी नागर ने बताया कि जिल्लेलागुडा में एक 35 साल की महिला के लापता होने का मामला उसकी मां ने दर्ज कराया था। मामले में पति खुद दावा कर रहा है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पिछले 5 साल से पति-पत्नी अपने दो बच्चों के साथ वेंकटेश्वर कॉलोनी में रह रहे थे। 16 जनवरी को माधवी और उसके पति गुरुमूर्ति के बीच किसी बात पर बहस हुई और वे घर से बाहर चले गए। हत्या वाले दिन गुरुमूर्ति के बच्चे उसकी बहन से मिलने गए थे। उसने गुमशुदगी का नाटक रचा और माधवी के माता-पिता को इस बारे में बताया। मीरपेट एसएचओ के नागराजू ने भी कहा है कि इस मामले को गुमशुदगी का मामला माना जा रहा है, क्योंकि संदिग्ध हत्या का कोई सबूत अभी तक नहीं मिला है। हालांकि, पुलिस ने बताया कि गुरुमूर्ति की माधवी से बहस हुई थी, जिसके बाद उसने उसकी हत्या की।



UP-राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश की संभावना, दिल्ली में कोहरे से कई उड़ानों में देरी

जम्मू/नई दिल्ली/भोपाल। दिल्ली NCR में बुधवार देर रात हल्की बारिश हुई। इससे गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली में ठंड बढ़ सकती है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी घना कोहरा छाया रहा। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली NCR और उत्तरी राजस्थान में बारिश की संभावना है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में लगातार चौथे दिन भी बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बारिश भी हो रही है। कुछ जिलों में तापमान में बढ़ोतरी भी हुई। बुधवार को ऊना का टेम्परेचर 25.6°C रहा। गुरुवार को हिमाचल के 5 जिलों में कोहरे और कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 28 तक राज्य में ऐसा मौसम बना रहेगा। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग, जोजिला पास जैसे ऊंचे इलाकों में मंगलवार को हुई बर्फबारी के कारण गुरेज-बांदीपुरा रोड, सेमथान-किश्तवाड़, मुगल रोड बंद हो गए। यहां बर्फ हटाने का काम जारी है। यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना है। साथ ही बारिश भी हो सकती है।

महाकुंभ में देवकीनंदन बोले-योगी-मोदी से दक्षिणा लिए बिना नहीं जाएंगे

प्रयागराज। महाकुंभ में देवकीनंदन ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- हमारी बहन-बेटियों को स्कूलों में नचाया जा रहा है। हमारी संस्कृति अभी भी आजाद नहीं है। इस बात को आगे बढ़ाने के लिए हमें सनातन बोर्ड चाहिए। योगीजी और मोदीजी इस कुंभ के यजमान हैं। हमारे साथ मौजूद अखाड़ों के पीठाधीश्वर आचार्य हैं। यजमान बढ़िया है तो दक्षिणा भी अच्छी मिलेगी। उन्होंने कहा- बिना दक्षिणा यज्ञ पूरा नहीं होता है। हम दक्षिणा के रूप में यजमान (योगी और मोदी) से सनातन बोर्ड का गठन करने की मांग कर रहे हैं। देवकीनंदन ने वक्फ बोर्ड खत्म करने की भी मांग की। देवकीनंदन ने कहा- 27 जनवरी को सेक्टर-17 में सनातन धर्म संसद में सभी लोग पहुंचें। अगर बैठने की जगह न मिले तो खड़े रहो। खड़े रहने की जगह न मिले तो जाम लगाओ। इतनी ईमानदारी और मजबूती से मांग रखो कि वक्फ बोर्ड है तो सनातन बोर्ड हमें हर हाल में चाहिए। बिना सनातन बोर्ड लिए हम सनातनी कुंभ से वापस नहीं जाएंगे। सभी सनातनी इसी दृढ़संकल्प के साथ 27 जनवरी को सेक्टर-17 पहुंचें। वहीं, अयोध्या में अपर्णा यादव ने कहा- ऐसा कुंभ पहले कभी नहीं हुआ। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मैं 25 जनवरी को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्यों को भी वहां ले जा रही हूं। महाकुंभ का आज 11वां दिन है। अब तक 23 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान कर चुके हैं। ऐसे में 13 जनवरी से अब तक श्रद्धालुओं के स्नान का आंकड़ा 10 करोड़ पार कर गया। सुबह दिगंबर अनी अखाड़े में साधु-संतों ने करतब दिखाए। ढोल-नगाड़ों की धुन पर डांस किया। तलवारें लहराईं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा परिवार के साथ संगम पहुंचे। यहां उन्होंने स्नान किया। वहीं, इसरो ने महाकुंभ की सैटेलाइट से ली गई तस्वीरें शेयर की हैं। ये फोटोज महाकुंभ शुरू होने से पहले की हैं। इसमें परेड ग्राउंड को दिखाया है। शिवालय पार्क की तस्वीरें तीन तारीखों पर ली गई हैं।

ट्रम्प का ऐलान- H1B वीजा बंद नहीं होगा

कहा- अमेरिका को टैलेंट की जरूरत, अगले महीने मोदी-ट्रम्प की मुलाकात संभव

एजेंसी, वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को H-1B वीजा पर भारतीयों के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया। NYT के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि ये वीजा बंद नहीं होंगे। अमेरिका को टैलेंट की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ इंजीनियर ही नहीं चाहिए, अन्य जॉब्स के लिए भी बेस्ट प्रोफेशनल्स आने चाहिए। ये अमेरिकियों को ट्रेनिंग भी देंगे। H-1B पर जारी बहस को लेकर पूछे गए सवाल पर ट्रम्प ने कहा, 'मैं पक्ष-विपक्ष के तर्कों को लेकर सहमत हूं। अभी अमेरिका को जो टैलेंट चाहिए, वह इस वीजा प्रोग्राम से ही मिल सकता है।' अमेरिका में इस हाई स्किल वीजा को पाने वालों में भारतीय पहले नंबर पर हैं। 2024 में जारी कुल 2 लाख 80 हजार H-1B में से भारतीयों को करीब 2 लाख वीजा मिले थे। वहीं, अगले महीने वॉशिंगटन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रम्प की मुलाकात हो सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत और अमेरिका के डिप्लोमैट्स ने इसके लिए द्विपक्षीय तैयारियां तेज कर दी हैं। बैठकों का दौर चल रहा है।

H-1B वीजा क्या होता है? H-1B नॉन-इमीग्रेंट वीजा होता हैं, जिसके तहत अमेरिकी कंपनियों को विशेष तकनीकी दक्षता वाले पदों पर विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति होती है। इस वीजा के जरिए टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियां हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों वर्कर्स की नियुक्ति करती हैं। H-1B वीजा आमतौर पर उन लोगों के लिए जारी किया जाता है, जो किसी खास पेशे (जैसे-IT प्रोफेशनल, आर्किट्रेक्टचर, हेल्थ प्रोफेशनल आदि) से जुड़े होते हैं। ऐसे प्रोफेशनल्स जिन्हें जॉब ऑफर होता है, उन्हें ही ये वीजा मिल सकता है। यह पूरी तरह से एम्पलॉयर पर डिपेंड करता है। यानी अगर एम्पलॉयर नौकरी से निकाल दे और दूसरा एम्पलॉयर ऑफर न करे तो वीजा खत्म हो जाएगा। वीजा पर ट्रम्प समर्थकों की राय बंटी हुई H-1B वीजा को लेकर ट्रम्प समर्थकों की राय भी आपस में बंटी हुई है। लॉरा लूमर, मैट गेट्ज और एन कूल्टर जैसे ट्रम्प समर्थक खुलकर इस वीजा का विरोध कर रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि H-1B वीजा से विदेशी लोगों को अमेरिका में नौकरी मिलेगी और अमेरिकी लोगों की नौकरियां छिन जाएंगी। दूसरी तरफ विवेक रामास्वामी जैसे ट्रम्प समर्थकों ने इसका सपोर्ट किया है। उनका कहना है कि अमेरिका को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए दुनिया के टॉप लोगों को नौकरियों पर रखना चाहिए। ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DoGE) संभालने वाले इलॉन मस्क ने इस प्रोग्राम को खत्म जैसा बताते हुए इसमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की बात कही है।

खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल की हाईकोर्ट में याचिका

अमृतसर। खालिस्तान समर्थक और पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से सांसद अमृतपाल सिंह ने नई पार्टी अकाली दल (वारिस पंजाब दे) के गठन के बाद पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में पहली याचिका दायर की है। याचिका में अमृतपाल सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड देखने के साथ-साथ संसद सत्र में हिस्सा लेने की अपील की है। अमृतपाल सिंह ने अपनी याचिका में दलील दी है कि गणतंत्र दिवस और संसद सत्र में उनकी भागीदारी न्याय और समानता के हित में है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान में निहित मूल सिद्धांतों का प्रतीक बताया है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय महत्व के इन कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी जनहित का मामला है। अमृतपाल ने कोर्ट से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों से कहा जाए कि उन्हें इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की इजाजत दी जाए। सांसद होने के नाते संसद सत्र में हिस्सा लेना और संसद में जनता के मुद्दे उठाना उनका संवैधानिक कर्तव्य है।

थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता

एजेंसी, बैंकॉक

पूर्वी एशिया के देश थाईलैंड में आज यानी 23 जनवरी से समलैंगिक विवाह को कानून मान्यता मिल गई। इसके बाद कई समलैंगिक जोड़ों ने अपनी शादी रजिस्टर कराई। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक एशिया में ताइवान और नेपाल के बाद थाइलैंड तीसरा प्रमुख देश है, जिसने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी है। इस मौके पर पूर्व थाई PM श्रेष्ठा थाविसिन ने कहा हम अमेरिका से भी ज्यादा खुले विचारों वाले हैं। वहीं, प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने X पर लिखा- आज रेनबो फ्लैग (समलैंगिक झंडा) थाईलैंड पर गर्व से लहरा रहा है। नए विवाह कानून में पुरुष, महिला, पति और पत्नी की जगह जेंडर न्यूट्रल शब्दों का इस्तेमाल किया गया है।

नए कानून में ट्रांसजेंडर्स को भी शादी का अधिकार दिया गया है। इस कानून के लागू होते हुए थाई एक्टर अपीवात पोर्श ने अपने पार्टनर साप्पन्यो आर्म के साथ अपनी शादी रजिस्टर कराई। आर्म ने कहा हमने इसके लिए दशकों तक संघर्ष किया और आज एक ऐतिहासिक दिन है। प्यार तो प्यार है। पूर्व थाई प्रधानमंत्री श्रेष्ठा थाविसिन ने इस कानून के लागू होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तंज किया। उन्होंने कहा- हाल ही में एक देश के नेता ने कहा था कि वहां सिर्फ दो ही जेंडर हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हम उनसे कहीं ज्यादा खुले विचारों वाले हैं।

अमेरिका में 20 फरवरी से पहले सीजेरियन डिलीवरी की होड़, इसके बाद जन्मे बच्चों को नागरिकता नहीं मिलेगी

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका में 20 फरवरी से पहले बच्चे को जन्म देने की होड़ मच गई है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक एक भारतीय मूल की स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया कि उन्हें ऐसे करीब 20 फोन आए हैं जिनमें गर्भवती महिलाएं समय से पहले डिलीवरी के लिए सी-सेक्शन यानी सर्जरी कराना चाह रही हैं। दरअसल, राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रम्प ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी कर जन्मजात नागरिकता के अधिकार को समाप्त करने का फैसला किया है। ऐसे में अवैध प्रवासियों या वीजा पर रहने वाले लोगों के उन बच्चों को नागरिकता नहीं मिल पाएगी जिनका जन्म अमेरिका में होगा। ट्रम्प ने इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। 19 फरवरी को यह समय सीमा पूरी हो रही है। यही वजह है कि कई गर्भवती महिलाएं 20 फरवरी से पहले बच्चा पैदा करना चाहती हैं। ट्रम्प के ऐलान के बाद समय से पहले बच्चे को जन्म देने के मामले बढ़े रिपोर्ट के मुताबिक कई भारतीय महिलाएं आठवें या नौवें महीने में, 20 फरवरी से पहले बच्चे पैदा करना चाहती हैं। न्यू जर्सी की डॉ.

एस.डी. रामा ने बताया कि ट्रम्प के ऐलान के बाद ऐसे मामले बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि एक महिला तो सातवें महीने में ही डिलीवरी चाहती है। इसके लिए वे पति के साथ आई थीं और डिलीवरी की तारीख मांग रही थीं।

टेक्सास की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस जी मुक्काला ने समय से पहले बच्चे के जन्म के बाद होने वाले नुकसान पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समय से पहले बच्चे पैदा करना संभव है, लेकिन इससे मां और बच्चे के लिए खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि समय से पहले डिलीवरी से बच्चों में अविकसित फेफड़े, तंत्रिका तंत्र को नुकसान, कम वजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अमेरिका में बढ़े जन्मजात नागरिकता के मामले गृहयुद्ध के बाद, जुलाई 1868 में अमेरिकी संसद में 14वें संशोधन को मंजूरी दी गई थी। इसमें कहा गया था कि देश में पैदा हुए सभी अमेरिकी नागरिक हैं।

ट्रम्प ने बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म की

इस संशोधन का मकसद गुलामी के शिकार अश्वेत लोगों को अमेरिकी नागरिका देना था। हालांकि इस संशोधन की व्याख्या इस प्रकार की गई है कि इसमें अमेरिका में जन्में सभी बच्चों को शामिल किया जाएगा, चाहे उनके माता-पिता का इमीग्रेशन स्टेट्स कुछ भी हो। इस कानून का फायदा उठाकर गरीब और युद्धग्रस्त देशों से आए लोग अमेरिका आकर और बच्चों को जन्म देते हैं। ये लोग पढ़ाई, रिसर्च, नौकरी के आधार पर अमेरिका में रुकते हैं। बच्चे का जन्म होते ही उन्हें अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है। नागरिकता के बहाने माता-पिता को अमेरिका में रहने की कानूनी वजह भी मिल जाती है।

कैलिफोर्निया में फिर से भड़की आग

10 हजार एकड़ इलाका जला, 50 हजार लोगों को घर छोड़ने का आदेश

एजेंसी, लॉस एंजिलिस

अमेरिका के कैलिफोर्निया में पिछले कई हफ्तों से लगी आग एक बार फिर भड़क गई है। इस बार लॉस एंजिलिस के उत्तरी इलाके ह्यूजेस में आग लगी है। बुधवार को लगी आग से करीब 10 हजार एकड़ इलाका जल गया है। आग की वजह 50 हजार लोगों को घर छोड़ने को कहा गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कास्टिक झील के पास लगी इस आग को बुझाने के लिए 4 हजार फायर फाइटर्स को तैनात किया गया है। यहां 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। CNN के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैल रही है कि इससे हर 3 सेकेंड में एक फुटबॉल मैदान के बराबर इलाका जल रहा है। सैटेलाइट डेटा के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 10:45 बजे कास्टिक झील के पास हॉटस्पॉट का पता चला था। इससे पहले लॉस एंजिलिस के आसपास के दक्षिणी जंगलों में 7 जनवरी को आग लगी थी। इसमें 25 लोगों की जान चली गई थी। कैलिफोर्निया का लॉस एंजिलिस शहर पहाड़ों के बीच बसा है। यहां चीड़ के जंगल हैं। यहां 7 जनवरी के आसपास चीड़ के सूखें पेड़ जलने से आग शुरू हुई। अगले कुछ घंटे में आग ने लॉस एंजिलिस के बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। आमतौर पर पतझड़ के मौसम में चलने वाली ये हवाएं काफी गर्म होती हैं। ये दक्षिण कैलिफोर्निया को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। ये हवाएं ग्रेट बेसिन के रेगिस्तानी इलाकों से शुरू होती हैं और पश्चिमी तट की ओर आते हुए रफ्तार पकड़ती हैं।

शॉन करन US सीक्रेट सर्विस के डायरेक्टर बने

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीक्रेट सर्विस के डायरेक्टर के तौर पर शॉन करन को चुना है। ट्रम्प ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। शॉन करन पिछले साल पेंसिलवेनिया में ट्रम्प पर हुए जानलेवा हमले के दौरान सुरक्षा टीम को लीड कर रहे थे।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा शॉन एक महान देशभक्त हैं।

उन्होंने पिछले कुछ सालों में मेरे परिवार की रक्षा की है। शॉन ने पेंसिलवेनिया में एक हत्यारे की गोली से मेरी जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी थी। उन्होंने निडरता और साहस का परिचय दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भरोसा जताया कि शॉन करन सीक्रेट सर्विस को पहले से अधिक मजबूत बनाएंगे। शॉन करन

न्यूयॉर्क के रहने वाले हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक उन्होंने सीक्रेट सर्विस के नेवार्क फील्ड ऑफिस में एक स्पेशल एजेंट के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। उनके साथ काम कर चुके एक पूर्व एजेंट जोनाथन वैक्रो के मुताबिक करन ने राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ स्पेशल डिपार्टमेंट में भी काम किया है। वे हाई प्रोफाइल लोगों की सुरक्षा वाले विभाग में कर चुके हैं। NYT के मुताबिक शॉन करन को सीक्रेट सर्विस का डायरेक्टर बनाना आश्चर्यजनक है।

पंजाब CM ने 26 जनवरी का कार्यक्रम स्थल बदला

एजेंसी, फरीदकोट

पंजाब CM भगवंत मान को आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (SFJ) की ओर से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद उनके गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया है। अब वह फरीदकोट में तिरंगा नहीं फहराएंगे। हालांकि, नई जगह अभी तय नहीं हुई है। पंजाब सरकार की ओर से यह फैसला बुधवार देर रात लिया गया। इसकी पुष्टि फरीदकोट के DC विनीत कुमार ने की। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया कि यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। फरीदकोट में अब कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल तिरंगा फहराएंगे। बता दें कि गुरुवार को SFJ चीफ खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने CM मान को धमकी दी। पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा कि जो उल्टा चलता है, उसका हश्र पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह जैसा होगा। पन्नू ने आगे कहा कि फरीदकोट रेलवे स्टेशन और नेहरू स्टेडियम में उसने खालिस्तानी नारे लिखवाए हैं। यहां भगवंत मान

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने वाले हैं। सिख युवा कमर पर बम न बांधें और तिरंगा हाथ में न लें। वे सिर्फ खालिस्तान का झंडा ही पकड़ें। अमेरिका में अब डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार आ चुकी है। सरकारें बदलने के साथ बहुत कुछ बदलता है। पंजाब भारत का हिस्सा नहीं है।

पंजाब के युवा और किसान जो पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर पर बैठे हैं, वे अमृतसर, गुरदासपुर, और जालंधर जैसे जिलों में DC ऑफिसों पर खालिस्तान के झंडे फहराएं ताकि पंजाब से संदेश सीधा डोनाल्ड ट्रम्पतक पहुंच सके। वॉशिंगटन डीसी, सेंट फ्रांसिस्को, कनाडा में टोरंटो, ओटावा, वेंकूवर, यूके, इटली, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की एंबेसियों में खालिस्तान के झंडे फहराएंगे।

200 टोल पर करोड़ों का घोटाला, STF ने 3 को पकड़ा

एजेंसी, आजमगढ़

यूपी STF ने NHAI के टोल प्लाजा पर टैक्स वसूली में हो रहे घोटाले का पर्दाफाश किया है। लखनऊ STF की टीम ने बुधवार तड़के 3.50 बजे मिर्जापुर के अतरैला टोल प्लाजा पर छापेमारी कर 3 लोगों को पकड़ा। इनमें मनीष मिश्रा, राजीव कुमार मिश्रा और आलोक सिंह शामिल हैं। इन लोगों ने टोल प्लाजा पर लगे NHAI के कंप्यूटर में अपना सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर रखा था। इससे बिना फास्टैग (Fastag) गुजरने वाले वाहनों के कलेक्शन से गबन कर रहे थे। 2 साल से अतरैला के शिवगुलाम टोल प्लाजा से रोज 45 हजार रुपए वसूल रहे थे। इस तरह से ये लोग अकेले इसी टोल प्लाजा से अब तक 3 करोड़ 28 लाख रुपए गबन कर चुके हैं। ये लोग अब तक देश के 12 राज्यों के 42 टोल प्लाजा में NHAI के समानांतर सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर चुके हैं। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल शामिल हैं। STF

इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने लालगंज थाने में 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। STF ने आरोपियों के कब्जे से 2 लैपटॉप, 1 प्रिंटर, 5 मोबाइल, 1 कार और 19000 रुपए बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 12 राज्यों में करीब 200 टोल प्लाजा पर इस तरह से गड़बड़ी की जा रही है।

लगातार मिल रही थी धोखाधड़ी की शिकायतें: इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने बताया- NHAI के विभिन्न टोल प्लाजा पर गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। ये लोग बिना फास्टैग और फास्टैग अकाउंट में कम पैसे वाले वाहनों को टारगेट करते थे। टोल प्लाजा के बूथ कंप्यूटर में NHAI के सॉफ्टवेयर सर्वर के अलावा अलग से सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करते थे। वाराणसी STF के ASP विनोद सिंह और लखनऊ के ASP विमल सिंह की टीम लगातार मामले की मॉनिटरिंग कर रही थी। इसी बीच STF को सूचना मिली कि NHAI के सॉफ्टवेयर में अलग से सॉफ्टवेयर बनाने और इंस्टॉल करने वाला व्यक्ति आलोक सिंह वाराणसी में है। STF टीम ने बाबतपुर एयरपोर्ट के पास से आलोक सिंह को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

नॉन फास्टैग गाड़ियों से करते थे वसूली, यूपी के इंजीनियर ने रची साजिश

इस तरह से सरकारी पैसे का कर रहे थे गबन: STF की पूछताछ में आलोक ने बताया- मैं MCA पास हूं। पहले टोल प्लाजा पर काम करता था। वहीं से टोल प्लाजा का ठेका लेने वाली कंपनियां के संपर्क में आया। इसके बाद टोल प्लाजा मालिकों की मिलीभगत से एक सॉफ्टवेयर बनाया। टोल प्लाजा पर लगे कम्प्यूटर में अपने भी सॉफ्टवेयर को इंस्टॉल कर दिया, जिसका एक्सेस अपने लैपटॉप से कर लिया।

इसमें टोल प्लाजा के आईटी कर्मियों ने भी साथ दिया। टोल प्लाजा से बिना फास्टैग के गुजरने वाले वाहनों से दोगुना शुल्क हमारे सॉफ्टवेयर से वसूला जाता था। उसकी भी प्रिंट पर्ची NHAI के सॉफ्टवेयर के समान ही होती थी। इस तरह से मालिकों द्वारा बिना फास्टैग वाले वाहनों से वसूली गई। अवैध वसूली के वाहन को वाहन शुल्क से मुक्त श्रेणी दिखाकर जाने दिया जाता था। बिना फास्टैग वाले वाहनों से लिए गए टोल टैक्स की औसतन 5% धनराशि NHAI के असली सॉफ्टवेयर से वसूली जाती है, जिससे सामान्य रूप से किसी को शक न हो कि बिना फास्टैग वाले वाहनों का टोल टैक्स खाते में नहीं जा रहा है।

पहले टी20 मैच में भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया, अभिषेक शर्मा ने खेली विस्फोटक पारी

एजेंसी, कोलकाता

भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टी20 मैच में इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा दिया है। टीम इंडिया के लिए अभिषेक शर्मा ने 79 रनों की विस्फोटक पारी खेली। भारत ने इस जीत के साथ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लिश बल्लेबाजों को फिरकी के चक्कर में फंसाने वाले वरुण चक्रवर्ती को 23 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इंग्लैंड की ओर से मिले 133 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को लिए संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने शानदार शुरुआत दिलायी। सैमसन 26 रन बनाकर आउट हुए। जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव खाता भी नहीं खोल पाए। इस बीच अभिषेक का कमाल जारी रहा और उन्होंने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाया। वो 79 रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद तिलक वर्मा 19 रन और हार्दिक पांड्या 3 रन पर नाबाद रहे।

भारत ने 43 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट चटकाए जबकि आदिल रशीद को एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड

ने 20 ओवरों में दस विकेट खोकर 132 रन बनाए। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। ओपनर फिल साल्ट जीरो पर आउट हुए जबकि बेन डकेट 4 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि कप्तान जोस बटलर ने एक तरफ से मोर्चा संभाले रहा और 68 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा, हैरी ब्रूक ने 17 रन और आर्चर ने 12 रन का योगदान दिया। इनके अलावा इंग्लैंड का कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट झटके। जबकि अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या के खाते में दो-दो विकेट आये। अर्शदीप सिंह ने कोलकाता में 2 विकेट लेकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। वे भारत के लिए सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने अभी तक 97 विकेट लिए हैं। इससे पहले स्पिनर युजवेंद्र चहल (96 विकेट) के नाम यह रिकॉर्ड था। दिलचस्प बात यह है कि अर्शदीप ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू के बाद 35 बार सलामी बल्लेबाजों को आउट किया है।

महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप : भारतीय टीम ने श्रीलंका को 60 रन से हराया

एजेंसी, कुआलालंपुर

भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने गुरुवार को आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप 2025 के ग्रुप ए अपने आखिरी मैच में गुरुवार को श्रीलंका महिला अंडर 19 टीम को 60 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के बाद भारत और श्रीलंका टीमों ने सुपर 6 चरण में अपना स्थान पक्का कर लिया। कुआलालंपुर में खेले गए मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी कर 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए। भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा रन गोंगाडी त्रिशा ने बनाए। उन्होंने 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 49 रन बनाए। उनके अलावा जी कमलिनी 5 रन, कप्तान निकी प्रसाद 11 रन, भाविका अहिरे 7 रन, मिथिला विनोद 16 रन, आयुषी शुक्ला 5 रन, जोशीथा 14 रन, शबनम शकील 2 रन, परूनिका एक

रन का योगदान दिया। श्रीलंका की ओर से प्रमुदी मेथसरा, लिमंसा थिलाकरथना, असेनी ने क्रमशः 2-2 विकेट और रश्मिका, चमोडी प्रबोदा, मनुडी ने क्रमशः एक-एक विकेट लिया। भारतीय टीम के दिए 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका महिला अंडर 19 टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 12 रन के स्कोर तक ही पांच विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी 5 रन, दहामी सनेथमा 2 रन, हिरुनी हंसिका 2 रन, कप्तान मनुडी नानायक्करा 2 रन और सुमुदु निसानसाला खाता भी नहीं खोल सकीं। एक के बाद एक विकेट गिरने से श्रीलंका टीम की पारी लड़खड़ा गई और टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर केवल 58 रन ही बना सकी। रश्मिका सेववंडी 15 रन, लिमंसा थिलाकरथना 6 रन, शशिनी गिम्हानी 3 रन, असेनी थलागुने ने 9 रन बनाए। इस तरह श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 58 रन ही बना कर आउट हो गई। भारतीय टीम की ओर से शबनम शकिल 2 विकेट, जोशीथा वीजे 2 विकेट, परूनिका सिसोदिया 2 विकेट, आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

शारजाह वॉरियर्स ने एडम जम्पा को आईएलटी20 सीजन 3 के लिए अपने साथ जोड़ा

एजेंसी, शारजाह

इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) फ्रेंचाइजी शारजाह वॉरियर्स ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जम्पा को अपने साथ जोड़ा है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने बताया कि शारजाह वॉरियर्स को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम जम्पा के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीजन 3 के शेष भाग के लिए श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह लेंगे। स्पिनर जम्पा को टी20 क्रिकेट और फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने का काफी अनुभव है। वह ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग, भारत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), कैरेबियन प्रीमियर लीग, ब्रिटेन में द हंड्रेड और विटैलिटी ब्लास्ट तथा अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में खेल चुके हैं। शारजाह वॉरियर्स टीम में जाम्पा गेंदबाजी इकाई में आदिल राशिद, हरमीत सिंह, मोहम्मद जवादुल्लाह, कप्तान टिम साउथी और एडम मिल्ने जैसे खिलाड़ियों के साथ होंगे। एडम जम्पा ने फ्रेंचाइजी से जुड़ने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि मैं यूएई लौटकर और डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीजन 3 के लिए शारजाह वॉरियर्स में शामिल होकर बहुत खुश हूं। वॉरियर्स टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फ्रेंचाइजी में से एक है और मैं आदिल राशिद, टिम साउथी और जेपी डुमिनी जैसे दिग्गजों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और टूर्नामेंट के दूसरे भाग में अपने प्रशंसकों के लिए कुछ शानदार प्रदर्शन करेंगे।

शारजाह वॉरियर्स के कोच जेपी डुमिनी ने कहा कि एडम जम्पा एक शानदार गेंदबाज हैं और एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें हर टीम अपने साथ रखना चाहेगी। हम उन्हें अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं और हमें विश्वास है कि इस सीजन में हमारी प्रगति के लिए वे बहुत महत्वपूर्ण होंगे। वे इस प्रारूप के सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक हैं और हमें पूरा भरोसा है कि वे यूएई में शारजाह वॉरियर्स के लिए एक ठोस प्रभाव डाल सकते हैं।



सूरमा हॉकी क्लब महिला हॉकी इंडिया लीग फाइनल से एक कदम दूर

एजेंसी, रांची

जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। फाइनल में पहुंचने के लिए सूरमा हॉकी क्लब को शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के खिलाफ कम से कम एक अंक हासिल करना होगा।

मैच से पहले हेड कोच जूड मेनेजेस ने एक बयान में कहा कि इस पूरे अभियान में हमारा दृष्टिकोण यह रहा है कि हम हर मैच जीतना चाहते हैं। इसलिए, हम अभी सिर्फ श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के खिलाफ होने वाले मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह इस समय हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण मैच है, इसलिए हम एक-एक कदम आगे बढ़ रहे हैं और उस मैच के बाद हम आगे देखेंगे कि हमें क्या करना है। हमें अभी भी अगले मैच में अच्छा करना है। सूरमा हॉकी क्लब लीग में शानदार प्रदर्शन कर रही है। पूल चरण के आखिरी मैच से पहले तीन जीत के साथ वे तालिका में शीर्ष पर हैं और 10 अंक जुटा चुके हैं। पिछली बार जब सूरमा ने टाइगर्स का सामना किया था, तो उन्होंने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने अभियान के पहले मैच में 4-1 से शानदार जीत दर्ज की थी। हेड कोच ने कहा कि मुझे लगता है कि एक बार फिर हमारा प्रयास शूटिंग सर्कल में कुछ परिणाम प्राप्त करने का होगा। गोल करने का प्रयास करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हम एक स्वतंत्र और आक्रामक शैली में खेल रहे हैं जो वास्तव में हमारे खेलने के तरीके के अनुकूल है।

राष्ट्रमंडल खेलों में एक बार फिर कुश्ती को शामिल किया जाएगा : एरिका

एजेंसी, विजयनगर

पूर्व ओलंपिक चैंपियन कनाडा की एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर किये जाने को दुखद बताया है। ओलंपिक स्वर्ण विजेता पहलवान एरिका को उम्मीद है कि अगले सत्र में कुश्ती को बार फिर शामिल किया जाएगा। एरिका ने 2016 रियो ओलंपिक की महिला 75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। एरिका ने इंटरव्यू में कहा, 'ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का फैसला बहुत निराशाजनक हैं। उन्होंने खेलों के लिए एक बहुत ही अलग मॉडल अपनाया। उनके पास केवल 10 खेल हैं। यह बेहद निराशाजनक बात है। मैं वास्तव में चाहती थी कि वे मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल करते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कुश्ती तक लोगों की अधिक पहुंच है। मुझे लगता है कि महासंघ बेहतर स्थिति में है। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रमंडल में भारत और नाइजीरिया की मौजूदगी में कुश्ती के खेल में शानदार खिलाड़ियों के रूप में अपनी विविधतापूर्ण ताकत दिखाने का एक अवसर है। कनाडा की इस पहलवान ने कहा, 'इसलिए, हां, यह निराशाजनक है। मुझे लगता है कि हालत बदलेंगे। हम नहीं जानते कि भविष्य में क्या होने वाला है और इसलिए मुझे उम्मीद है कि शायद 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों में हम कुश्ती की वापसी देखेंगे। बुडापेस्ट 2018 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता एरिका ने ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की प्रशंसा की और कहा कि भारत में महिला कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत से भारतीय खिलाड़ियों, खासकर पहलवानों की सराहना करती हूं। भारत में महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं। एरिका ने कहा, 'मैं फोगाट बहनों, साक्षी मलिक और विनेश के बारे में सोचती हूं, जो ना केवल मैट पर चैंपियन रही हैं, बल्कि जिस तरह से वे खुद को संभालती हैं और मैट के बाहर जिस तरह चीजों के लिए खड़ी होती हैं, वह मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक है।

रणजी ट्रॉफी में भी नहीं चला रोहित का बल्ला, जायसवाल और रहाणे भी फ्लॉप

एजेंसी, मुंबई

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बल्ले से संघर्ष जारी है। गुरुवार को जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ अपनी घरेलू टीम मुम्बई की तरफ से खेलते हुए रणजी ट्रॉफी मैच में वह सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हो गए। मुम्बई के शरद पवार क्रिकेट एकेडमी बीकेसी में जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन रोहित ने 19 गेंदों का सामना किया और मात्र 3 रन ही बना सके। उन्हें तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर ने आउट किया। इस तरह से उनके निराशाजनक प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। रोहित ने मुंबई के लिए आखिरी बार रणजी ट्रॉफी मैच नवंबर 2015 में खेला था। तब उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 140 गेंदों पर 113 रनों की पारी खेली थी।

यह मैच ड्रॉ रहा था। दरअसल, रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म के बाद घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलने उतरे थे। रोहित के अलावा कई स्टार खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में अपनी-अपनी घरेलू टीम के लिए खेल रहे हैं। रोहित अपनी घरेलू टीम मुंबई का हिस्सा हैं और जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ मैच में खेल रहे हैं। हालांकि, रोहित पहली पारी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। रोहित ने सिंगल डिजिट स्कोर बनाया और 19 गेंदों में 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। रोहित शर्मा के अलावा इस मैच की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल (4) और मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे (12) भी कुछ खास नहीं कर पाए। श्रेयस अय्यर भी 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मुंबई ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था लेकिन जम्मू एंड कश्मीर के गेंदबाजों ने इस फैसले को गलत साबित कर दिया है। मुंबई की टीम पहली पारी में 33.2 ओवर में 120 रन पर ही ढेर हो गई। रोहित शर्मा 3 रन, यशस्वी जायसवाल 4 रन, हार्दिक तमोरे 7 रन, कप्तान अजिंक्य रहाणे 12 रन, श्रेयस अय्यर 11 रन , तनुश कोटियन 26 रन, शार्दुल ठाकुर 51 रन, शिवम दूबे, मोहित अवस्थी और शम्स मुलानी खाता भी नहीं खोल सके। जम्मू एंड कश्मीर के लिए उमर नजीर ने 4 विकेट, युद्धवीर सिंह चरक 4 विकेट और आकिब नबी डार ने दो विकेट लिए।

रणजी ट्रॉफी : जडेजा ने दिल्ली के खिलाफ पांच विकेट लिए

एजेंसी, नई दिल्ली

आज से यहां शुरु हुए रणजी ट्रॉफी सत्र में सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए दिल्ली के खिलाफ पांच विकेट लिए। जडेजा की बेहतरीन गेंदबाजी से ही सौराष्ट्र ने दिल्ली को पहली पारी में 188 रन पर समेट दिया। दिल्ली की ओर से कप्तान आयुष बदोनी ने अर्धशतक लगाया। वहीं सौराष्ट्र की ओर से जडेजा ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 35वीं बार 5 विकेट ।जडेजा ने 17.4 ओवर में 66 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने सनत सांगवान, यश ढुल, आयुष बदोनी, हर्ष त्यागी और नवदीप सैनी के विकेट लिए। इस मैच में दिल्ली

की टीम पहले बल्लेबाज करने मैदान पर उतरी।

दिल्ली की ओर से कप्तान ऋषभ पंत भी रन बनाने में असफल रहे। ऋषभ 10 गेंद में एक ही रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। पहले दिन के खेल में जडेजा की गेंदबाजी के सामने दिल्ली के बल्लेबाज विफल रहे। पांच विकेटों के साथ ही जडेजा के अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 547 विकेट हो गए हैं। उनके अब 547 विकेट हो गये हैं और वह 550 के विकेट से केवल तीन विकेट दूर हैं। जडेजा ने अंतिम बार रणजी ट्रॉफी मुकाबला 2023 में तमिलनाडु के खिलाफ खेला था।

एकदिवसीय के महान खिलाड़ी हैं विराट : गांगुली

एजेंसी, कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने खराब फार्म के गुजर रहे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके जैसे खिलाड़ी जीवन में एक बार ही मिलता है। गांगुली ने विराट की तुलना दिग्गज महिला क्रिकेटरों मिताली राज और झूलन गोस्वामी से की है। गांगुली ने कहा कि विराट एकदिवसीय प्रारुप में अब तक के सबसे बेहतर क्रिकेटरों में से एक हैं। साथ ही कहा कि कोहली में अभी भी काफी क्रिकेट बाकी है लेकिन उन्होंने अगाह किया कि जून का इंग्लैंड दौरा उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। गांगुली ने कहा कि मुझे अब भी विश्वास है कि विराट कोहली में बहुत क्रिकेट बाकी है। इंग्लैंड दौरा उनके लिए बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि विराट जैसे खिलाड़ी जीवन में एक बार ही मिलता है। करियर में 80 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाना अविश्वसनीय बात है। मेरे लिए, वह संभवतः दुनिया का सबसे महान सफेद गेंद वाला खिलाड़ी है। कोहली के नाम एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक 50 शतक हैं जबकि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम भी इतने शतक नहीं हैं। सचिन के नाम 49 शतक हैं। विराट एकदिवसीय और टी20ई क्रिकेट इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट : वाटसन

एजेंसी, सिडनी

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है चैम्पियंस इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है। उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। । एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा

मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है। वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं , इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है। इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है। इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है। भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्मू में थे। अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा। दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे। कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं। । वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है।

हिन्दी दैनिक
RNI : JHAHIN/2014/54374
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

सभी पोषक तत्वों की कमी पूरी करता है मल्टीग्रेन आटा

मल्टीग्रेन आटे का अर्थ है मिला जुला आटा या कई तरह के अनाज का मिक्स आटा। इस में गेहूं के साथ ही ज्वार, बाजरा, जौ, काला चना, रागी, जई, मक्का, क्विनोआ, सूजी, चावल, सिंघाड़े, राजगिरा आदि के आटे को मिलाकर आटा तैयार किया जाता है। इस आटे में विटामिन, प्रोटीन, डाइटरी फाइबर, कार्ब्स, आयरन, कैल्शियम, खनिज आदि कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। मल्टीग्रेन आटा ज्यादातर ग्लूटेन फ्री होता है।

वजन होता है कम

इसके लिए आपको गेहूं के आटे में जई, मक्का, ज्वार और चना मिलाकर उसकी रोटी बनाकर खाना चाहिए। इसमें फाइबर अधिक होने से यह पाचन के लिए ठीक रहेगा और साथ ही यह वेट लॉस करेगा। यह कई सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ शरीर को संपूर्ण पोषण प्रदान करता है।

विटामिन की कमी को करता है दूर

इसमें कई तरह के विटामिन होते हैं जिसके चलते शरीर में विटामिन की कभी कमी नहीं होती है।

पाचन तंत्र को सुधारता

यह फाइबर से भरा होता है जो अच्छे आंत बैक्टीरिया का पोषण करता है, जिसके चलते पाचन तंत्र में सुधार होता है और मेटाबॉलिज्म में भी सुधार करता है।

शारीरिक दर्द और सूजन को कम करता है बाजरा

बाजरा में सूजन-रोधी गुण होते हैं। मल्टीग्रेन आटा में बाजरे का आटा मिला होने से यह जोड़ों के दर्द और सूजन में लाभदायक है।

मांसपेशियां होती है मजबूत

इससे मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इस आटे में सोयाबीन, चना और जौ भी मिलाया जाए तो यह प्रोटीन का अच्छा सोर्स बन जाता है। बच्चों के शरीरिक विकास के लिए यह मददगार साबित हो सकता है।

सर्दियों में इन आदतों की वजह से बढ़ जाती है कब्ज की परेशानी

सर्दियों में अक्सर लोगों को कब्ज की परेशानी हो जाती है। इसका सबसे मुख्य कारण होता है ठंड के मौसम में शरीर के फंक्शन में बदलाव आना। डाइजेस्टिव सिस्टम स्लो हो जाता है, लेकिन हमारी कुछ आदतें भी हैं जो सर्दियों कब्ज को बढ़ा सकती हैं ।

सर्दियों में इन आदतों की वजह से बढ़ जाती है कब्ज की परेशानी

आपका पाचन तंत्र ठीक से काम करें इसके लिए जरूरी है कि आप ठीक प्रकार से हाइड्रेट रहें। वहीं सर्दियों में गर्मी के मुकाबले लोग पानी कम पीते हैं, क्योंकि प्यास ही कम लगती है। पानी की कमी से मल सूखा और कठोर हो जाता है, जिससे कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। ठंड के मौसम में लोग ज्यादातर घर में ही बिताते हैं।शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती है और इस वजह से आंतों की गतिविधि धीमी हो जाती है जिससे कब्ज हो सकती है।

सर्दी का मौसम सुहावना होता है और इस मौसम में अक्सर लोग तला भुना, भारी खाना खाते हैं जो पाचन क्रिया को और भी धीमा कर देता है। सर्दियों में लोगों के आहार में फाइबर की कमी हो जाती है। लोग सलाद वगैरह कम खाने लगते हैं फाइबर की कमी से भी पाचन धीमा हो जाता है। जिससे कब्ज की समस्या पैदा हो सकती है।ठंड में लोग चाय कॉफी- अधिक सेवन करते हैं और कैफीन अधिक सेवन करने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे मल सूखा और कठोर हो जाता है। वहीं सर्दियों के मौसम में लोगों को तनाव और उदासी बनी रहती है। इससे भी पाचन तंत्र प्रभावित होता है। आंतों की गति धीमी हो जाती है। इसके अलावा ठंडी हवा के कारण शरीर की मांसपेशियां संकुचित हो जाती है जिससे आंतों की गतिविधि में रुकावट आ सकती है।

सेहत और त्वचा दोनों के लिए लाभकारी है हल्दी पानी

हल्दी का उपयोग हर किसी के घर में किया जाता है। हल्दी में एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। हल्दी का प्रयोग लगभग सभी प्रकार के खाने में किया जाता है। यह व्यंजनों के स्वाद में तो इजाफा करती ही है साथ ही इसमें अनेक औषधीय गुण भी होते हैं। यह गर्म और रूखी होती है। त्वचा, पेट और शरीर की कई बीमारियों में हल्दी का प्रयोग किया जाता है। हल्दी का सेवन पानी के साथ किया जाए, तो फायदे बढ़ जाते हैं। हल्दी का पानी सेहत और त्वचा दोनों के लिए लाभकारी होता है। जिन लोगों को बार-बार सर्दी-जुकाम और संक्रमण हो जाता है उन्हें अपनी डाइट में हल्दी के पानी को जरूर शामिल करना चाहिए।

गुणकारी हल्दी के अलग-अलग लाभ उठाने के लिए आपको किसी वैद्य या विशेषज्ञ की शरण में जाने की जरूरत नहीं है। अपने घर पर ही छोटे-छोटे प्रयोग कर इसके अलग-अलग लाभ उठाए जा सकते हैं। आमतौर पर देखा गया है कि लोग उठते ही गर्म पानी या फिर निम्बू पानी का सेवन करते हैं जिससे कि उनका पेट साफ़ हो और खुल कर शरीर की गंदगी बाहर निकल जाए यह शरीर के लिए फायदेमंद है, यदि इसमें थोड़ी सी हल्दी मिक्स कर दी जाए तो इसके गुणों में भारी इजाफा हो जाता है।

शरीर को शक्तिशाली बनाना

लगभग 500 ग्राम की मात्रा में हल्दी की गांठे और एक किलो बुझा हुआ चूना लेकर इसको एक मिट्टी के बर्तन में डालकर इसमें ऊपर से 2 लीटर पानी डालें। पानी डालते ही चूना पकने लगता है और जब यह ठण्डा हो जाए तो बर्तन को ढककर रख दें। इसके बाद 2 महीने बाद हल्दी की गांठों को निकालकर पीसकर चूर्ण बना लें। हल्दी की गांठों के चूर्ण को 3 ग्राम की मात्रा में लेकर 10 ग्राम शहद के साथ मिलाकर लगातार 4 महीने तक रोजाना खाने से शरीर का खून साफ हो जाता है और इससे शरीर में भरपूर ताकत आती है।

वजन कम होता है

अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो ऐसे में अपनी डाइट में हल्दी का पानी शामिल कर सकते हैं। हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है। फैट बढ़ाने वाले टिशूज को बनने से रोकने के लिए हल्दी का पानी पीना फायदेमंद होता है।

आंखों के रोग

हल्दी को अरहर की दाल में पकायें और छाया में सुखा लें उसे पानी में घिसकर, शाम होने से पहले ही दिन में दो बार जरूर लगायें इससे झामर रोग, सफेद फूली और आंखों की लालिमा में लाभ होता है।

नहीं होंगी त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याएं

हल्दी का पानी खून साफ करता है। साथ ही इस पानी को पीने से शरीर में विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इससे एजिंग साइन्स जैसे झुर्रियां या मुरझाई त्वचा की समस्या दूर होगी। त्वचा की सूजन कम करने में हल्दी फायदेमंद मानी जाती है। इसका इस्तेमाल करने से त्वचा में निखार बढ़ता है।

पेट से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी

हल्दी के पानी का सेवन करेंगे, तो पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे डायरिया, अपच, कब्ज, पेट में दर्द, पेट में ऐंठन आदि समस्याएं दूर होंगी। हल्दी का पानी पीने से शरीर में पित्त ठीक से बनता है और पाचन तंत्र मजबूत बनता है। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण भी होते हैं। हल्दी के पानी का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। हल्दी में मौजूद लिपो पॉलिसैकेराइड की मदद से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले सेल्स बढ़ते हैं। एक गिलास गुनगुने पानी में एक नीम्बू निचोड़कर उसमें एक चुटकी हल्दी मिला लें और इसे सुबह खाली पेट पीएं। ऐसा करने से पेट में गैस बनने की समस्या दूर होती है और एसिडिटी, बदहजमी, फूड पॉइजनिंग, कब्ज आदि बीमारी से भी छुटकारा मिलता है जिससे सुबह पेट पानी की तरह साफ़ होगा।

हार्ट की बीमारियों से होगा बचाव

हल्दी का पानी शरीर से कोलेस्ट्रॉल का स्तर को नियंत्रण रखने में मदद करता है। हल्दी का पानी पीने से खून के थक्के बनने से रोकने में मदद मिलेगी। इससे आपको हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा नहीं होगा।

कम होती है सूजन

शरीर में सूजन कितनी भी क्यों न हो हल्दी सूजन को कम करने में सहायक है इसमें करक्यूमिन नामक एक रसायन पाया जाता है जो दवा के रूप में काम करता है इसीलिए आपने देखा होगा किसी को भी चोट लग जाती है तो हमारे बुजुर्ग हल्दी दूध में डालकर पिलाते थे।

ब्लाकेज से बचाती है हल्दी

जिन लोगो की खून की धमनियों में ब्लाकेज की शिकायत है उनको तो अवश्य ही हल्दी वाला पानी सेवन करना लाभदायक है क्योंकि हल्दी खून को जमने से रोकती है अदरक भी खून को पतला रखती है और ब्लाकेज से बचाती है।

हड्डी के टूटने पर

हड्डी के टूटने पर रोज हल्दी का सेवन करने से लाभ मिलता है। एक प्याज को पीसकर एक चम्मच हल्दी मिलाकर कपड़े में बांध लें। इसे तिल के तेल में रखकर गर्म करें और इससे फिर सेंक करें। कुछ देर सेंकने के बाद पोटली खोलकर दर्द वाले स्थान पर बांध दें।

नहीं पनपने देती बैक्टीरिया

यदि किसी कारण से शरीर के बाहरी या अंदरूनी हिस्से में चोट लग जाए-तो हल्दी वाला दूध उसे जल्द से जल्द ठीक करने में बेहद लाभदायक है क्योंकि यह अपने एंटी बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुणों के कारण बैक्टीरिया को पनपने नहीं देता है।

त्वचा के रोग

हल्दी को पीसकर तिल के तेल में मिलाकर मालिश करें इससे चर्म रोग खत्म हो जाएगा। या अगर शरीर में खुश्की (चमड़ी सूख) गई हो तो सरसों के तेल में हल्दी को मिलाकर शरीर पर उसकी मालिश करने से लाभ होता है।

मसूढ़ों का रोग

हल्दी को मोटा-मोटा कूटकर आग पर भून लें। इसे बारीक पीसकर कपड़े से छानकर प्रतिदिन सुबह-शाम मसूढ़ों पर मलें। इससे मसूढ़ों के रोग ठीक हो जाते हैं।

क्या आपका भी मिट्टी खाने का मन करता है पाइका के हो सकते हैं लक्षण

अक्सर आपने बच्चों एवं महिलाओं को बत्ती, चौक या मिट्टी खाते हुए देखा होगा। कई लोगों को मिट्टी खाने की बहुत क्रेविंग होती है। साथ ही कई लोग इस आदत से परेशान भी होते हैं क्योंकि मिट्टी या चुना आपकी सेहत के लिए हानिकारक होता है। यह एक तरह की बीमारी होती है जिसे जियोफेजिया के नाम से जाना जाता है। वैसे मामूली स्थिति में मिट्टी खाने की क्रेविंग कैल्शियम की कमी के कारण होती है लेकिन इसके साथ यह एक बीमारी का भी लक्षण है।

क्या है पाइका

दरअसल मिट्टी खाने का सीधा संबंध पाइका नाम की बीमारी से है। इस बीमारी में इंसान मिट्टी खाने से खुद को रोक नहीं पाता है। ऐसी स्थिति ज्यादातर प्रेग्नेंट महिलाओं में देखी जाती है। इस बीमारी में मिट्टी खाने की लत किसी चीज़ के नशे के सामान होती है। एक्सपर्ट के अनुसार पाइका एक ऐसी बीमारी होती है जिसमें व्यक्ति को उन पदार्थों को खाने की इक्छा होती है जो खाने लायक नहीं है। इस बीमारी का नाम एक पक्षी के नाम पर रखा गया है। पाइका एक ऐसे पक्षी का नाम है जो कुछ भी खा लेते हैं इसलिए इस बीमारी को पाइका कहा जाता है।

इनकी कमी से होती है मिट्टी खाने की क्रेविंग

इसके साथ ही कई बार मिट्टी खाने का संबंध कैल्शियम की कमी से किया जाता है लेकिन यह एकमात्र ऐसा कारण नहीं है। आयरन की कमी के कारण भी मिट्टी या मिट्टी जैसे पदार्थों को खाने की इच्छा करती है। इस बीमारी में महिलाओं को मिट्टी खाने की बहुत क्रेविंग होती है। ऐसे में जब आप बार बार मिट्टी खाते हैं तो आपके पेट में बहुत सी समस्याएं हो सकती हैं।

किडनी स्टोन की हो सकती हैं समस्या

बार बार मिट्टी खाने से आंतों में रुकावट होती है। साथ ही आपके लीवर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि मिट्टी खाने वाले बच्चों और बड़ों के शरीर में सूजन की परेशानी होने लगती है। मिट्टी खाने की वजह से आपका डाइजेशन भी खराब होता है जिससे खाना ठीक से पच नहीं पाता है।

नीमिया की समस्या भी हो सकती है जैसा कि बताया कि आयरन की कमी के कारण भी आपको मिट्टी खाने की समस्या होती है। मिट्टी खाने से इंसान एनीमिया का भी शिकार हो जाता है क्योंकि शरीर में हीमोग्लोबिन हो जाता है। हीमोग्लोबिन कम होने से खून में ऑक्सीजन नहीं जा पाता इस वजह से एनीमिया हो जाता है।

शरीर के लिए लाभप्रद है खट्टी-मीठी कीवी

फलों और सब्जियों के सेवन से स्वास्थ्य को जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की पूर्ति होती है। ऐसा ही एक स्वादिष्ट फल हैं कीवी जिसे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता हैं। कीवी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, विटामिन सी, विटामिन बी, कैल्शियम, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, फॉस्फरोरस, कॉपर, जिंक, नियासिन, पोटैशियम, राइबोफ्लेविन, बीटा कैरोटीन आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से कई गंभीर बीमारियों से रिकवरी करने में बहुत फायदा मिलता है।

गर्भवती महिलाओं के लिए कीवी बहुत फायदेमंद फल है। कीवी में फोलेट की पर्याप्त मात्रा होती है, जो गर्भ में पल रहे शिशु के दिमागी विकास के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। गर्भावस्था के दौरान कीवी खाने से बच्चों में न्यूरल डिफेक्ट का खतरा कम होता है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के बाद भी कीवी का सेवन जरूर करना चाहिए। ऐसा करने से उनमें डिलीवरी के बाद कमजोरी और खून की कमी दूर करने में मदद मिलती है।

डायबिटीज में फायदेमंद

डायबिटीज के मरीजों के लिए कीवी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। कीवी में मौजूद गुण डायबिटीज के मरीजों में ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में फायदेमंद माने जाते हैं। डायबिटीज के मरीज डॉक्टर की सलाह लेकर रोजाना कीवी का सेवन कर सकते हैं। इससे उनका पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है।

ब्लड क्लॉटिंग को रोके

कीवी के सेवन से शरीर में खून का थक्का जमने की दिक्कत भी नहीं होती है। इसमें एंटीथ्रोम्बोटिक यानी खून का थक्का न जमने देने का गुण मौजूद होता है, जिसकी वजह से स्ट्रोक, किडनी और हार्ट अटैक संबंधी दिक्कत का खतरा भी कम रहता है।

हड्डियों का रखता है ख्याल

कीवी में विटामिन के भी मौजूद होता है, जो ओस्टियोट्रोपिक एक्टिविटी या नए बोन सेल्स के डेवलपमेंट में योगदान कर सकता है। इसमें मौजूद विटामिन ई, मैग्नीशियम और फोलेट सभी तत्व स्वास्थ्य को कई लाभ प्रदान करते हैं।

कब्ज को दूर करे

कीवी फल, कब्ज को दूर करने में काफी मदद करता है। इसके सेवन से पुरानी से पुरानी कब्ज भी ठीक होने लगती है। यह गैस, ब्लोटिंग, एसिडिटी, अपच जैसी पेट की दिक्कतों को भी ये दूर करता है। अगर आप भी लगातार कब्ज की बीमारी से परेशान हैं तो कीवी का फल आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। यह पेट साफ करने में भी मददगार है।

हाई बीपी रहता है कंट्रोल में

कीवी में पोटेशियम और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से ह्रदय स्वस्थ रहता है। साथ ही उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। वहीं, फाइबर बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मददगार साबित होता है। एक शोध में उच्च रक्तचाप के मरीजों को एक हफ्ते में 8 किवी खाने की सलाह दी गई है। इसके लिए रोजाना कीवी का सेवन जरूर करें।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025

बिग बॉस 18 फिनाले से बिना शूट किए निकलने पर बोले अक्षय

अक्षय कुमार ने उन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है, जिनमें कहा जा रहा था कि वे सलमान खान के देर से आने के कारण बिग बॉस 18 के सेट से बिना शूटिंग किए वापस चले गए थे। अक्षय कुमार ने स्पष्ट किया कि उनके पास पहले से ही कुछ जरूरी कमिटमेंट्स थे, जिसकी वजह से उन्हें जाना पड़ा था। हाल ही में दिल्ली में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब अक्षय से पूछा गया कि क्या सलमान की देर से आने के कारण उन्हें सेट से बिना शूट किए जाना पड़ा था, तो उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा, मैं समय पर वहां पहुंच चुका था, लेकिन सलमान थोड़े देर से पहुंचे। उन्हें कुछ पर्सनल काम था, इसलिए उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें करीब 40 मिनट की देरी होगी। लेकिन मुझे वहां से जाना पड़ा, क्योंकि मेरे पास पहले से कुछ कमिटमेंट्स थे। हमने इस बारे में बात की और मैं सेट से निकल गया, लेकिन वीर वहीं थे और उन्होंने सलमान के साथ शूट किया था। हालांकि, सलमान खान ने भी फिनाले एपिसोड में बताया था कि अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म स्काई फोर्स का प्रमोशन करने वीर पहाड़िया के साथ आने वाले थे। लेकिन वह थोड़ा लेट हो गए थे और अक्षय कुमार को किसी फंक्शन के लिए जाना था, इसलिए वो चले गए थे। फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे अक्षय कुमार 'स्काई फोर्स' का निर्देशन संदीप केलवानी और अभिषेक कपूर ने किया है। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की असली कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया के अलावा सारा अली खान और निम्रत कौर भी हैं। अक्षय कुमार का किरदार विंग कमांडर ओपी तनेजा से प्रेरित है, जबकि वीर पहाड़िया दिवंगत स्क्वाड्रन लीडर अमजद बी देवैया के रोल में नजर आ रहे हैं। वहीं, सारा अली खान उनकी पत्नी की भूमिका में हैं।

नेपोटिज्म के कारण बर्बाद हुआ करियर, हमेशा आइटम गर्ल समझा गया

हाल ही में राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'सत्या' री-रिलीज हुई है। इस मौके पर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने रामू के साथ लड़ाई की खबरों को महज अफवाह बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका करियर रामगोपाल वर्मा के कारण नहीं, बल्कि नेपोटिज्म के कारण बर्बाद हुआ। उन्हें हमेशा ही आइटम गर्ल या फिर सेक्स साइरन के रूप में देखा गया। उर्मिला ने राम गोपाल वर्मा के साथ सत्या, जंगल, रंगीला और भूत जैसी फिल्मों में काम किया है। रंगीला बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही और इस फिल्म ने उर्मिला मातोंडकर को बॉलीवुड में 'रंगीला गर्ल' के तौर स्थापित कर दिया। इंडस्ट्री में ऐसी अफवाह थी कि एक्ट्रेस का रामू के साथ अफेयर चल रहा है जिस वजह से वो उनकी हर फिल्म में होती हैं। हालांकि, एक समय पर दोनों के बीच लड़ाई की खबरें आने लगीं। उर्मिला मातोंडकर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि कई बेहतरीन फिल्में करने के बाद भी 90 के दशक में मीडिया सिर्फ उनके लुक और उनकी निजी जिंदगी के बारे में बात करती थी। लोगों को उनकी एक्टिंग के बजाय उनकी जिंदगी के हर पहलु में दिलचस्पी रहती थी। पिंजर, कौन, एक हसीना थी जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम करने के बावजूद भी उर्मिला मातोंडकर को बॉलीवुड में सिर्फ एक आइटम गर्ल ही समझा गया। उर्मिला कहती हैं- इंडस्ट्री में सिर्फ एक आइटम गर्ल और सेक्स साइरन के तौर पर देखा जाता था। मैं इंडस्ट्री से ताल्लुक नहीं रखती थी, जिसका मुझे खामियाजा उठाना पड़ा था। सत्या की री-रिलीज के मौके पर उर्मिला मातोंडकर ने एक बार फिर डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा और एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ काम करने की इच्छा जताई है।

अब टीवी-फिल्म एक्टर रोनित रॉय करेंगे सैफ अली खान की सुरक्षा

16 जनवरी को बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर एक व्यक्ति ने उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया, यह व्यक्ति चोरी के इरादे से एक्टर के घर में आया था। हमले में सैफ अली खान को कई चोटें आईं। लीलावती हॉस्पिटल में उनकी सर्जरी हुई। हमले के पांच दिन बाद यानी मंगलवार को सैफ को हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई है। सैफ अली खान पर हमला करने वाले व्यक्ति को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। लेकिन अब सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी एक्टर रोनित रॉय पर है।

रोनित रॉय लेंगे सुरक्षा की जिम्मेदारी

टीवी और फिल्मों में एक अलग पहचान रखने वाले कलाकार रोनित रॉय को हाल ही में एक्टर सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली है। एक्टर रोनित रॉय को, सैफ अली खान के आसपास लीलावती हॉस्पिटल और उनके घर में देखा गया। असल में एक्टिंग करने के अलावा रोनित रॉय एक सिक्योरिटी एजेंसी के मालिक भी हैं, वह लगभग कई सालों से इस एजेंसी को चला रहे हैं। यही कारण है कि रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी को एक्टर सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

अमिताभ बच्चन को भी देते हैं सुरक्षा

सैफ अली खान को ही रोनित रॉय सिक्योरिटी नहीं दे रहे हैं। उनकी सिक्योरिटी एजेंसी अमिताभ बच्चन के अलावा कई और नामी बॉलीवुड एक्टर्स को सुरक्षा देती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी जिन कलाकारों को सिक्योरिटी देती है, उसमें आमिर खान, सलमान खान, शाहरुख खान का नाम भी शामिल है।



आपत्तिजनक अफवाहों पर भड़कीं तब्बू

एक्ट्रेस तब्बू ने अपने खिलाफ फैलाए गए आपत्तिजनक अफवाहों पर गुस्सा जाहिर किया है, जिसमें कहा गया था कि मुझे शादी में दिलचस्पी नहीं है, बल्कि मुझे सिर्फ अपने बिस्तर पर मर्द चाहिए। तब्बू की टीम ने ऐसी खबरों को प्रसारित करने वाले मीडिया हाउस को फटकार लगाई है। इस मामले में तब्बू की टीम ने एक सार्वजनिक बयान जारी किया है। जिसमें उन मीडिया रिपोर्ट्स की आलोचना की है, जिनमें शादी के बारे में एक्ट्रेस के विचार पब्लिश किए थे। तब्बू की टीम ने अपनी इस हरकत के लिए मीडिया हाउस से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक तब्बू की टीम ने बयान में कहा- कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया ने तब्बू के बयान को गलत तरीके से पब्लिश किया है। इससे पाठकों को गुमराह किया जा रहा है। हम यह स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि एक्ट्रेस ने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा है। बता दें कि एक वेबसाइट ने एक्ट्रेस के बारे में एक न्यूज पब्लिश की थी। जिसमें यह दावा किया था कि तब्बू ने कहा मैं शादी में दिलचस्पी नहीं रखती है और केवल एक मर्द चाहती हूं जिसके साथ मैं बिस्तर पर सो सकूं।

जन्नत जुबैर कर दिया ये कारनामा, इस मामले में शाहरुख खान को पछाड़ा

बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान भारत से लेकर विदेशों तक लाखों-करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करते हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके चाहने वालों की बहुत बड़ी तादाद है, लेकिन अभिनेता को 23 साल की अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में पीछे छोड़ दिया है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जन्नत जुबैर ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को पीछे छोड़ते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जन्नत जुबैर की बढ़ती लोकप्रियता डिजिटल क्रिएटर्स के बढ़ते प्रभाव को दिखाती है।



शाहिद कपूर की देवा के शूट हुए मल्टीपल क्लाइमैक्स टीम को भी नहीं पता कहानी का सही अंत

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाने जा रहे हैं। अभिनेता ने फिल्म के लिए कई क्लाइमेक्स सीन शूट किए हैं। हालांकि, उनमें से केवल एक ही फाइनल कट में शामिल हुआ है। फिल्म की कहानी का अंत कैसा होगा इस बारे में टीम मेंम्बर्स को भी नहीं पता है।

देवा के कई क्लाइमेक्स शूट हो रहे

फिल्म के लिए कई क्लाइमेक्स सीन शूट किए गए थे और यहां तक कि कास्ट और क्रू को भी नहीं पता कि कौन सा वर्जन फाइनल कट में शामिल हुआ है। सूत्रों ने कहा, निर्माताओं ने क्लाइमेक्स को पूरी तरह से गुप्त रखा है, जिससे हर कोई अनुमान लगा रहा है। यह गोपनीयता न केवल दर्शकों के लिए बल्कि टीम के लिए भी रहस्य की एक अतिरिक्त परत सुनिश्चित करती है।

देवा का ट्रेलर हुआ रिलीज

देवा का ट्रेलर कुछ दिनों पहले ही रिलीज हुआ। इसमें अभिनेता ने फिल्म में एक गुस्सैल, युवा पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है और उन्हें कुछ गंभीर मुक्के और प्रभावशाली बंदूक-तान वाले दृश्य देते हुए देखा जा सकता है।

ऐसा है फिल्म का ट्रेलर

शाहिद कपूर पूरे ट्रेलर में धमाकेदार एक्शन और अपने इंटेंस लुक के साथ नजर आए। अभिनेता पूरे ट्रेलर में छाए रहें। वह शहर से गुंडों का सफाया करते दिख रहे हैं। ट्रेलर में गुंडों और देवा के बीच जबरदस्त संघर्ष दिखा है, जो फैंस की उत्सुकता को बढ़ाने वाला है। पुलिसवाले के किरदार में अभिनेता काफी जंच रहे हैं। वहीं, लंबे समय के बाद वह किसी एक्शन फिल्म में दिखे हैं। अभिनेता को 'आई एम माफियाज' डायलॉग बोलते हुए सुना जा सकता है।

ऐसी है स्टार कास्ट

'देवा' के स्टार कास्ट की बात की जाए तो फिल्म में शाहिद के अलावा देवी की मुख्य भूमिका में पूजा हेगड़े हैं और उनके साथ पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुबरा सैत भी शामिल हैं। फिल्म 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद के फैंस लंबे समय से उन्हें एक्शन अवतार में देखना चाहते थे।

राम गोपाल वर्मा ने किया नई फिल्म सिंडिकेट का एलान

फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने अपनी आगामी फिल्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी साझा की है, जो कि उनका अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी और डरावना काम होने का वादा करती है। राम गोपाल वर्मा के अनुसार, यह फिल्म एक भयानक आपराधिक संगठन के उदय को दर्शाने के लिए तैयार है, जो भारत के अस्तित्व को खतरे में डालता है।

नई फिल्म का खुलासा

एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में राम गोपाल वर्मा ने सिंडिकेट के पीछे की छिपी अपनी सोच के बारे में बात की। यह देखते हुए कि सड़क गिरोह अतीत में भारत में एक बड़ा खतरा थे, आज असली खतरा राजनीतिक ताकतों, कानून प्रवर्तन, अति-धनी व्यापारियों और यहां तक कि सैन्य कर्मियों सहित विभिन्न गुटों से मिलकर एक शक्तिशाली सिंडिकेट के गठन में है।

आपराधिक संगठन का गिरोह

राम गोपाली वर्मा ने कहा कि सिंडिकेट सुपरनैचरल हॉरर फिल्म नहीं है, बल्कि मानव की भयावह क्षमता को दिखाएगी। फिल्म निर्माता ने इस बात का खुलासा किया कि फिल्म अपराध और आतंक की प्रकृति को उजागर करेगी, यह दर्शाती है कि कैसे आपराधिक संगठन समय के साथ और भी अधिक घातक रूप में विकसित होते हैं। उन्होंने कहा, अपराध और आतंक कभी नहीं मरते। वे अधिक घातक रूपों में वापस आते रहते हैं।

सत्या जैसी फिल्में बनाना चाहते राम गोपाल वर्मा

इससे पहले राम गोपाल वर्मा ने खुलासा किया कि 27 साल बाद फिर से सत्या देखने पर वह बहुत भावुक हो गए, क्योंकि उन्होंने इस बात पर विचार किया कि कैसे सत्या और रंगीला जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें भटका दिया, जिससे उनका रचनात्मक ध्यान भटक गया। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी सफलता के नशे में चूर हो गए और उन मूल सिद्धांतों को भूल गए, जिन्होंने उन्हें शुरू में यादगार फिल्में बनाने के लिए प्रेरित किया था।

छावा में महारानी येसूबाई बनीं हैं रश्मिका मंदाना

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर अपकमिंग फिल्म 'छावा' से अभिनेत्री का फर्स्ट लुक निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। पोस्टर में अभिनेत्री मराठा साम्राज्य की महारानी येसूबाई की भूमिका में हैं। मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रश्मिका मंदाना के फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हर महान राजा के पीछे ताकत से भरी रानी खड़ी होती है। महारानी येसूबाई के रूप में रश्मिका मंदाना का परिचय, स्वराज्य का गौरव है। पोस्टर में अभिनेत्री शाही अंदाज में दिखीं। लाल साड़ी, सोने के गहने, हरी चूड़ियों के साथ वह मराठी बिंदी में नजर आईं। पोस्टर को रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भी शेयर किया और बताया कि छावा का ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास 'छावा' पर बनी फिल्म में विक्की कौशल मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म में अक्षय खन्ना अहम भूमिका में दिखाई देंगे। आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, नील भूपालम, संतोष जुवेकर और प्रदीप रावत भी अहम भूमिकाओं में हैं। विक्की और रश्मिका स्टारर छावा 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म्स ने छावा का निर्माण किया है। संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है। सिनेमैटोग्राफी सौरभ गोस्वामी की है, जबकि मनीष प्रधान ने संपादन का काम संभाला है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री के पास सलमान खान स्टारर सिकंदर है, जिसका निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस ने किया है।